CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26° C
न्यूनतम : 12° C

देहरादून, शनिवार 29 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 112 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों: राष्ट्रपति पेज 2


मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा खेल टाइम्स


जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम सम्पादकीय


अमेरिका में अब इंडियन शब्द के इस्तेमाल पर रोक !, ट्रम्प का फिर विवादित बयान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### चार दिसम्बर को भारत आएंगे राष्ट्रपति पुतिन

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चार दिसम्बर को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। श्री पुतिन पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत यात्रा पर आ रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रूसी राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में भोज देंगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि श्री पुतिन चार से पांच दिसम्बर तक भारत यात्रा पर आ रहे हैं, जहां वह भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यात्रा के दौरान श्री पुतिन श्री मोदी के साथ बातचीत करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू श्री पुतिन की अगवानी करेंगी और उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी किया जाएगा। श्री पुतिन की यह यात्रा भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और विशेष तथा विशेषाधिकार रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का विज़न तय करने और परस्पर महत्व के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान- प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी।

### कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शीतकालीन सत्र से पहले संसद में पार्टी की रणनीति बनाने के लिए 30 नवम्बर को संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर 'संसदीय रणनीतिक समूह' की बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ राज्यसभा और लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार आ रहे बयानों, चीन के साथ बिजनेस समझौतों तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग करेगी। इसके अलावा मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को बड़ा मुद्दा बनाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने की भी तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक संसद सत्र में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली प्रदूषण पर भी दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस रणनीति समूह की बैठक में चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू हो रहा है, जो 19 दिसम्बर तक चलेगा।

### कपिल के कनाडा के कैफे में फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैप्स कैफे में हुई फायरिंग के आरोपी को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम बंधु मान सिंह सेखों है, जो गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लो गैंग का अहम हैंडलर बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पीएक्स-3 हाई-एंड पिस्टल (मेड इन चाइना) बरामद की है, जिसमें 8 जिंदा कारतूस भी मिले। पुलिस के मुताबिक सेखों के भारत में छिपे होने की सूचना मिली थी। सेखों पर आरोप है कि उसने फायरिंग की साजिश रची थी और शूटरों से लेकर लॉजिस्टिक सपोर्ट तक मुहैया कराया था।

# सहारनपुर: बेकाबू डम्पर कार पर पलटा, सात की मौत

## मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल

- शवों को बड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला
- भीड़ ने पांच घंटे तक सहारनपुर-देहरादून हाईवे पर लगाया जाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी**

**सहारनपुर।** गागलहेड़ी थाने के गांव सोना सैयद माजरा के पास टोल प्लाजा पर शुक्रवार सुबह ओवरब्रिज के अंडर पास में बजरी से भरा डम्पर बेकाबू होकर सामने से आ रही आई-20 कार पर पलट गया, जिससे कार सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

बड़ी मुश्किल से शवों को कार से निकाल कर जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पंचनामा भर कर सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर कमिश्नर डा. रूपेश कुमार, डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी घटना स्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। जिला अस्पताल पहुंचकर कमिश्नर एवं डीआईजी ने सभी शवों को देखा मृतकों के परिजनों को दिलासा दिया। उन्होंने वहां मौजूद मीडिया कर्मियों से कहा कि यह बहुत दुखद हादसा है और प्रशासन इसकी जांच कराएगा। उन्होंने बताया कि डम्पर के चालक को हिरासत में ले लिया गया है। जिला अस्पताल में मौजूद एसपी सिटी व्योम जिंदल और सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने बताया कि मृतकों में संदीप (25), रानी (55), जॉली (30), शेखर (35) दामाद, छांगामाजरी थाना भगवानपुर उत्तराखंड और 2 वर्षीय बालक अनिरुद्ध और विपिन निवासी ग्राम दौलतपुर थाना चिलकाना -**शेष पृष्ठ दो पर**

### बुलंदशहर में हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की मौत

**बुलंदशहर।** जिला में गुरुवार देर रात एक विवाह समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की गोली लगने से मृत्यु हो गई। यह घटना थाना चोला क्षेत्र के ग्राम खानपुर की है, जहां ककोड़ थाना क्षेत्र के अजय नगर निवासी शिवम की बारात आई हुई थी। समारोह के दौरान सुग्रीव नामक व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग की जा रही थी। इसी दौरान गोली भाजपा नेता धर्मेन्द्र भाटी की छाती में जा लगी। गंभीर रूप से घायल भाटी की नोएडा स्थित एक अस्पताल में मौत हो गई।

# अब आधार कार्ड से जन्म तिथि साबित नहीं होगी

## योगी सरकार का नया आदेश, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य वैध दस्तावेज होंगे अनिवार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्पष्ट किया है कि अब किसी भी सरकारी प्रक्रिया में आधार कार्ड को जन्मतिथि साबित करने के दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सरकार के इस आदेश के बाद अब नियुक्ति, प्रवेश, पेंशन, लाइसेंस सहित सभी ऐसे कार्यों में जहां जन्मतिथि का प्रमाण आवश्यक होता है, आधार कार्ड का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। शासन ने निर्देश जारी कर कहा है कि आधार में दर्ज जन्मतिथि अधिकतर स्थिति में स्वयं घोषित होती है और यह आधिकारिक अभिलेखों के आधार पर सत्यापित नहीं होती, इसलिए इसे जन्मतिथि के विश्वसनीय स्रोत के रूप में नहीं माना जा सकता। सरकार के आदेश के अनुसार अब जन्मतिथि साबित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र को प्राथमिक दस्तावेज माना जाएगा, जो नगर निगम, नगर निकाय अथवा ग्राम पंचायत में दर्ज जन्म पंजीकरण अभिलेखों से जारी होता है। इसके साथ ही हाईस्कूल की मार्कशीट या विद्यालय द्वारा जारी किया गया मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी जन्मतिथि के वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अस्पताल रिकॉर्ड या अन्य किसी सक्षम सरकारी -**शेष पृष्ठ दो पर**



- अधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश

### घर बैठे आधार में मोबाइल नंबर बदल सकेंगे

- एप पर ओटीपी और फेस आथेंटिकेशन से अपडेट होगा
- किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी

**मुंबई।** जल्द ही आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकेंगे। आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने नई डिजिटल सर्विस की घोषणा की है। इसके जरिये यूजर्स आधार एप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस आथेंटिकेशन से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर पाएंगे।

इस सर्विस से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग और सीनियर सिटिजन को आसानी होगी। यूआईडीएआई ने शुक्रवार को मोबाइल नंबर अपडेट करने वाली सर्विस के लॉन्च की घोषणा की। यूआईडीएआई के मुताबिक मोबाइल अपडेट करने की प्रोसेस काफी सिंपल रखा गया है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने बढ़ाई भारत की सैन्य रैंकिंग, मेजर पावर बना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य ताकत बना, लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे और पाकिस्तान 16वें नंबर पर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट ने शुक्रवार को बताया कि भारत अब एशिया पावर इंडेक्स-2025 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बन गया है। रैंकिंग में अमेरिका पहले और चीन दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक ये दर्जा तेज आर्थिक वृद्धि और बढ़ती सैन्य क्षमता के आधार पर मिला है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के प्रदर्शन ने भी डिफेंस रेटिंग बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

2024 में भारत 38.1 स्कोर के साथ मध्यम ताकत की श्रेणी में था। 2025 में स्कोर बढ़कर 40 पाइंट हो गया, जिसके बाद भारत बड़ी ताकत की श्रेणी में शामिल हो गया। लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान 14.5 प्वाइंट के साथ 16वें नंबर पर है। अमेरिका का कुल स्कोर 1.2 पाइंट घटा है। एशिया पावर इंडेक्स 27 देशों का 131 पैरामीटर्स पर मूल्यांकन करता है। इसमें संसाधन, अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव शामिल हैं। अमेरिका एशिया में न होते हुए भी अपने बड़े प्रभाव के कारण इसमें शामिल है। इंडेक्स के अनुसार भारत निवेश के लिए तेजी से आकर्षक बन रहा है। अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आता है और इस मामले में उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि कंपनियां अपनी सप्लाई चेन को चीन से बाहर फैलाना चाहती हैं। ऑपरेशन सिंदूर में मिले अनुभव ने रक्षा क्षमता की रेटिंग को और मजबूत किया है। भारत आर्थिक क्षमता में जापान को पीछे छोड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। भारत में विदेशी निवेश बढ़ा है, जिससे इकोनामिक रिलेशन इंडेक्स में यह 9वें स्थान पर पहुंचा। भारत की इकोनॉमी, कनेक्टिविटी, टेक्नोलॉजी और मिलिट्री क्षमता लगातार बेहतर हो रही है।

- ऑपरेशन सिंदूर बढ़ाने में अहम भूमि चीन को पीछे छोड़ा

# वायु प्रदूषण संकट पर संसद में चर्चा जरूरी: राहुल गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- कांग्रेस नेता ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुएपीएम मोदी से इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है और हर घर की अपने बच्चों लेकर यह बघी चिंता बन गई है, इसलिए देश के बच्चों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए उन्हें स्वच्छ हवा में सांस लेने का हक है और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि मैं जिस भी मां से मिलता हूं, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा ज़हरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। वे थके हुए, डरे हुए और गुस्से में हैं।

### व्यापक सुधार विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक जरूरत: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद सहित विभिन्न क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत बनाने के लिए सेनाओं सहित सभी संस्थाओं में व्यापक सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि ये विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। जब हम दुनिया के माहौल और अपने पड़ोस की असलियत को देखते हैं, तो एक बात बहुत साफ हो जाती है, हम भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पुरानी व्यवस्था पर भरोसा नहीं कर सकते।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता हुई और खराब



**नई दिल्ली।** दम घोंटने वाले धुआं और धूल (स्मॉग) के साथ राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को भी वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' स्तर का दर्ज किया गया और तड़के दृश्यता भी कम रही।

वायु गुणवत्ता संबंधी सूचनाओं से पता चला कि आज पूर्वाह्न 11 बजे शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 315 था, जो खतरनाक श्रेणी के अंतर्गत आता है। पीएम 2-5 (227) और पीएम10 (295) दर्ज की गई, जो सुरक्षित सीमा से कई गुना अधिक है। उच्च आर्द्रता (68 प्रतिशत), बादलों तथा हवा की कम गति की वजह से प्रदूषक जमीन से कुछ ही ऊपर बने रहे। आनंद विहार सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक था, जहां दिन की शुरुआत में निगरानी डेटा के अनुसार एक्यूआई 408 तक पहुंचने के कारण घना 'धूल और धुआं' छा गया। प्रदूषण की 'गंभीर' श्रेणी वाले कई प्रमुख इलाके अशोक नगर (417 एक्यूआई), बवाना (413), चांदनी चौक (408), जहांगीरपुरी (420), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (401), और बुराड़ी क्रॉसिंग (403) शामिल हैं।

### चुनाव आयोग से मिला टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची के एसआईआर के बीच यहां चुनाव आयोग के साथ मैराथन बैठक की और इस दौरान पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों की सुरक्षा का मुद्दा विशेष रूप से उठाया। डेरेक ओब्रायन ने नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की टीम ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों आयुक्तों डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जारी के साथ एसआईआर के साथ ही अन्य मुद्दों पर लंबी बातचीत की।

# जीडीपी वृद्धि दर रही दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- सेवा और विनिर्माण का जोरदार प्रदर्शन, वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही

**नई दिल्ली।** सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2025) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें सेवा क्षेत्र और विनिर्माण की वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही।

इस दौरान निजी खपत में तेजी दर्ज की गई, जबकि सरकारी खपत में एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में हल्की गिरावट रही। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दूसरी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान तिमाही के 44.94 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक है। यह जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के बाद सबसे तेज बढ़ोतरी है। इससे पहले, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही -अप्रैल-जून 2025 के दौरान जीडीपी 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आलोच्य तिमाही में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत और विनिर्माण क्षेत्र की 9.1 प्रतिशत दर्ज की गई। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल-सितम्बर 2025 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर आठ प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह 6.1 प्रतिशत और दूसरी छमाही में 6.9 प्रतिशत रही थी। विशेषज्ञों ने बताया कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की विकास दर देश की अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती को दिखाती है। उन्होंने कहा कि मांग की स्थिति मजबूत बनी हुई है। जीडीपी में तेज वृद्धि को पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारक द्वितीयक क्षेत्र का प्रदर्शन है, जिसमें विनिर्माण भी शामिल है।

# गरीबों के लिए आधी रात तक बैठ सकता हूं: सीजेआई

- जस्टिस सूर्यकांत बोले- मैं यहां सबसे छोटे व्यक्ति के लिए हूं, मेरी कोर्ट में लग्जरी केस नहीं

**नई दिल्ली।** सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि गरीबों को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, उनके लिए वे आधी रात तक कोर्ट में बैठ सकते हैं।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची के साथ बेंच में बैठे सीजेआई ने यह टिप्पणी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। उन्होंने कहा कि मेरी अदालत में कोई लग्जरी मुकदमेबाजी नहीं है। ऐसे मामले अमीर लोग ही लड़ते हैं। मैं आपको बता दूं, मैं यहां सबसे छोटे, सबसे गरीब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए हूं। अगर जरूरत पड़ी, तो मैं उनके लिए आधी रात तक यहां बैठूंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तेंदुए के लिए लगाए पिंजरे में दो घंटे तक फंसा रहा युवक

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के फखरपुर थाना क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक युवक के फंस जाने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में पिंजरे के अंदर घुसे युवक को लगभग दो घंटे बाद ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। घटना उमरी दहलो गांव की है, जहां प्रदीप (45) के घर से लगभग 500 मीटर दूर तेंदुए की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। दो दिन पहले इसी इलाके में तेंदुए के हमले में एक वृद्ध की मौत हो गई थी। तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक बकरी को चारे के रूप में बांधा गया था। गुरुवार रात करीब 10 बजे नशे में धुत प्रदीप पिजरे के पास पहुंचा और अंदर चला गया। जैसे ही वह भीतर गया, पिजरे का दरवाजा बंद हो गया। प्रदीप ने बाहर निकलने की काफी कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उसने मोबाइल फोन से ग्रामीणों को सूचना दी।

### लेखपाल की आत्महत्या से नाराज लेखपालों का धरना प्रदर्शन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या से क्षुब्ध प्रदेश भर के लेखपालों ने शुक्रवार को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसी में लेखपाल संघ के बैनर तले राजातालाब तहसील परिसर में बड़ी संख्या में लेखपालों ने धरना देकर जमकर नारेबाजी की। लेखपालों का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अत्यधिक कार्यभार और दबाव के कारण अधिकारियों ने सुधीर कुमार को अपनी शादी के लिए भी छुट्टी नहीं दी, जिससे मान. सिक रूप से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली।

# यूपी के लोगों को बिजली बिल के ब्याज पर 100 फीसदी छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उपभोक्ताओं को योगी सरकार ने दी बड़ी राहत

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत का ऐलान किया है। इसमें एक दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान में बिजली बिल के ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी, इसके साथ ही मूलधन में भी भारी छूट का प्रावधान किया गया है।

इसमें घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 2 किलोवाट और कमर्शियल उपभोक्ता 1 किलोवाट तक शामिल हैं। 90 दिन तक चलने वाली इस योजना में बिजली के बकाया बिल पर सरचार्ज पूरी तरह खत्म होने के साथ इसे आसान किश्तों में जमा किया जा सकेगा। इस योजना में घरेलू उपभोक्ता 2 केवी और दुकानदार 1केवी को उनके लंबित बिजली बकाया में विशेष छूट दी जाएगी। उपभोक्ता पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन पर 25 प्रतिशत तक की भारी छूट प्राप्त कर सकेंगे। छोटे-छोटे बकायों के निस्तारण हेतु उपभोक्ताओं को आसान मासिक किश्तों में भुगतान की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे बिना किसी दबाव के देय राशि का समायोजन कर सकें। प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए योजना बेहद राहत देने वाली है।

# उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए बोले मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए योगी सरकार कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के त्रिकोणीय मॉडल को मजबूती से आगे बढ़ा रही है। इसी कड़ी में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने ने कहा कि योगी सरकार एक ऐसा मॉडल विकसित कर रही है, जो उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के साथ युवाओं को आर्थिक स्थिरता देगा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय, अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण ही नहीं, युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित युवा शक्ति ही आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को मजबूत कर सकती है। इसके लिए सेवा मित्र पोर्टल को और उन्नत करने, अधिकाधिक आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के युवाओं को जोड़ने और व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया, ताकि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित समय में हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की रियल टाइम आउटकम ट्रैकिंग अत्यंत आवश्यक है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किस संस्थान से प्रशिक्षित युवक वर्तमान में कहां कार्यरत हैं, उनकी कौशल वृद्धि कितनी हुई है और किस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है। डेटा कैप्चर की गुणवत्ता सुधारने और इसे रियल टाइम सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सेवा प्रदाताओं और आईटीआई छात्रों का एकीकरण उद्योगों से सीधा संपर्क स्थापित करेगा और युवाओं को तत्काल रोजगार अवसर मिलेंगे।

### मुजफ्फरनगर के बच्चों की पूरी जिम्मेदारी मेरी: कपिल देव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने उन्नीसवीं नेशनल जम्बूरी में प्रतिभाग करने पहुंचे मुजफ्फरनगर जिले के स्काउट्स एवं गाइड्स दल का शुक्रवार को लखनऊ स्थित आवास पर आत्मीय स्वागत किया। मंत्री ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि ये बच्चे मुजफ्फरनगर के हैं, और इनकी पूरी जिम्मेदारी भी मेरी है। इनके ठहरने, भोजन, सुरक्षा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की निगरानी मैं स्वयं कर रहा हूं। मुजफ्फरनगर से आए स्काउट्स-गाइड्स का दल 22 नवम्बर से 30 नवम्बर तक मंत्री आवास पर ही ठहरा हुआ है। आवास, भोजन, परिवहन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था मंत्री अग्रवाल ने अपने प्रत्यक्ष निर्देशन में सुनिश्चित की है। बच्चों और प्रशिक्षकों ने मंत्री द्वारा किए गए इस विशेष सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्काउट्स- गाइड्स संगठन को देश का सबसे अनुशासित और संस्कारित युवाओं का समूह बताते हुए कहा कि योगी सरकार युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार मानती है।

## विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों

# वसुधैव कुटुम्बकम आज के समय प्रासंगिक:मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ध्यान ( योग )समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व. विद्यालय द्वारा लखनऊ में आयोजित 'विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान (योग)' के राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए कहा कि विश्वास का आधार शांत मन, स्वस्थ विचार और शुद्ध भावनाएं ही होती हैं। उन्होंने कहा कि जब मन स्थिर होता है, तब व्यक्ति समाज और दुनिया में शांति का माध्यम बनता है।

सशक्त आत्मा ही विश्व एकता की संकल्पना को साकार करने की आधारशिला रही है और यही एक बेहतर, शांतिपूर्ण विश्व का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन की शुरुआत 'ओम शांति' से करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का जो संदेश दिया है, वह आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। जब विश्व अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब 'सारा विश्व एक परिवार' का यह भाव मानवता को जोड़ने और सहअस्तित्व की नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ध्यान अभियान विश्व में एकता, करुणा और विश्वास की भावना को और प्रबल बनाएगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार समाज को अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और मूल्य-आधारित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। योग और ध्यान को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाना, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मूल्य-आधारित शिक्षा का समावेश इसी दिशा में उठाए गए सार्थक प्रयास हैं। उन्होंने मिशन लाइफ, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समावेश और पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को मानवता के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन तनाव, अविश्वास और एकाकीपन भी बढ़ा है। ऐसे समय में आत्मचितन, ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास अत्यंत आवश्यक हो उठते हैं। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजयोग ध्यान जीवन को संतुलित और उद्देश्यमय बनाता है। उन्होंने समाज में शांति और विश्वास की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सभी से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन कुछ समय आत्मिक अभ्यास और ध्यान के लिए अवश्य निकालें। उन्होंने ब्रह्मकुमारियों को कलश और भाइयों को संगठन की ध्वजा सौंपकर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया।

### महापौर ने सौंपी नगर की चाभी

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के लखनऊ आगमन पर शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा औपचारिक स्वागत एवं सम्मान के महत्वपूर्ण अवसर का साक्षी बना। राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए प्रदेश और नगर के शीर्ष जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ की गरिमामई परंपरा के अनुरूप राष्ट्रपति को नगर की चाभी भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। नगर की चाभी सौंपना लखनऊ की ओर से सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक माना जाता है। इस सम्मान को ग्रहण करते हुए राष्ट्रपति ने लखनऊवासियों के प्रति अपना स्नेह एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा बृजेश पाठक भी उपस्थित रहे।

# अमर सिंह की बेटियों पर टिप्पणी मामले में आजम खां को राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के महासचिव आजम खान अभी जेल में बंद है, इस बीच कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अमर सिंह की बेटियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बड़ी राहत दी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। 2018 में अमर सिंह ने अपनी बेटियों पर एसिड अटैक की धमकी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

राज्यसभा सदस्य रहे अमर सिंह का निधन हो चुका है। उन्होंने आजम खान के विवादित बयान पर लखनऊ के गोमत. ीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। रामपुर कोर्ट ने मामले में आजम खान को जेल से पेश होने के आदेश दिए थे। पुलिस की कैदी गाड़ी रामपुर जेल लेने गई थी, लेकिन वह तबियत का हवाला देते नहीं बैठें। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। आजम खान ने जौहर यूनिवर्सिटी में एक निजी चैनल को दिए इंटर्व्यू में विवादित बयान दिया था। इस पर उस समय खूब हंगामा मचा था, अमर सिंह ने इसके लेकर दिल्ली से लखनऊ तक विरोध प्रदर्शन किया था। आजम के खिलाफ आईपीसी की धारा 153।, 295। और 506 के तहत कार्रवाई हुई थी। अमर सिंह ने शिकायत में अपनी बेटियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए न्याय की मांग की थी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी। मंगलवार को कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश को रिजर्व रख लिया था। आज कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आजम खान को बरी कर दिया।



सेंसेक्स 85700.29
निफ्टी 26200.60



सोना रु. 127890
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 173100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी थमी, मामूली गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



निजी बैंकों, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। दोपहर बाद तक तेजी में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.71 अंक (0.02 प्रतिशत) टूटकर 85,700.29 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई का निफ्टी.50 सूचकांक भी 14.95 अंक यानी 0. 06 प्रतिशत की गिरावट में 26,200.60 अंक पर रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को 14 महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.21 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत फिसल गया। एनएसई में कुल 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,527 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,555 के शेयर गिर गए। अन्य 105 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। ऑटो, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों और सार्वजनिक बैंकों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, तेल एवं गैस, निजी बैंकों, रियलिटी और वित्तीय क्षेत्रों पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.07 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सनफार्मा में 1.20 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, हिदुस्तान यूनीलिवर और अडानी पोर्ट्स के शेयरों में भी तेजी रही। पावरग्रिड का शेयर सबसे ज्यादा 1.39 फीसदी लुढ़क गया। इटरनल में 0.83 फीसदी, भारती एयरटेल में 0.70 और एक्सिस बैंक में 0.55 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, ट्रेंट, बीईएल, एलएंडटी और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगक. ांग का हैंगसेंग 0.34 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ।

# सोने के दाम में गिरावट चांदी में तेजी बरकरार

**नई दिल्ली।** देश में शुक्रवार सुबह सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव गिरकर 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। दूसरे शहरों में भी कीमत लुढ़की है। प्रॉफिट बुकिंग, कमजोर वैश्विक रुख और घरेलू स्तर पर कम खरीद की वजह से सोने की कीमतों को झटका लगा। वैश्विक बाजार में सोने का हाजिर भाव गिरकर 4,158.38 डॉलर प्रति औंस रह गया। सोने से उलट चांदी की कीमत में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को चांदी का भाव 173100 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। अमेरिकी बिजनेसमैन और किताब 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी का अनुमान है कि चांदी जल्द ही 70 डक्लर और शायद 2026 में 200 डक्लर प्रति औंस तक पहुंच जाएगी। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट का भाव 117240 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इस बीच यह उम्मीद बनी हुई है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व दिसंबर की मीटिंग में ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है। अगर फेड की ओर से ब्याज दर में और कमी की जाती है, तो सोने की कीमत में तेजी आ सकती है। रेट कट से बॉन्ड कम आकर्षक हो जाते हैं और निवेशक सोने-चांदी जैसे सेफ एसेट्स में निवेश बढ़ाते हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.472 अरब डॉलर घटकर 688.104 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.69 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 560.60 अरब डॉलर रह गया। इसमें डॉलर के अलावा जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं, जिनका मूल्य उनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है। स्वर्ण भंडार 2.675 अरब डॉलर घटकर 104.182 अरब डॉलर पर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की आरक्षित निधि 2.3 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 8.4 अरब डॉलर घटकर क्रमश: 4.757 अरब डॉलर और 18.566 अरब डॉलर पर आ गया। पिछले कुछ समय से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के आसपास बना हुआ है। देश की आर्थिक मजबूती को दिखाता है और रिजर्व बैंक की जरूरत पड़ने पर रुपये को समर्थन देने की गुंजा. इश को बढ़ाता है।

### औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े एक दिसम्बर को आएंगे

**नई दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अक्टूबर के आंकड़े अब 1 दिसम्बर को जारी होंगे। पहले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर) के आंकड़े और आईआईपी के अक्टूबर के आंकड़े 28 नवम्बर को एक ही दिन जारी होने थे। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि जीडीपी के आंकड़े आज जारी होने के कारण आईआईपी के आंकड़ों का प्रकाशन टाल दिया गया है। अब ये आंकड़े 1 दिसम्बर को जारी किए जाएंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सहारनपुर: डम्पर...**

सहारनपुर और उमेश सिंह (52) निवासी मो. हद्दीपुर रावली हरिद्वार उत्तराखंड शामिल है। जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुई आई-20 कार को संदीप सिंह चला रहा था। घटनास्थल पर सांसद इमरान मसूद, पूर्व मंत्री डा. धर्म सिंह सैनी, एमएलसी शाहनवाज खान, विधायक आशु मलिक और पूर्व विधायक जगपाल सिंह आदि ने जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी से मांग की कि मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा दिया जाए। डीएम मनीष बंसल ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख का मुआवजा देने की घोषणा की। पांच घंटे के सड़क जाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई, पुलिस प्रशासन ने कई वाहनों को मार्ग बदलकर निकलवाया। डीएम, एसएसपी ने जाम खुलवाने के बहुत प्रयास किए, लेकिन गुस्साई भीड़ कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं थी। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर जाम खुलवाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने लोग सहारनपुर जिले के नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव मोहद्दीपुर फन्दपुरी में अपनी रिश्तेदारी में हुई मौत में शोक जताने के लिए जा रहे थे कि सहारनपुर जनपद के थाना गागलहेड़ी के इस दर्दनाक हादसे में इन सभी की जान चली गई। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्यों और उनके दो निकट सम्बन्धियों की मौत हो गई।

**अब आधार...**

विभाग द्वारा जारी दस्तावेज भी परिस्थितियों के अनुसार मान्य माने जाएंगे। शासन स्तर पर यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि विभिन्न विभागों में दस्तावेज सत्यापन के दौरान हो रही भ्रांतियों, फर्जीवाड़े और स्वघोषित जन्मतिथि के आधार पर बन चुके आधार कार्ड के उपयोग से उत्पन्न विवादों को समाप्त किया जा सके। कई मामलों में पाया गया कि आधार बनवाते समय लाभार्थी स्वयं जन्मतिथि अंकित कर देते हैं, जिससे आधिकारिक रिकॉर्ड और आधार में दर्ज तिथि में असंगति सामने आती है। सरकार का कहना है कि जन्मतिथि जैसे महत्वपूर्ण अभिलेख केवल उन दस्तावेज़ों के आधार पर ही स्वीकार किए जाने चाहिए जिनका स्रोत सरकारी पंजीकरण या मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थान हों। इस नए आदेश के लागू होने के बाद अब राज्य के सभी विभागों में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया अधिक स्पष्ट और विश्वसनीय मानी जा रही है। शासन ने विभागों को यह भी निर्देशित किया है कि भविष्य में किसी भी अभ्यर्थी के दस्तावेज़ों की जांच करते समय आधार कार्ड को जन्मतिथि से संबंधित प्रमाण के रूप में कतई न माना जाए, बल्कि केवल वैध प्रमाणपत्रों के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाए। सरकार का यह कदम प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आधिकारिक अभिलेखों की विश्वसनीयता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को कहा कि व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है।

गोयल यहां उद्योग मंडल फिक्की की 98वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वाणिज्य मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है। हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है, जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं। उन्होंने व्यापार समझौतों को लेकर सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब विकसित देशों के साथ एफटीए पर काम कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरा. ेपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं। मारीशस के साथ विस्तृत आर्थिक भागीदारी का समझौता किया गया है।

### पचास देशों के साथ एफटीए पर बात कर रहा है भारत: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत मौजूदा समय में 14 देशों और देश के समूह के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर बात कर रहा है जिसमें कुल 50 देश शामिल हैं। गोयल ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में हमने देखा है कि किस तरह से व्यापार को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। इस दौरान हमने दुनिया में विश्वसनीय सहयोगियों की जरूरत को भी महसूस किया है और यह समझा है कि हमें उन देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जो निष्पक्ष व्यापार और समान अवसर में विश्वास करते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन का देहरादून में आगाज

# युवा वर्तमान का ध्वजवाहक व भविष्य का आधार स्तंभ : सोमनाथ

■ परेड ग्राउंड में 3 दिन तक चलेगा अधिवेशन देश के कोने-कोने से प्रतिनिधि ले रहे भाग




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को देहरादून के परेड ग्राउंड में अस्थाई रूप से बसाए गए श्भगवान बिरसा मुंडा नगर श के श्जनरल विपिन रावत सभागारश में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डा.. एस सोमनाथ ने किया।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डा. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने विगत वर्ष का वृत्त प्रस्तुत करते हुए यह आंकड़ा रखा कि अभाविप ने इस वर्ष सदस्यता के सभी पुराने आंकड़ों को पीछे छोड़ 76,98,448 विद्यार्थियों की सदस्यता की है। अभाविप की 77 वर्ष की संगठनात्मक यात्रा में यह संख्या सर्वाधिक है। उद्घाटन सत्र के बाद "युवा भारत का आह्वान" विषयक भाषण सत्र का आयोजन हुआ, जिसमे बतौर वक्ता अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान रहे एवं इसी भाषण विषय पर समानांतर सत्रों में चर्चा भी की गई।

अभाविप के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि, प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक एवं पूर्व इसरो अध्यक्ष डा. एस. सोमनाथ ने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को इस भव्य अधिवेशन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा, "किसी भी राष्ट्र का उत्थान तभी संभव है, जब उसकी युवा पीढ़ी ज्ञान, तकनीक और निडर शक्ति से सम्पन्न हो। आज के युवाओं को देखकर हर्ष होता है ,क्योंकि प्रत्येक युवा न केवल वर्तमान का ध्वजवाहक है, बल्कि भविष्य का आधारस्तंभ भी है। यह एक आंदोलन है, एक मिशन है और इसी महत्वपूर्ण परिस्थिति में अभाविप उभरकर सामने आती है। युवा का संकल्प ही राष्ट्र का स्वरूप गढ़ता है। अभाविप ने सदैव भारत की राष्ट्रीय नीतियों को संरक्षित किया है। उसका मार्गदर्शक सिद्धांत 'चरैवेति-चरैवेति' उसे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हम एक ऐसी वैश्विक तकनीकी शक्ति हैं, जिसकी सभ्यता अपनी संस्कृति में गहराई से निहित है। आज विश्व कह रहा है कि भारत 21वीं सदी का नेतृत्व कर रहा है और हम कह रहे हैं कि हमारा समय आ गया है। भारत की 25 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या युवा है, यह हमारे लिए एक सांस्कृतिक वरदान है। जब युवा दृढ़ होकर खड़े होते हैं, तो इतिहास की दिशा बदल जाती है। आप वही पीढ़ी हैं, जो भारत का भविष्य लिखेगी। हमारे यहां विज्ञान और अध्यात्म साथ-साथ चलते हैं ज्ञान, संस्कार और सेवा के आधार पर। भारत एक है, और इसे एक रूप में बनाए रखना युवाओं की जिम्मेदारी है। एबीवीपी ने यह सिद्ध किया है कि सच्चा नेतृत्व सेवा में निहित होता है। जब हर हाथ में हुनर होगा, हर मन में विश्वास होगा और हर दिल में भारत होगा, वास्तविकता में वही विकसित भारत होगा।ष्इस अवसर पर अभाविप के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. (डा.) रघुराज किशोर तिवारी, पुनर्निर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री डा. वीरेंद्र सिंह सोलंकी, अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा, अभाविप राष्ट्रीय अधिवेशन की स्वागत समिति अध्यक्ष एवं ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डा. कमल घनशाला, स्वागत समिति महामंत्री एवं उत्तराखण्ड जलागम परिषद के उपाध्यक्ष रमेश गाड़िया, उत्तराखण्ड अभाविप प्रांत अध्यक्ष डा. जे.पी. भट्ट एवं उत्तराखण्ड अभाविप प्रांत मंत्री ऋषभ रावत मंच पर उपस्थित रहे।

### अभाविप है विश्व का सबसे बड़ा विद्यार्थी संगठन:तिवारी

देहरादून।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. (डा.) रघुराज किशोर तिवारी ने अधिवेशन में आए सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा, "अभाविप विश्व का सबसे बड़ा विद्यार्थी संगठन है, यह गौरव हम सभी को मिला है। भारत में युवाओं को कर्तव्यपथ पर ले जाने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, ऐसे ही भूमिका अभाविप के शिल्पकार रहे यशवंतराव केलकर ने निभाई है। आज अभाविप की स्वीकार्यता समाज में अपनी विशिष्ट और विशेष कार्यपद्धति के चलते बड़ी है, यह हर्ष का विषय है। आज युवा पीढ़ी के समक्ष हम रोल मॉडल बनकर उभरे हैं, अभाविप के कार्यकर्ता इस क्रम में निरन्तर आगे बढ़ते जाएंगे।"

## सीएम ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर किया रक्षा मंत्री राजनाथ का स्वागत



देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सीएम व डीजी सूचना ने वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध के निधन पर जताया शोक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध निझावन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएँ प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध निझावन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और परिजनों के प्रति संवे. दनाएँ प्रकट की हैं।

## आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण कार्यों को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : जोशी

■ कैबिनेट मंत्री ने की मसूरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और क्षेत्र में आपदा के पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में मसूरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और क्षेत्र में आपदा के पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, जल संस्थान, पेयजल निगम, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई तथा जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल, सीवर लाइन, सड़क मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य, आंतरिक मार्ग, विद्यालय, पंचायत भवन आदि से संबंधित प्रस्तावों को आपदा मद में तैयार कर शीघ्र स्वीकृति हेतु भेजा जाए, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द पुनर्निर्माण कार्य शुरू किए जा सकें।

कैबिनेट मंत्री ने लोक निर्माण विभाग व पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि सेरकी सिल्ला, भैंसवाड़ गांव, छमरौली, घंतूकासेरा, क्यारा, सिमयारी, सरखेत, भैंकलीखाला, क्याराख्रधनोल्टी मार्ग, फुलेत, सरोना, कार्लीगाड़, लो. हारीगढ़ सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण एवं मरम्मत संबंधी सभी इस्टीमेट और शासन से जुड़े कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा में कार्यों को धरातल पर उतारना विभागों की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मंत्री जोशी ने सम्बंधित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुनर्निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई आर. एस.गुसाई, सहायक अभियंता सिंचाई एस.सी तिवारी, सहायक अभियंता जल संस्थान विवेक कुमार, अपर सहायक अभियंता लघु सिंचाई संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## पीआरडी स्वयंसेवकों को अब मिलेगा 2500 वर्दी भत्ता : रेखा आर्या

■ कहा - वर्दी भत्ते में यह वृद्धि उनके समर्पण और सेवा को सम्मान देने का प्रयास



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रान्तीय रक्षक एवं विकास दल (पीआरडी) स्वयंसेवकों के लिए वर्दी भत्ते में वृद्धि की गयी है। अब वर्दी भत्ते के लिए हर 2 साल में 1500 के बजाय 2500 दिए जाएंगे। सर्दी और गर्मी के अलग-अलग यूनिफॉर्म सेट भी तय कर दिए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पीआरडी स्वयंसेवकों के हित के लिए लगातार काम कर रही है। वर्दी भत्ते में यह वृद्धि उनके समर्पण और सेवा को सम्मान देने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा समेत विभिन्न अवसरों पर पीआरडी स्वयंसेवकों ने शानदार काम किया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए पिछले दिनों उन्होंने पीआरडी जवानों के वर्दी भत्ते को बढ़ाने के निर्देश दिए थे।

यह वर्दी भत्ता 42 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण के बाद तथा प्रत्येक दो वर्ष बाद दिया जाएगा, जिसमें सामान्य वर्दी के विभिन्न आइटम और गर्म वर्दी के लिए अंगोरा कमीज-पैंट, ऊनी जर्सी और फर वाली जैकेट शामिल हैं।यह सुविधा सिर्फ शांति-सुरक्षा कार्यों में तैनात स्वयंसेवकों को जिला युवा कल्याण एवं पीआरडी अधिकारियों की संस्तुति पर मिलेगी।

## स्वास्थ्य विभाग में एएनएम व एमपीडब्ल्यू के 48 पद सृजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत एएनएम व एमपीडब्ल्यू के 24-24 पदों के सृजन को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अनुमोदन दे दिया है। प्रदेशभर के विभिन्न स्वास्थ्य उपकेन्द्रों व एएनएम सेंटरों के लिये इन पदों के सृजित होने से वहां एएनएम व एमपीडब्ल्यू की तैनाती की जायेगी जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा साथ ही टीकाकरण अभियान को भी मजबूती मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत एएनएम व एमपीडब्ल्यू के 24-24 पद सृजित कर दिये हैं। इन पदों पर शीघ्र ही तैनाती की जायेगी। इससे आमजन को प्राथमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल सहित टीकाकरण में उल्लेखनीय सुधार होगा। -

**डॉ. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखंड।**



सूबे में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तारीकरण को लेकर राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है, ताकि आम लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में सरकार ने राज्य के विभिन्न 9 जनपदों में पूर्व से स्थापित 15 व नवीन प्रस्तावित 8 स्वास्थ्य उप केन्द्रों के लिये एएनएम व एमपीडब्ल्यू के 23-23 पद सृजित कर दिये हैं। इसके अलावा जनपद उत्तरकाशी के नौगांव विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कंसेरू में स्वास्थ्य उपकेन्द्र कंसेरू में आईपीएचएस मानकों के तहत एएनएम व एमपीडब्ल्यू के 1-1 पद स्वीकृत किये हैं। इन सभी 48 पदों के सृजन को विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अनुमोदन दे दिया है। इनमें से एमपीडब्ल्यू के 24 पद आउटसोर्स के तहत स्वीकृत हैं। जबकि एएनएम के पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरा जायेगा। स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर आमजनमान को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो इसके लिये राज्य सरकार द्वारा एएनएम के रिक्त पदों पर लगातार भर्ती कर रही है। इसके साथ ही एएनएम के इन नवसृजित पदों पर भी शीघ्र तैनाती की जायेगी। जिससे स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगी, इसके अलावा गर्भवती महिलाओं व शिशुओं के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल हो सकेगी। साथ ही प्रदेश में टीकाकारण अभियान को भी और मजबूती मिल सकेगी।

## मतदाताओं तक अपनी पंहुच सुनिश्चित करें अधिकारी: पुरुषोत्तम



■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली सभी जनपदों की समीक्षा बैठक -जिला और विधानसभा स्तर पर राजनैतिक दलों से हर 15 दिनों में करें बैठक,पूरे प्रदेश में किया जाए बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों,बीएलए की नियुक्ति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी,ईआरओ और बीएलओ मतदाताओं के बीच अपनी पहुच सुनिश्चि करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर एक हेल्प डेस्क का गठन किया जाए ताकि जो लोग उत्तराखण्ड के 2003 की सूची में अपनी जानक. ारी प्राप्त करना चाहते हैं , उन्हें मदद मिल सके।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जो मतदाता वर्तमान में दूसरे स्थानों पर शिफ्ट हो गए हैं उनसे बीएलओ व्यग्तिगत रुप से संपर्क कर उन्हें चिह्नित करें। उन्होंने कहा कि इस पूरी तैयारी का उद्देश्य यह है कि मतदाताओं को एसआईआर के समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप "बैग" का गठन करने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से शामिल रहे।

## मीडिया से बेहतर समन्वय बनाएं डीआईओ : तिवारी



■ जिला स्तर पर मीडिया से समन्वय को करें और अधिक मजबूत : तिवारी

महानिदेशक सूचना ने विभागीय अधिकारियों और जिला सूचना अधिकारियों के साथ की बैठक,पत्रकारों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के भी दिए निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने जिला सूचना अधिकारियों को सरकार की जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रभावी संचार रणनीति बनाकर पेशेवर दक्षता के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मीडिया से बेहतर समन्वय बनाए रखने और पत्रकारों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के भी निर्देश दिए।

सूचना निदेशालय में आयोजित बैठक में महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार को सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी और कर्मचारी समन्वित रूप से कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं से संबंधित सभी सूचनाएँ स्पष्ट, सटीक और समय पर जनता तक पहुँचें। उन्होंने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया के माध्यम से सरकारी कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुँचाई जाय। सरकारी योजनाओं से जुड़ी सक्सेस स्टोरीज और रोचक लेखों का नियमित रूप से प्रकाशन सुनिश्चित किया जाय। विभागीय सोशल मीडिया पेजों पर प्रकाशित की जाने वाली सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक, संतुलित और सकारात्मक हो तथा किसी भी अपुष्ट जानकारी के प्रसारण से पूरी तरह बचा जाए।बैठक में सूचना महानिद. ेशक ने यह भी कहा कि जिला सूचना कार्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए जिला स्तर पर मीडिया से समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिला सूचना अधिकारी सभी सरकारी कार्यक्रमों और जनहितकारी गतिविधियों की समयबद्ध कवरेज सुनिश्चित करें तथा स्थानीय स्तर पर सकारात्मक संचार वातावरण तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। आपदा सहित अन्य महत्वपूर्ण की घटनाओं की कवरेज की व्यवस्थाओं के संबंध में एसओपी तैयार की जाय। प्रेस सेवा पोर्टल एवं फिल्म शूटिंग की अनुमति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम से संबंधित कार्य भी समयबद्ध ढंग से संपादित किए जांय।सूचना महानिद. ेशक तिवारी ने कहा कि नए दौर की संचार आवश्यकताओं के अनुरूप विभागीय कार्यों की दक्षता बढाने के लिए आवश्यक सुविधाओं से लैस करने के साथ ही विभाग को सशक्त बनाने के लिए भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। विभागीय पुनर्गठन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। खाली पदों को भरने के लिए अधियाचन भेजा गया है। उन्होंने जिला सूचना कार्यालयों के कार्यों की प्रगति एवं व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी लेते हुए कहा कि कार्यालयों को शासकीय कार्यों के संपादन के लिए बजट की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने जिला सूचना कार्यालयों के भवन निर्माण के लिए भूमि तलाश करने के भी निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त निदेशक के.एस. चौहान, डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ वित्त अधिकारी शशि सिंह, उप निद. ेशक रवि बिजारनियां, मनोज श्रीवास्तव, सहित जिला सूचना अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## अवैध प्लाटिंग व निर्माण पर चला एमडीडीए का बुलडोजर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अवैध निर्माण, गैरकानूनी प्लाटिंग और बिना स्वीकृत मानचित्र के बनाए जा रहे आवासीय व व्यावसायिक ढांचों के खिलाफ शुक्रवार को व्यापक अभियान चलाया। मसूरी, विकासनगर, सेरपुर और देहरादून के विभिन्न इलाकों में एमडीडीए की टीमों ने अवैध निर्माणों को सील किया और कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

एमडीडीए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और बिना अनुमति की प्लाटिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज की कार्रवाई उसी सख्ती का हिस्सा है, जिसे लागू करने के लिए प्राधिकरण लगातार अभियान चला रहा है।एमडीडीए ने दोहराया कि अवैध प्लाटिंग और निर्माण पर अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही, प्राधिकरण ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की संपत्ति खरीदने से पहले उसकी विधिक स्थिति अवश्य जानने की अपील की है ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी कार्रवाइयों के दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता नितेश राणा, अवर अभियंता अमन पाल, ललित सिंह और संबंधित सुपरवाइजर मौके पर उपस्थित रहे।

प्राधिकरण की स्वीकृति के बिना किसी प्रकार की प्लाटिंग, कॉलोनी या निर्माण वैध नहीं माना जाएगा। जनता से अपील है कि किसी भी संपत्ति में निवेश से पहले उसकी कानूनी स्थिति अवश्य जांचें। एमडीडीए नियमों का पालन सुनिश्चित करने और अवैध निर्माण रोकने के लिए निरंतर अभियान चला रहा है।

**मोहन सिंह बर्निया सचिव एमडीडीए**



एमडीडीए प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना मानचित्र स्वीकृति किए जा रहे सभी आवासीय व व्यावसायिक निर्माणों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आज की कार्रवाई यह स्पष्ट संदेश है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तुरंत और सख्त कदम उठाए जाएंगे। सुव्यवस्थित और नियोजित विकास के लिए एमडीडीए अपनी कार्रवाई आगे भी जारी रखेगा।

**बंशीधर तिवारी , उपाध्यक्ष एमडीडीए**

### कैम्पटी मसूरी रोड पर अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

पहली कार्रवाई कैम्पटी मसूरी रोड पर खुशहाल सिंह द्वारा किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण पर की गई। बिना मानचित्र स्वीकृति किए जा रहे इस निर्माण को टीम ने मौके पर सील कर दिया। कार्रवाई में अवर अभियंता अनुराग नौटियाल और सुपरवाइजर मौजूद रहे।टीम ने स्पष्ट किया कि बिना एमडीडीए स्वीकृति किसी भी प्रकार का व्यावसायिक ढांचा खड़ा करना नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

### हर्बटपुर में 20 बीघा की अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

दूसरी कार्रवाई हर्बटपुर में हुई, जहां लखन सिंह और जगवीर सिंह द्वारा विवेक. ानंद अस्पताल के निकट लगभग 20 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। एमडीडीए की टीम ने पूरी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।

### कल्याणपुर पोंटा रोड में 15-20 बीघा की अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

तीसरी कार्रवाई कल्याणपुर पोंटा रोड क्षेत्र में प्रवीन बंसल द्वारा लगभग 15 से 20 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग पर की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की व आसपास के क्षेत्र में भी निरीक्षण किया।

### सेरपुर–सेलाकुई में 30 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

चौथी कार्रवाई सेरपुर, सेलाकुई क्षेत्र में जब्बार अली द्वारा लगभग 30 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर हुई। एमडीडीए टीम ने पूरे क्षेत्र को चिन्हित कर बुलडोजर से ध्वस्त कराया। यह इलाका तेजी से विकसित हो रहा है, लेकिन अवैध कॉलोनियों के बढ़ते प्रसार को देखते हुए एमडीडीए ने इसे निगरानी में रखा हुआ है।

## सीबीआई ने पेपर लीक मामले में असिस्टेंट प्रोफेसर को किया गिरफ्तार

■ आरोपी को मेडिकल जांच के बाद किया जाएगा कोर्ट में पेश, असिस्टेंट प्रोफेसर ने कथित तौर पर आरोपी प्राइवेट व्यक्ति को उसकी बहन के जरिए मिले प्रश्न पत्र का कुछ हिस्सा हल करने में की थी मदद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को शहीद श्रीमती हंसा धनाई राजकीय महाविद्यालय, अगरोरा (धार मंडल), टिहरी गढ़वाल की सुमन नाम की एक असिस्टेंट प्रोफेसर को उत्तराखंड ग्रेजुएट लेवल परीक्षा पेपर लीक मामले में दो अन्य आरोपी प्राइवेट व्यक्तियों के साथ साजिश का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए प्राइवेट व्यक्तियों के नाम मोहम्मद खालिद और उसकी बहन सबीहा हैं।

पूर्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा ट्रांसफर किए जाने पर सीबीआई ने यह मामला अपने हाथ में ले लिया था। सीबीआई ने आरोपी प्राइवेट व्यक्ति और उसकी बहन को पुलिस हिरासत में लिया था और विस्तार में जांच की थी। पुलिस हिरासत में आरोपी और उसकी बहन की पूरी जांच और मोबाइल फोन और दूसरे सबूतों की जांच के बाद, असिस्टेंट प्रोफेसर की भूमिका जाँच के घेरे में आई। इसलिए, असिस्टेंट प्रोफेसर को 28 नवंबर को गिरफ्तार किया गया है और आरोपी को मेडिकल जांच के बाद तय कोर्ट में पेश किया जाएगा।अब तक की जांच से पता चला है कि प्रोफेसर ने परीक्षा के दौरान अपनी बहन के जरिए मिले प्रश्न पत्र के कुछ हिस्से को हल करने में आरोपी प्राइवेट व्यक्ति की मदद की थी और उत्तर को परीक्षा में बैठे आरोपी प्राइवेट व्यक्ति को भेजा था।

# समय पर पूरा हो जमरानी बांध

## सांसद अजय भट्ट ने की प्रगति की समीक्षा, मुआवजा तुरंत देने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सांसद अजय भट्ट ने देर शाम सर्किट हाउस सभागार में जमरानी बांध परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि यह जनहित से जुड़ी महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।



सांसद भट्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी को सहन नहीं किया जाएगा, और यदि परियोजना में कोई भी पिछड़ाव देखा जाता है, तो संबंधित कंपनी पर नियमानुसार पेनाल्टी लगाई जाएगी। सांसद ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुद्दों की भी समीक्षा की और निर्देश दिया कि मुआवजा प्राप्त करने वाले सभी प्रभावितों को तुरंत भुगतान किया जाए। साथ ही, जो मुआवजा धारक उपलब्ध नहीं हैं या जिनका भुगतान लंबित है, उनके मुआवजे को सुरक्षित रूप से रखा जाए ताकि वे उपलब्ध होने पर शीघ्रता से भुगतान किया जा सके। उन्होंने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखने, परियोजना के सभी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग का भी निर्देश दिया। बैठक में महाप्रबंधक महेश कुमार खरे ने परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डाइवर्जन टनलों का कार्य प्रगति पर है और गौलानदी में 26 मीटर तथा 9 मीटर ऊंचे कॉफर डैम का निर्माण भी शुरू हो चुका है। डाइवर्जन कार्य जून 2026 तक पूरा हो जाएगा, जिससे आगामी मानसून में नदी का सम्पूर्ण बहाव डाइवर्जन टनल के माध्यम से निकाला जा सकेगा। इसके अलावा, नहरों के पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार का कार्य भी प्रगति पर है। अब तक 8 किलोमीटर नहरों का कार्य पूरा हो चुका है, और जुलाई 2027 तक नहरों का पुनर्निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि परियोजना के डूब क्षेत्र में 1297 प्रभावितों में से 1100 को लगभग 406 करोड़ रुपये का मुआवजा वितरित किया जा चुका है। प्रभावितों के पुनर्वास के लिए प्राग फार्म में कालोनी विकसित की जा रही है, जिसका कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। बैठक में एसडीएम शैलेन्द्र सिंह नेगी, उप महाप्रबंधक पीआईयू ललित कुमार, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, परियोजना प्रबंधक अजय पंत, शाह नवाज, उपराजस्व अधिकारी चंद्र शेखर, सहायक परियोजना प्रबंधक संजय तिवारी और इमरान मौजूद रहे।

# विकास के नए आयाम छू रहा प्रदेश: जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के नए आयाम छू रहा है और वर्तमान समय उत्तराखंड का स्वर्णिम दौर बन गया है। जमरानी बांध, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल, और हल्द्वानी रिंग रोड जैसी तमाम महत्वपूर्ण परियोजनाएं गति पकड़ चुकी हैं। इस वर्ष चारधाम यात्रा में 51 लाख श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड संख्या पर्यटन विकास का बड़ा संकेत है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं के प्रमुख धार्मिक स्थलों में व्यापक कार्य हो रहे है। यह बात हल्द्वानी पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कही। शुक्रवार को भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।




जिसके बाद प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों का तेजी से विस्तार हो रहा है और अटल उत्कृष्ट विद्यालयों के माध्यम से सीबीएसई पैटर्न पर अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज, भारत माला परियोजना और उड़ान योजना से दूरस्थ इलाकों को बेहतर संपर्क सुविधा मिली है। सरकार ने 26 हजार युवाओं को नौकरी दी है और इन्वेस्टर्स मीट में हुए एमओयू में से 1 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर उतर चुका हैं। भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई में 200 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी जेल भेजे गए है। जोशी ने बताया कि यह सब योजनाएं व उपलब्धियां उत्तराखंड की डबल इंजन सरकार की उत्तराखंड राज्य को विकसित आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसी के परिणाम स्वरूप नीति आयोग के अंतर्गत राज्यों की सतत विकास लक्ष्य रैकिंग में उत्तराखंड राज्य ने स पूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, विनीत अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, प्रताप रैक्वाल, रत्नेश साह, मधुकर श्रोत्रिय, दलीप नेगी मौजूद थे।

# 114 पाउच के साथ दो शराब तस्कर गिरफ्तार


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कालाढूंगी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 114 पाउच कच्ची शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार की रात्रि कालाढूंगी थानाध्यक्ष अरूण कुमार सैनी के नेतृत्व में एसआई जयवीर सिंह व एसआई तनवीर आलम मय टीम के साथ अलग-अलग क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के लिए चैकिंग अभियान चला रखा था। इस दौरान पुलिस ने कालाढूंगी कमोला कालोनी के पास से बलविन्दा उर्फ कल्ली पुत्र स्व. पुन्नूराम निवासी नवाड धमोला कालाढूगी को 62 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जबकि दूसरी टीम ने जीआईसी कालेज कालाढूगी के मैदान के पास स्थिल जंगल से देशा मसीह पुत्र प्रीतम मसीह निवासी ग्राम बच्चीपुर धमोला कालाढूगी को 52 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनो तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में एसआई जयवीर सिंह, एसआई तनवीर आलम, कांस्टेबल मिथुन कुमार, विरेन्द्र सिंह राणा, अमनदीप सिंह, मोहन चन्द्र जोशी मौजूद रहे।

# कामरेड राजा बहुगुणा का देहांत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के अध्यक्ष और उत्तराखंड के प्रतिष्ठित नेता, कामरेड राजा बहुगुणा का दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 2023 से लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। उनका निधन पार्टी और उनके समर्थकों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। कामरेड राजा बहुगुणा का जीवन मेहनतकश जनता के संघर्षों के प्रति अडिग समर्पण का प्रतीक था। 16 अप्रैल 1957 को नैनीताल में जन्मे राजा बहुगुणा का राजनीतिक जीवन कालेज के दिनों से शुरू हुआ था। उन्होंने अपने युवा दिनों में युवा कांग्रेस से जुड़कर राजनीति में कदम रखा, लेकिन शीघ्र ही शासक वर्ग की राजनीति से उनका मोहभंग हो गया। सत्तर के दशक में आपातकाल विरोधी आंदोलन और चिपको आंदोलन से जुड़कर उन्होंने पर्यावरण और किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। अस्सी के दशक में जब उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन ने जोर पकड़ा, कामरेड बहुगुणा ने इस आंदोलन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने उत्तराखंड संघर्ष वाहिनी से जुड़कर राज्य के निर्माण के लिए विशाल रैलियां आयोजित कीं और इसके लोकतांत्रिक अधिकारों को स्पष्ट रूप से सामने रखा। उन्होंने उत्तराखंड पीपल्स फ्रंट की भी स्थापना की, जो अलग राज्य की आवश्यकता को लेकर जन जागरूकता फैलाने का कार्य करता था। कामरेड बहुगुणा की संघर्षशील राजनीति की पहचान कई आंदोलनों से है, जिनमें भूमिहीनों को भूमि वितरण, महिला हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, और रोजगार के अधिकारों के लिए किए गए आंदोलनों का उल्लेख प्रमुख है। उन्होंने बिंदुखत्ता और महतोष मोड़ जैसे आंदोलनों का नेतृत्व किया, जहां उन्होंने पुलिस दमन और जेल यातनाओं का साहसिक रूप से सामना किया। 1989 में, उन्होंने नैनीताल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और अच्छे वोट हासिल किए। इसके बाद, पार्टी की गतिविधियां उत्तराखंड के हर जिले में फैल गई, और वे पार्टी के राज्य सचिव, केंद्रीय कमेटी सदस्य और ऐक्टू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसे पदों पर कार्यरत रहे। 2023 में पटना में हुए पार्टी के 11वें महाधिवेशन में उन्हें केंद्रीय कंट्रोल कमीशन का अध्यक्ष चुना गया था।



# सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल में शास्त्रीय संगीत की गूंज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल में स्पिक मैके उत्तराखंड के सहयोग से छात्रों को शास्त्रीय संगीत की धरोहर से परिचित कराने के लिए एक विशेष संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात संतूर वादक पंडित अभय रुस्तम सोपोरी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ पखावज पर अंकित पारिख और तबला पर सचिन शर्मा ने संगत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर कात्यायन रौतेला ने सभी कलाकारों का स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट किए।

इसके बाद, पंडित अभय रुस्तम सोपोरी ने अपने वाद्ययंत्रों के माध्यम से छात्रों से संवाद स्थापित किया। प्रस्तुति के दौरान उन्होंने स्वर राग और प्रश्नोत्तर शैली में वाद्ययंत्रों की विशेषताओं को छात्रों को समझाया। पंडित सोपोरी ने भारतीय संस्कृति में शास्त्रीय संगीत के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगीत न केवल आत्मा को शांति प्रदान करता है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक जड़ों को भी मजबूत करता है। विद्यालय के चेयरमैन डा. प्रवींद्र रौतेला ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों में भारतीय कला के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा सांस्कृतिक और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। पंडित अभय रुस्तम सोपोरी ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने एमबीए की राह छोड़कर संगीत को अपना जीवन समर्पित किया और संतूर को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। विशिष्ट अतिथि सार्थक अरोड़ा ने भी अपने विचार साझा किए और शास्त्रीय संगीत के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या तुलिका रस्तोगी ने सभी कलाकारों का आभार व्यक्त किया और उनकी प्रस्तुति को अद्भुत, आत्मीय और अविस्मरणीय अनुभव बताया। उन्होंने छात्रों की उत्सुकता और अनुशासन की भी सराहना की। कार्यक्रम में शिवानी, हिमानी, वार्तिका, जयंत, मुकुल, ईषिका, हर्षिता, अर्चना, निकिता, हर्षि, भावना, नीतू, मनीषा, भूमिका, तनुजा, गुंजन सहित विद्यालय के शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

# एक सटोरिया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां, व हजारों रूपये की नगदी बरामद की है। थानाध्यक्ष सुशीला जोशी ने बताया कि बीती रात्रि क्षेत्र में अवैध सट्टे-जुए की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गश्त व चैकिंग अभियान के दौरान खालिद उर्फ राजू पुत्र ताहिर निवासी लाइन नं.-18 बनभूलपुरा को रंगेहाथ सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया है। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां, पैन व 3320 रूपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने सटोरिये के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

# अल्मोड़ा से दिल्ली जा रहे युवक की रास्ते में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** किसी काम से एक पेंटर अल्मोड़ा से दिल्ली जाने के लिए निकला और रास्तें में उसकी हालत बिगड़ गई। हल्द्वानी पहुंचने पर युवक को उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया, और मृतक युवक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही। जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा के डूंगर-भनोली दन्या निवासी 30 वर्षीय त्रिलोक सिंह पेशे से एक पेंटर था। बताया जा रहा कि बीते गुरूवार को किसी काम से अपने घर अल्मोड़ा से दिल्ली जाने के लिए रोडवेज की बस में सवार हो गया। बताया जा रहा कि भवाली पहुंचते ही उसकी तबियत बिगड़ गई। किसी तरह रोडवेज की बस जब हल्द्वानी पहुंची तो उसे उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक युवक के परिजनों को सूचित किया। सूचना पर हल्द्वानी पहुंचे परिजनों ने बताया कि युवक कुछ समय से बीमार चल रहा था जिसकी दवा भी चल रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो पायेगी।

# व्यापार मंडल में महिलाओं को जिम्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव जायसवाल, राष्ट्रीय महिला महासचिव तनुजा जोशी, राष्ट्रीय महिला सचिव सीमा देवल और उत्तराखंड प्रदेश महिला अध्यक्ष बीनू जायसवाल की संस्तुति से हल्द्वानी से तीन महिला उद्यमियों और समाजसेवियों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है।



इस मनोनयन के तहत, अरुणा टंडन को प्रदेश महिला प्रभारी, मंजू दानू को महिला जिलाध्यक्ष, और अर्चना मित्तल को महिला महानगर अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर हल्द्वानी की महिला उद्यमियों और समाजसेवियों में खुशी की लहर है। संगठन के प्रदेश प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता ने नवनियुक्त महिला पदाधिकारी अरुणा टंडन के आवास पर पहुंचकर उन्हें संगठन का प्रमाण पत्र और भामाशाह की प्रेरणा सूत्र वाली चित्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान, सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे से परिचय करते हुए महिलाओं को सशक्त बनाने, आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने का संकल्प लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय महिला महासचिव तनुजा जोशी, राष्ट्रीय महिला सचिव सीमा देवल, उत्तराखंड प्रदेश महिला अध्यक्ष बीनू जायसवाल, प्रदेश सदस्य कुसुम लता केसरवानी, नैनीताल जिलाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# वॉल्वो की शहर में नो इंट्री, इंटरसिटी बसों पर फैसला जल्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और दुरुस्त करने के लिए नैनीताल पुलिस ने प्रभावी कदम उठाए हैं। और इसी के तहत प्राइवेट वॉल्वो बसों को शहर से बाहर कर दिया गया। इंटरसिटी और सिडकुल की बसों पर जल्द फैसला लिया जायेगा। शुक्रवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा ने कोतवाली सभागार में शहर के विभिन्न शहरों को जोड़ने वाली वोल्वो, इंटरसिटी, और सिडकुल बसों के संचालकों के साथ एक अहम बैठक कर सख्त निर्देश दिए। बैठक में टीआई महेश चंद्रा ने बस मालिकों से कहा, बड़े वाहनों की वजह से शहर का यातायात प्रभावित हो रहा है और खासतौर पर बसों की वजह से। रोडवेज, केमू और इंटरसिटी बसों के अलावा शहर से प्राइवेट वॉल्वो बसें संचालित होती हैं, जो लखनऊ, दिल्ली, राजस्थान आदि शहर व राज्यों के लिए सवारियां ले जाती हैं। शुक्रवार को तय किया गया है कि यह वॉल्वो बसें अब शहर से संचालित नहीं होंगी। सवारियों को अब यह बसें नरीमन तिराहे और बरेली रोड पर हॉडा तिराहे से मिलेंगी। इन बसों को अब शहर के पार जाने के लिए गौला बाईपास का इस्तेमाल करना होगा। टीआई महेश चन्द्रा टीआई ने बताया कि इसमें सिडकुल की बसों को भी शामिल किया गया था, लेकिन इसमें कई दिक्कतें आ रही हैं। मसलन, सिडकुल की कंपनियों में काम करने वालों को एक स्थान से ले जाना संभव नहीं है। क्योंकि सिडकुल कर्मी शहर के कोने-कोने में रहते हैं और सबको एक स्थान और वो भी तय पर एकत्र होना संभव नहीं है। टीआई का कहना है कि इस पर उच्चाधिकारी जल्द फैसला लेंगे। टीआई महेश चन्द्रा के अनुसार किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए अब एक व्हाट्सएप ग्रुप बना दिया गया है, जिसमें बस मालिकों और चालकों को जोड़ा जा रहा है। इस ग्रुप में सिडकुल, केमू, रोडवेज और प्राइवेट बस के मालिक, चालक होंगे। शहर में होने वाले बड़े आयोजनों के लिए जारी होने वाला रूट डायवर्जन इस ग्रुप में डाल दिया जाएगा। ताकि कोई यह न कह सके कि उन्हें डायवर्जन की जानकारी नहीं थी। टीआई महेश चंद्रा ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस द्वारा बनाए गए मास्टर प्लान से शहर में यातायात की स्थिति में सुधार लाने के साथ-साथ दुर्घटनाओं को भी कम किया जा सकेगा। पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसी बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था और भी बेहतर हो सके और नागरिकों को सुविधा मिल सके।



यातायात: मास्टर प्लान तैयार कर रही पुलिस

# पत्नी पर बोला हमला, बेटा बीच में आया, खुद जान दे दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक सप्ताह पूर्व राजपुरा क्षेत्र में किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि तैश में आकर पति ने पत्नी पर चाकू से हमला करना चाहा लेकिन बीच में बेटा आ गया, और बाद आक्रोशित पति ने अपने ही पेट में कैंची घोंप ली थी। पिछले 6 दिनों से उपचार चल रहे पति ने शुक्रवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार राजेंद्रनगर गली नंबर-2 राजपुरा निवासी 47 वर्षीय राकेश सक्सेना उर्फ टीटू पेशे से दर्जी था और घर के पास ही उसकी दुकान थी। बताया जा रहा कि बीते 23 नवंबर की रात राकेश और उसकी पत्नी का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। नाराज राकेश ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला किया, लेकिन बेटा बीच बचाव में आ गया। बताया जा रहा कि इसके बाद पत्नी अपने कमरे में चले गई और बच्चे बाहर चले गए। इसी बीच गुस्से में आकर राकेश ने कपड़े काटने वाली कैंची से अपने ही पेट पर एक के बाद तीन बार वार कर दिए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आनन-फानन में परिजन द्वारा राकेश को तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान राकेश ने दम तोड़ दिया। एसएसआई एसएस सागर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और फॉरेसिंक टीम ने मौके से भी साक्ष्य जुटाए हैं। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### पत्नी से विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम

# डीके स्पोर्ट्स ने 245 रनों से जीता मैच

## अलराउंडर देवांश व हार्दिकराज के नाम रहा मैन ऑफ-द मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-14 जिला क्रिकेट लीग का शुक्रवार को पहला मैच कोल्ट्स क्रिकेट ग्राउंड में एकलव्य क्रिकेट अकादमी और जीएनजी क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एकलव्य क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 50 ओवरों में 277 रन बनाए। टीम के लिए देवांश ने 98 और संदीप के 80 रनों की सुदंर पारी खेली। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनजी क्रिकेट अकादमी की टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 270 रन ही बना सकी और 7 रनों से मैच हार गई। एकलव्य क्रिकेट के गेंदबाज देवांश ने 3 और विभाकर ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार अलराउंड देवांश के नाम रहा। जबकि दूसरा मैच जीएन जी क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और काठगोदाम स्पोर्ट्स के बीच हुआ। डीके स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए हार्दिकराज के 145, भावेश रावत ने 59 और देवांग नेगी ने 46 रनों का योगदान दिया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी काठगोदाम स्पोर्ट्स की पूरी टीम 40वें ओवर में ही 89 रनों में आल आउट हो गयी। डीके स्पोर्ट्स ने मैच 245 रनों से जीत लिया। मैच में मैन ऑफ-द मैच का पुरुस्कार डीके स्पोर्ट्स के हार्दिकराज को दिया गया। अंपायर की भूमिका में गौरव नेगी, सौम्य, भूपेश और कुशाग्र रहे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज और निकित ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपने, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, त्रिलोक जीना, पंकज गुरुरानी, विकल बवाड़ी, योगेश चौहान, संजय चौधरी, विक्रम बोरा, धर्मेंद्र पाल, प्रशांत भंडारी, विजय आर्या, मनोज पंत मौजूद रहे।



# चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** बीते दिनों दवा लेकर सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मारने वाले स्कूटी चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार आजादनगर निवासी अंकित पाल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 25 नवंबर को उनकी मां आशा पाल दवा लेने के लिए घर से निकली थीं। दवा लेकर वह वापस लौट रही थीं और धर्मपुरा बरेली रोड पर सड़क पार करने के लिए सड़क किनारे खड़ी हो गईं। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक स्कूटी सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। सड़क हादसे में घायल उसकी मां को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के बेटे अंकित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद स्कूटी चालक हिमांशु सागर पुत्र मदन लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पेंशनर्स डे के लिए डीएम को आमंत्रण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में आगामी 17 दिसम्बर को पेंशनर्स डे के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित करने की तैयारी चल रही है। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन द्वारा इसके सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि डीएम ललित मोहन रयाल होंगे। आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष लीलाधर पाण्डे, महासचिव विजय तिवारी और पेंशनर्स एक्टिव टीम के मुख्य संयोजक रमेश चन्द्र पाण्डे ने शुक्रवार को जनपद के बुजुर्ग पेंशनर्स की ओर से जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया और उन्हें पेंशनर्स डे के भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु आमन्त्रण पत्र दिया। डीएम के साथ हुई सौहार्दपूर्ण भेंट में आर्गनाइजेशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि तकरीबन 12 हजार पेंशनर हल्द्वानी कोषागार से पेंशन लेते हैं। बुजुर्ग पेंशनरों ने डीएम द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान हेतु सप्ताह में तीन दिन हल्द्वानी में बैठने के निर्णय की खुली सराहना की है। डीएम रयाल ने आश्वस्त किया कि बुजुर्ग पेंशनर्स की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# उम्मीदों का पोर्टल दे रहा 'धोखा'

## पिछले 48 घंटों से ठप पड़ी है वेबसाइट, वक्फ संपत्तियां नहीं हो पा रहीं अपलोड

■ 5 दिसंबर तक होना है पंजीकरण

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** वक्फ संपत्तियों के उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 दिसंबर है, मगर हालात यह हैं कि उम्मीद पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट पिछले लगभग 48 घंटों से ठप पड़ी हुई हैं। ये तकनीकी गड़बड़ियाँ अब एक गंभीर संकट का रूप ले चुकी हैं। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने बार-बार तकनीकी शिकायत दर्ज कराई, स्क्रीनशॉट भेजे, मेल किए, लेकिन मंत्रालय की तरफ से कोई ठोस जवाब अभी तक नहीं आया है।




उत्तराखंड में बड़ा संख्या में वक्फ जायदादे हैं, जिनको पोर्टल पर अपलोड़ करने का कार्य किया जा रहा है।

अभी भी करीब 70 प्रतिशत संपत्तियों का डेटा अपलोड होना बाकी है। देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल की फाइलें अपलोडिंग के इंतजार में अटकी पड़ी हैं।

हर प्रयास पर पोर्टल बस यही जवाब दे रहा, अभी सवर्र बिजी चल रहा है, डेडलाइन पास है, मगर सिस्टम सांसें गिन रहा और मुतवल्लियों की पीड़ा बोर्ड के अधिकारी सुन कर केंद्र तक पहुंचा तो रहे हैं, मगर फिलहाल कोई समाधान होता हुआ दिखाई नही दे रहा है।

मुतवल्लियों का कहना है कि यह सिर्फ तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और भविष्य का सवाल है।

हमारी फाइलें तैयार हैं, कर्मचारी तैयार हैं, लेकिन पोर्टल चल ही नहीं रहा। हम कैसे उम्मीदें पूरी करें, जब सिस्टम ही धोखा दे रहा है?

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के सूत्रों के अनुसार मंत्रालय को तीन बार औपचारिक शिकायत भेजी गई है, तकनीकी टीम को स्क्रीनशॉट भेजे गए हैं, मगर तकनीकी टीम बार बार यही आशवासन दे रही है, कि काम चल रहा है, जल्द ही सही कर दिया जाएगा।

लोग पूछ रहे हैं, जब पोर्टल ही नहीं चल रहा, तो 5 दिसंबर तक पंजीकरण कैसे होगा? अगर समय पर नहीं हुआ, तो क्या कानूनी स्थिति रहेगी, क्या मुतवल्लीओं पर कोई कानूनी कार्यवाही होगी।

### कौन लेगा इस देरी की जिम्मेदारी?

उम्मीद वोर्टल पर काम करने वाले लोगों का कहना है कि समुदाय की बेचैनी बढ़ रही हैं, सबकी उम्मीदें एक ठप पोर्टल पर अटकी हुई है।

वक्फ संपत्तियों की चुनौतियाँ पहले ही कम नहीं थीं, अब पोर्टल की खराबी ने हालात और भी मुश्किल बना दिए हैं।

फिलहाल, वक्फ प्रबंधको की बेचौनी बढी हुई है, और उम्मीदें एक बंद पड़े पोर्टल पर दम तोड़ रही हैं। वहीं, भारत सरकार से भी अग्रह किया जा रहा है की इस की समय सीमा को बढ़ाया जाए।

# अर्धकुंभ को 'कुंभ' बताने का प्रयास परंपराओं से खिलवाड़: कांग्रेस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार की और से हरिद्वार में होने वाले आगामी अर्धकुंभ को कुंभ बताने की को. शिश न केवल परंपराओं से छेड़छाड़ है, बल्कि यह धार्मिक मान्यताओं और सांस्कृतिक सत्य के साथ किया गया एक गंभीर खिलवाड़ भी है। धार्मिक परंपराओं को राजनीतिक लाभ के लिए तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता, यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का।

दसौनी ने कहा कि हमारे वेद-पुराण में अर्धकुंभ और कुंभ की स्पष्ट परिभाषा दी गई है।

हमारे शास्त्रों और पुराणों में कुंभ पर्व को सूर्य, चंद्र और बृहस्पति के विशिष्ट योग से बनने वाला एक अद्वितीय खगोलीय आयोजन माना गया है।



जनता को गुमराह करने की हो रही कोशिश: गरिमा

कुंभ मेला प्रत्येक 12 वर्ष में होता है। वहीं अर्धकुंभ 6 वर्षों के अंतराल पर आयोजित किया जाने वाला अर्ध-पर्व है, जिसकी मान्यता अलग और स्पष्ट है।

भारत की परंपरा में कहीं भी अर्धकुंभ को कुंभ माना जाना या कहा जाना शास्त्रीय रूप से प्रमाणित नहीं है। ऐसा करना न केवल धार्मिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि करोड़ों आस्थावानों के विश्वास से खेलना भी है।

गरिमा ने कहा पहले ही भाजपा सरकार के दौरान कुंभ घोटाले से उत्तराखंड की साख को राष्ट्रीय स्तर पर आघात लगा है। अब यदि अर्धकुंभ को बिना किसी शास्त्रीय आधार के कुंभ घोषित किया जाता है, तो यह कदम परंपराओं की अवहेलना, संत समाज की अनदेखी, और बड़े स्तर पर धार्मिक आयोजनों का भ्रमित प्रचार साबित होगा।

## उत्तरायणी मेले को लेकर तैयारियां शुरू

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले को लेकर जिला नगर पालिका ने कवायद शुरू कर दी है। दो दिसंबर को प्रशासन, नगर पालिका और नगर के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक करेगा। इसके बाद नगर पालिका की बोर्ड बैठक होगी। इसके बाद समितियों का गठन होगा। इस बार मेले को भव्य और आकर्षक बनाने में नगर पालिका कोई कोर कसर नही छोड़ेगी। बता दें कि बागेश्वर का उत्तरायणी मेला ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा राजनैतक मेला है। मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए प्रबुद्धजनों से मेले को लेकर सुझाव मांगे जा रहे है। इसके बाद नगर पालिका की बोर्ड बैठक करेगी। इसके बाद समितियों का गठन होगा। लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। सरयू व गोमती नदी में अस्थायी लकड़ी के पुल बनेंगे।

# शहर काजी की ताजपोशी के साथ बवाल शुरू

## मस्जिद प्रबंधन ने मुफ्ती हशीम कासमी के नाम का किया ऐलान

■ उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड और मुस्लिम सेवा संगठन ने जताया ऐतराज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** दून की ऐतिहासिक जामा मस्जिद पलटन बाजार के इमाम मुफ्ती हशीम कासमी को देहरादून शहर का नया काजी नियुक्त किया गया है। वहीं, उनकी नियुक्ती पर सवाल भी उठाने शुरू हो गये हैं।

शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद जामा मस्जिद पलटन बाजार प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नसीम अहमद ने दो वर्ष से जामा मस्जिद पलटन बाजार में इमामत के फराईज अंजाम दे रहे मुफ्ती हशीम सिद्दीकी कासमी को शहर काजी नियुक्त करने का ऐलान किया।



उन्होने कहा कि जामा मस्जिद पलटन बाजार और ईदगाह के इमाम ही हमेशा से शहर काजी रहे हैं। इस लिये मुफ्ती हशीम कासमी जो कि विगत दो वर्षों से जामा मस्जिद के इमाम है, को शहर काजी बनाया जा रहा है। वहीं, उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड ने इस फैसले पर एतराज जताया है, और कमेटी को भंग कर वहां प्रशासक नियुक्त करने के संकेत दिये हैं, इसके अलावा मुस्लिम सेवा संगठन ने भी शहर काजी के चयन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि विगत 22 नवंबर 2025 को शहर काजी मौलाना मौहम्मद अहमद कासमी का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद से ही शहर काजी का पद खाली था।

### फर्जीवाड़े से बनाए गए शहर काजी: मुफ्ती रईस

**देहरादून।** इमाम संगठन के अध्यक्ष मुफ्ती रईस अहमद कासमी ने कहा शहर काजी बनाने में फर्जीवाड़ा किया गया है। किसी उलेमा या जिम्मेदार की राय नहीं ली गई। इसका विरोध करते हुए और जल्द उलेमा की बैठक बुलाकर उसका विरोध करेंगे। नया शहर काजी उलेमा और शहर के जिम्मेदार तय करेंगे, ना कि कमेटी के कुछ चंद लोग।

● इस प्रकार के फैसले को सही नही माना जा सकता, प्रबंधन समिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका था, उनहे नितिगत फैसले लेने का अधिकार नही हैं। हमने कहा था कि सभी के मशविरे से फैसला लिया जाएगा। बोर्ड कमेटी के स्थान पर प्रशासक नियुक्त करने जा रहा है...
**शादाब शम्स, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड।**

● ये नियुक्ति पूर्णत: असवैंधानिक है। कमेटी का कार्यकाल वर्ष 2021 में समाप्त हो चुका है। शहर में भी जो उलेमा है अधिकांश से कोई मशविरा नहीं किया गया। मुस्लिम सेवा संगठन इस गैरकानूनी नियुक्ति का विरोध करता है...
**आकिब कुरैशी, उपाध्यक्ष मुस्लिम सेवा संगठन।**

## एक नजर .......

### बादाम वाली रेसिपी से सर्दियों में संवारे सेहत

**देहरादून।** उत्तराखंड में सर्दी दस्तक दे चुकी है, इसलिए समझदारी से खाना खाने से शरीर में नई जान आ सकती है और पूरी सेहत अच्छी रहती है। साबुत, पोषक तत्वों से भरपूर चीजों के साथ क्लीन ईटिंग पर वापस लौटना एनर्जी और बैलेंस वापस पाने का एक आसान तरीका है। इस मौसमी रूटीन में दो रेसिपी एकदम फिट बैठती हैं, बादाम और स्प्राउट्स टिक्की चाट और रोस्टेड गोभी और बादाम सूप। दोनों में कैलिफोर्निया बादाम के पोषक तत्व भरपूर हैं, जिन्हें प्रोटीन, हेल्दी फैट और फाइबर से भरपूर सुपरफूड माना जाता है। ये डिशेज प्लांट प्रोटीन और नैचुरली मिलने वाले हेल्दी फैट का पौष्टिक मिश्रण देती हैं, जबकि कैलिफोर्निया बादाम में भरपूर फाइबर होता है, जो फाइबरमैक्सिंग में मदद करता है, पाचन में मदद करता है और आपको ज्यादा देर तक पेट भरा हुआ महसूस कराता है। आरामदायक, पौष्टिक और सर्दियों के अनुकूल, ये रेसिपी ठंड के मौसम में क्लीन ईटिंग को बेहद सरल और सहज बना देती हैं।

### गोशाला को नोटिस की सांसद से शिकायत

**कालाढूंगी।** भाजपा नेता विपिन कांडपाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बैलपड़ाव न्याय पंचायत के क्षेत्रवासियों का ज्ञापन सांसद अजय भट्ट को सौंपा। ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने प्राधिकरण द्वारा निजी निवास और गौशाला बनाने पर भेजे जा रहे नोटिस को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। क्षेत्रवासियों का कहना था कि यदि कोई व्यक्ति अपने निजी उपयोग के लिए घर या गौशाला बना रहा है, तो उस पर प्राधिकरण का नोटिस देना गलत है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि व्यावसायिक गतिविधियां या रिसॉर्ट्स बनते हैं, तो प्राधिकरण नक्शा पास करता है, और इसमें उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। सांसद अजय भट ने इस मामले का संज्ञान लिया और कहा कि वह मुख्यमंत्री से इस विषय पर वार्ता करेंगे और क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे से निजात दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में मयंक अधिकारी, कैलाश चंद तिवारी, मोहनचंद तिवारी, अनिल कंबोज, पीतांबर तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### इनरव्हील क्लब ने बालश्रम को लेकर बच्चों को किया जागरूक

**काशीपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ काशीपुर द्वारा बच्चों को 'से नो लेबर चाइल्ड येस टू एजुकेशन' विषय पर एक व्याख्यान द्वारा अवगत कराया गया कि यह उम्र उनके पढ़ने की है। आजीविका कमाने के चक्कर में शिक्षा प्राप्ति के सुनहरे अवसर ना खोएं। यह टॉक कु.आयुषी नागर के ख्वाहिश एनजीओ के वेदशाला भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सत्येन्द्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की वरिष्ठ प्रवक्ता सिमरन सेठी रहीं। इस दौरान क्लब द्वारा बच्चों को खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, सचिव डॉ. निमिषा अग्रवाल, आईएसओ पूनम जोशी, कोषाध्यक्ष रूपाली अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, ऋचा अग्रवाल, रंजीता कौर, नूपुर अग्रवाल सहित एनजीओ की संयोजिका आयुषी नागर, स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# घुसपैठियों पर त्रिवेंद्र का बयान सरकार की नाकामियों का प्रमाण: धस्माना

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** एआईसीसी सदस्य व उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे भाजपा के हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत कह रहे हैं कि उत्तराखंड में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफिक परिवर्तन आए हैं और भाजपा प्रदेश में घुसपैठियों को बाहर खदेड़ेगी।

धस्माना ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार को नौ साल पूरे होने जा रहे हैं और केंद्र में उनकी पार्टी को ग्यारह साल से अधिक समय राज करते हुए हो गया है तो उनका यह वक्तव्य उनकी राज्य सरकार व केंद्र सरकार की अकर्मण्यता व अक्षमता पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह मोड्स ऑपरेंडी बन गया है कि जिस राज्य में चुनाव नजदीक आ जाते हैं वहां वो घुसपैठियों का राग अलापना शुरू कर देते हैं और जैसे ही चुनाव समाप्त हो जाते हैं उनका यह राग बंद हो जाता है और अगले चुनाव वाले राज्य में ढोल नगाड़े ले कर वो राग वाहन गाया जाता है।

धस्माना ने कहा कि बिहार चुनाव से पहले सारे घुसपैठिए जो बिहार में थे अब वहां से पश्चिम बंगाल स्थानांतरित हो गए और पश्चिम बंगाल के चुनाव के बाद वो तुरंत उत्तराखंड पधार जाएंगे।

धस्माना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पंद्रह दिन धरने पर बैठे उपनल कर्मचारियों के समर्थन में दो शब्द नहीं कहे और ना ही दो शब्द राजधानी के हड़ताली अधिवक्ताओं की समस्याओं के लिए कहे लेकिन आज जो ज्ञान वो उत्तराखंड के डेमोग्राफिक परिवर्तन पर दे रहे हैं अगर ऐसा है तो उसके लिए सीधे सीधे सबसे बड़े गुनहगार वे हैं क्योंकि उत्तराखंड में तिवारी सरकार के बनाए गए सख्त भू कानून पर सबसे पहले प्रहार त्रिवेंद्र सरकार ने हो किया था उसको निष्क्रिय कर के।

## सरकारी भूमि से हटवाया जाएगा अतिक्रमण

**बागेश्वर।** सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। जल्द ही अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ बैठक में भावी कार्यक्रम को लेकर मंथन किया। इसका असर भी जल्द दिखेगा। तहसीलदार कपकोट ने बैठक ली। बैठक में लोनिवि, पीएमजीएसवाई, अमीन, पटवारी विभिन्न विभाग के अवर अभियंता, कानूनगो रजिस्टर, पुलिस विभाग के इंचार्ज, एवं फारेस्ट के रेंजर उपस्तिथि रहे। तहसीलदार ने कहा कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किसी भी स्तर का सहन नहीं होगा। पहले स्तर पर अतिक्रमण चिह्नित होगा। उसके बाद नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद यदि अतिक्रमणकर्ता ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया तो उसे बलपूर्वक हटाया जाएगा।

# अत्याचार और न्याय के बीच की लड़ाई है 'कातेरा'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अनमोल सिनेमा लेकर आ रहा है एक ऐसी फिल्म, जो साहस, संघर्ष और उम्मीद की अनोखी दास्तान बयां करती है। निर्देशक तरुण सुधीर की बेहतरीन पेशकश 'कातेरा', जिसमें सुपरस्टार दर्शन, खूबसूरत आराधना राम और दमदार विलेन जगपति बाबू अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरते नजर आएंगे।

ये कहानी है एक साधारण लोहार कातेरा की, जो गाँव के लोगों के लिए उम्मीद की किरण बनता है। वो अत्याचारी जमींदार देवराय के खिलाफ डटकर खड़ा होता है। कातेरा किसानों को उनकी जमीन का हक दिलाने के लिए संघर्ष करता है। यह कहानी अत्याचार और न्याय के बीच की लड़ाई दिखाती है।

दर्शन का दमदार अभिनय कातेरा के किरदार को दमदार बना देता है, जो उनकी ताकत और संवे. दनशीलता दोनों को दिखाता है। वहीं, जगपति बाबू अपने खतरनाक किरदार में हर सीन में रोमांच और तनाव बढ़ा देते हैं। शानदार डायलॉग्स, जबर्दस्त एक्शन, जज्बातों का सैलाब और लाजवाब सिनेमैटोग्राफी, जो इसे एक यादगार अनुभव बनाते हैं। तो जबर्दस्त हौसले और पक्के इरादों की इस शानदार कहानी का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो जाइए।

## अतिथि शिक्षकों का शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** शीतकालीन व ग्रीष्मावकाश की अवधि का मानदेय दिए जाने की मांग को लेकर अतिथि शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को जिलेभर में अतिथि शिक्षकों ने कार्य बहिष्कार कर शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि अन्य जिलों में शीतकालीन व ग्रीष्मावकाश का मानदेय दिया जा रहा है, लेकिन अल्मोड़ा में शिक्षकों से इससे वंचित रखा गया है। शुक्रवार को माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले जिले के सभी विकासखंड में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अतिथि शिक्षकों को जनवरी और जून दो माह का शीतकालीन व ग्रीष्मावकाश का मानदेय नहीं दिया गया है। जबकि अल्मोड़ा को छोड़ कुमाऊ के सभी जिलों में अतिथि शिक्षकों को मानदेय दिया गया। कहा कि मानदेय को लेकर पूर्व में भी अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक मामले में कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मानदेय नहीं दिया गया तो समस्त शिक्षक उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां प्रदर्शन करने वालों में मदन मोहन मिश्रा, मनीष पांडे, भावना, कमलेश पांडे, पूनम वर्मा, नीमा जड़ौत, मीनाक्षी साह, हेमा आर्या, नरेंद्र प्रसाद, ऋचा, प्रांजलि समेत कई अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।

# एमसीडी में विकास के लिए भाजपा उम्मीदवारों को जिताना जरूरी: महाराज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जीताने की अपील करते हुए पटपड़गंज विधानसभा के विनोद नगर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उपचुनावों में केवल भाजपा के उम्मीदवारों को ही पार्षद चुनें ताकि भाजपा के सर्वांगीण विकास के एजेंडे का लाभ दिल्ली के हर वार्ड को मिल सके।

महाराज ने कहा कि अगर एमसीडी में विकास चाहिए तो भाजपा के उम्मीदवारों को जीताना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है जो इलाके में साफ-सफाई, सड़कें और बेसिक सुविधाओं को सही दिशा में ले जा सकती है। उन्होंने लोगों से विनोद नगर, वार्ड नंबर 198 से भाजपा की निगम प्रत्याशी सरला चौधरी के समर्थन में मतदान करने की अपील की और कहा कि उपचुनाव में भाजपा की जीत दिल्ली के भविष्य के लिए अहम है।



■ पटपड़गंज विधानसभा, विनोद नगर में महाराज ने किया चुनावी सभा को संबोधित

जनसभा के दौरान पटपड़गंज विधायक रविंद्र सिंह नेगी, विधानसभा प्रभारी अनिल शर्मा, वीरेंद्र सिंह जुयाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## गांव में सोलर फेंसिंग लगाने की मांग

**काशीपुर।** गांव चांदपुर में जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग लगाने की मांग की गई है। डीएफओ को भेजे पत्र में ग्राम प्रधान तारावती ने बताया कि ग्राम पंचायत चांदपुर की सीमा से वन क्षेत्र लगा हुआ है। वन क्षेत्र के हिंसक जानवर गांव में घुसकर गाय, भैंस व पालतू कुत्तों को अपना निवाला बना रहे हैं। तेंदुआ आए दिन गांव में घुस रहा है, जिससे गांव में दहशत बनी हुई है। नीलगाय, चीतल, सांभर के सड़क पर आने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्राम प्रधान ने वन विभाग से गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने, सड़क किनारे गहरी व चौड़ी खाई खुदवाने, सोलर फेंसिंग लगाने और हाथी दीवार बनाने की मांग की है।

# नगर निगम सफाई कर्मचारियों के चुनाव आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के साढ़े नौ वर्ष बाद हो रहे चुनाव को लेकर सफाई कर्मचारियों में उत्साह देखा जा रहा है। इस चुनाव में अध्यक्ष और सचिव के पद पर लगभग पांच प्रत्याशी मैदान में है जिसमें जहां अध्यक्ष पद पर तीन और सचिव पद पर दो प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं और इस पद के लिए कांटे का मुक. ाबला देखा जा रहा है।

सफाई कर्मचारियों की तो उनमें इन चुनाव को लेकर इस कदर जबरदस्त माहौल है कि उनका कहना है कि इस बार कोई बड़ा उलट फेर हो सकता है। नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के चुनाव में लगभग 584 कर्मचारी अपने मत का प्रयोग करेंगे।

■ अध्यक्ष पद पर तीन और सचिव पद पर दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में 584 सफाई कर्मचारी करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार सोनू खैरवाल का कहना है की सफाई कर्मचारी इस बार बदलाव के मूड में दिखाई दे रहे हैं। नगर निगम के स्थाई कर्मचारियों को भूमि दिलाने का काम अगर वह जीत कर आते हैं तो करेंगे, इसके अलावा पदोन्नति के नाम पर कार्यवाहक सुपरवाइजर की प्रथा को समाप्त करवाने का काम करेंगे। साथी पार्षदों के अधीन स्वच्छता समिति को भी समाप्त करवाने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

वही सचिव पद की उम्मीदवार विनोद कुमार का कहना है कि जो भी समस्याएं स्थाई, नाला गैंग, रात्रि गैंग, पुरानी मोहल्ला स्वच्छता समिति के सफाई कर्मचारियों की है उनका समाधान करवाने का पूरा प्रयास रहेगा। बता दें की सफाई कर्मचारी यूनियन के चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर सोनू खैरवाल, मीनू गागट और राजेश कुमार मैदान में है वही सचिव पद पर धीरज पार्टी और विनोद कुमार के बीच कांटे का मुकाबला है।

## बारात में शामिल होने निकला युवक लापता

**बागेश्वर।** कांडा पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत बनेगांव निवासी एक युवक चार दिन पहले बारात में शामिल होने पिथौरागढ़ जिले के पांखू गया था, लेकिन कोटमन्या के पास उसका वाहन छूट गया और वह शादी में नहीं पहुंच पाया। चार दिन बीत जाने के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है। परेशान चाचा ने बेरीगनाग कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज की है। कोतवाली में दी तहरीर में बनेगांव निवासी भरत राम ने कहा कि उनका भतीजा 26 वर्षीय अमित कुमार पुत्र साधू राम 25 नवंबर को एक बारात में शामिल होने घर से निकला। उसे बारात में शामिल होने के लिए पांखू जाना था। कोटमन्या के पास उसकी गाड़ी छूट गई। इस कारण वह बारात में शामिल नहीं हो पाया और न ही घर आया। उन्होंने अपनी रिश्तेदारी से लेकर अन्य जगह खोजबीन की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पाया है।

# राशिद पहलवान व उसके भाई पर गैंगस्टर समेत 15 मुकदमे

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री करने के भी है मुकदमे अंकित

**मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** सहसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर हुकूमतनगर निवासी दो सगे भाईयों का अपने क्षेत्र के अलावा आसपास के इलाकों में इस कदर खौफ है कि कोई भी उनके सामने उनके द्वारा किए गए फर्जीवाड़े में मुंह तक खोलना गवांरा नहीं समझता।

दोनों भाईयों के खिलाफ सहसपुर थाने पर करीब पन्द्रह अभियोग संगीनधाराओं में पंजीकृत है। इतना ही नहीं दोनों के खिलाफ सरकारी और गोल्डन फोरेस्ट की जमीनों की फर्जी रजिस्ट्रीया करने से लेकर सात क्रिमनल लॉ एक्ट के भी मुकदमे दर्ज है लेकिन उनकी दादागिरी के सामने कोई भी अपनी जुबान खोलने को राजी नहीं है।

देहरादून के पछवादून से लेकर अन्य थाना क्षेत्रों में सहसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर हुकूमतनगर निवासी दो सगे भाईयों गैंगस्टर राशीद पहलवान और जावेद पुत्र अब्दुल हमीद उर्फ मिटठू की बादशाहत इस कदर क्षेत्र के लोगों और पछवादून के लोगों के दिलों दीमाग पर हावी है कि वह काले को अगर सफेद करे तो वहां के वासिंदे उसे सफेद ही बताएंगे। दोनों सगे भाईयों ने कुछ ही समय में जहां करोड़ों अरबों कमाकर देहरादून के अलग-अलग इलाकों में अपनी कोठियां और मकान खड़े कर लिए है तो वहीं उन के जहन में पुलिस का खौफ भी नहीं है।



राशिद पहलवान जो कि कुछ ही समय में अरबों की संपत्ति एकत्र कर क्षेत्र का राजा बन बैठा तो वहीं उसकी की राह पर चलते हुए उसके छोटे भाई ने भी इसी तरह से अपनी बादशाहत कायम कर ली। कुछ समय पूर्व सहसपुर पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करते हुए उन्हे जिलाबदर करने की कार्यवाही जिलाधिकारी से करवाते हुए छह: माह के लिए उत्तर प्रदेश की सीमा पर छोड़ दिया था। लेकिन पुलिस की कमजोर लिखा पढ़ी के कारण दोनों भाईयों को गढ़वाल के मंडलायुक्त ने अपील दाखिल हो जाने के बाद दोनों भाईयों राशीद पहलवान और जावेद की गुण्ड़ा एक्ट को वापस ले लिया था। गढ़वाल कमीशनर की अदालत में हुई अपील का निस्तारण अपने पक्ष में हो जाने के बाद दोनों भाईयों ने वापस अपने गांव में पहुंचकर फिर से एक बार उसी तरह का खेल प्रारंभ कर दिया था जिसके लिए क्षेत्र के दिलों-दीमांग पर उनका खौफ कायम था।

वहीं कुछ समय पूर्व सहसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर हुक. ूमतनगर निवासी दोनों सगे भाईयों के खिलाफ बजरंग दल के लोगों ने खूब हंगामा किया था।

इतना ही नहीं बजरंग दल के नेताओं ने शासन-प्रशासन से उनके खिलाफ सरकारी जमीनों को खुर्दबुर्द करने उनके खिलाफ आवाज बुलंद करने वालों को डराने-धमकाने का काम किए जाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी।का काम किये जाने की मांग की थी। लेकिन राशिद पहलवान ने भी पत्रकार वार्ता आयोजित कर बजरंग दल पर उसकों ब्लैक मैल करने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं राशिद पहलवान ने सरकार से पूरे मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग भी कर डाली थी। लेकिन हकीकत सब जानते है की राशिद पहलवान और उसके भाई का अपने क्षेत्र में किस तरह से दबदबा है।

# कुंभ के भव्य आयोजन के लिए 13 अखाड़ों के साथ धामी की बैठक आचार्यों एवं संतगणों के साथ भोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार में होने वाले 2027 के कुंभ के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार में गंगा किनारे सभी 13 अखाड़ों के आचार्यों एवं संतगणों के साथ बैठक की। कुंभ के भव्य आयोजन के लिए पहली बार गंगा तट पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 2027 कुंभ स्नान की महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा भी की। उन्होंने 14 जनवरी 2027 को मकर संक्रांति, 06 फरवरी 2027 को मौनी अमावस्या, 11 फरवरी 2027 को वसंत पंचमी, 20 फरवरी 2027 को माघ पूर्णिमा, 06 मार्च 2027 को महाशिवरात्रि (अमृत स्नान), 08 मार्च 2027 को फाल्गुन अमावस्या (अमृत स्नान), 07 अप्रैल 2027 को नव संवत्सर (नव वर्ष), 14 अप्रैल 2027 को मेष संक्रांति (अमृत स्नान), 15 अप्रैल 2027 को श्रीराम नवमी तथा 20 अप्रैल 2027 को चौत्र पूर्णिमा के स्नान की तिथियों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कुंभ के सफल आयोजन के लिए अखाड़ों के आचार्यों से सुझाव एवं मार्गदर्शन लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ से जुड़े सभी निर्णयों में संतगणों की परम्पराओं, आवश्यकताओं एवं सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि कुंभ के सुव्यवस्थित और भव्य आयोजन के लिए उन्हें संतगणों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि संतों की प्रेरणा, सुझाव और आशीर्वाद के बिना इस महायोजना की पूर्णता की कल्पना भी संभव नहीं है। हमारा प्रयास है कि सभी के अमूल्य सुझावों से कुंभ 2027 की तैयारियों को और अधिक व्यापक, सुव्यवस्थित और संत समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाया जा सके। धामी ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री ने देवभूमि उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने का आह्वान किया है। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार कुंभ 2027 को भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में आयोजित कुंभ कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण केवल अल्प अवधि के लिए आयोजित किया गया था और शाही स्नान भी प्रतीकात्मक रूप से ही संपन्न हुआ था, लेकिन वर्ष 2027 में होने वाला हरिद्वारकुंभ कई दृष्टियों से ऐतिहासिक और विशेष महत्व का होगा। इस बार आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 2010 और 2021 के कुंभ की तुलना में कई गुना अधिक होने की संभावना है। राज्य सरकार ने हरिद्वार कुंभ 2027 को दिव्य, भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए अभी से व्यापक स्तर पर तैयारियाँ प्रारंभ कर दी हैं। श्रद्धालुओं और साधु-संतों की सुरक्षा के लिए राज्य और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, एन.डी.आर.एफ, पी.ए.सी, स्वास्थ्य विभाग और फायर विभाग सहित सभी संबंधित विभाग सुरक्षा के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए सभी संभव उपाय सुनिश्चित करेंगे। कुंभ के दौरान पूर्व में घटित दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आकस्मिक आपात स्थिति की तैयारी पहले से ही प्रारंभ कर दी गई है। पूर्व में आयोजित कुंभ मेलों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले अधिकारियों का भी पूर्ण सहयोग लिया जाएगा, ताकि हर प्रक्रिया सुचारू और व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। कुंभ के दौरान नगर और घाट क्षेत्रों की स्वच्छता के लिए विशेष टीमों का गठन कर कचरा प्रबंधन, जल निकासी और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अखाड़ों के आचार्य एवं संतगणों द्वारा संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि भव्य एवं दिव्य कुंभ के आयोजन के लिए संत समाज द्वारा राज्य सरकार को पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अखाड़ों के आचार्यों एवं संतगणों के साथ भोजन भी किया। इस दौरान श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज-श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा, श्री महंत कौशल गिरी महाराज-श्री पंचायती आनंद अखाड़ा, श्री महंत हरिगिरी महाराज-श्री पंचदशनाम जूना भैरव अखाड़ा, डॉ. साधनानन्द जी महाराज-श्री पंचअग्नि अखाड़ा, श्री महंत सत्यगिरि महाराज-श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा, श्री रविन्द्र पूरी महाराज श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा ,श्री महंत सत्यम गिरी महाराज-श्री पंचायती अटल अखाड़ा, श्री महंत मुरली दास महाराज-श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा, श्री महंत वैष्णव दास महाराज-श्री पंच दिगम्बर अनी अखाड़ा, श्री महंत राजेन्द्र दास जी महाराज-श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, श्री महंत दुर्गादास महाराज-श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़ा, श्री महंत भगतराम दास महाराज-श्री पंचायती नया उदासीन अखाड़ा, श्री महंत जसविंदर महाराज-श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा, सांसद राज्यसभा श्रीमती कल्पना सैनी, विधायक हरिद्वार मदन कौशिक, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, महापौर नगर निगम हरिद्वार किरन जैसल, महापौर नगर निगम रुड़की अनीता देवी अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा/पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द, आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, मेलाधिकारी सोनिका, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा मौजूद थे।



## धामी स्वर्गीय दिवाकर के परिवार से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय दिवाकर भट्ट के हरिद्वार शिवलोक स्थित आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिले तथा उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने दुख की इस घड़ी में परिजनों को धैर्य रखने को कहा तथा दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री धामी ने स्वर्गीय दिवाकर भट्ट के पुत्र ललित भट्ट एवं उनके परिजनों को आश्वस्त किया है कि दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है।



## ग्रामीण क्षेत्रों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपद में दसवें दिन भी जनपद के शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी चलाया गया सफाई अभियान। बी.एच.ई.एल नगर प्रशासक एवं संपदा अधिकारी बी.एच.ई.एल संजय पवार ने अवगत कराया है कि बीएचईएल टाउनशिप एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट द्वारा भगत सिंह चौक से बी.एच.ई.एल स्टेडियम तक सफाई अभियान चलाया गया। ई.ओ मंगलौर उत्तम नेगी ने अवगत कराया है कि नगर पालिका परिसर मंगलौर के सफाई कर्मचारियों द्वारा कस्बा मंगलौर के हाईवे पर एवं मोहल्लों में साफ सफाई अभियान सात ही लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया गया।

## स्ट्रीट फूड प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि स्ट्रीट फूड वेंडर्स शहर की खाद्य व्यवस्था की रीढ़ हैं तथा आत्मनिर्भर भारत के सहयोगी है। उन्होंने स्वच्छता मानकों पर आधारित सेवा भाव को उजागर करते हुए कहा कि यदि वेंडर्स पूर्ण स्वच्छता मानकों के साथ शुद्ध भोजन तैयार करेंगे तो हरिद्वार से एक अच्छा संदेश देश-दुनिया तक जाएगा। प्रशिक्षण वेंडर्स को स्वच्छता एम्बेसडर बनाएगा जिनका व्यवहार पूरे प्रदेश में अनुकरणीय होगा। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण उत्तर क्षेत्र कार्यालय, गाजियाबाद ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड के सहयोग से ऋषिकुल परिसर के सभागार में स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए स्ट्रीट फूड प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। हरिद्वार और आसपास के क्षेत्रों से लगभग 500 स्ट्रीट फूड वेंडर्स ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, हरिद्वार के सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी वेंडर्स को सुरक्षित, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने, कार्यस्थल को स्वच्छ रखने और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की शपथ दिलाई। इसी अवसर पर पाँच वेंडर्स को ऑन-द-स्पॉट FoSTaC प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। साथ ही, Lions Club हरिद्वार की टीम को उनके सहयोग हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एफ.एस.एस.ए.आई के संयुक्त निदेशक अंकेश्वर मिश्र ने प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि मनीष कौशिक, सी.एफ.एस.ओ हरिद्वार ने कहा कि कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उद्योग राज्य मंत्री श्यामवीर सिंह ने कहा, "स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है और यह प्रशिक्षण वेंडर्स के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। स्ट्रीट फूड वेंडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने इसे सामूहिक सुधार का महत्वपूर्ण प्रयास बताया। प्रशिक्षण सत्र में प्रीति त्रिपाठी एवं दिव्य कुमार दत्त ने वेंडर्स को सुरक्षित खाद्य संचालन, व्यक्तिगत स्वच्छता, जल एवं बर्तन सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन, उपभोक्ता सुरक्षा तथा कार्यस्थल की सफाई पर व्यावहारिक प्रदर्शन दिए। संचालन डॉ. अनुराग गुप्ता ने किया। ज्ञातव्य है कि FSSAI उत्तराखण्ड के तीन संसदीय क्षेत्रों गढ़वाल, हरिद्वार, नैनीताल उधमसिंह नगर में करीब 3,000 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को स्वच्छता, हाइजीन और खाद्य सुरक्षा पर प्रशिक्षित कर रहा है।



## खेल महोत्सव में सांसद ने अपने विचार से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन आज लक्सर व ज्वालापुर विधानसभा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें लक्सर विधानसभा में लगभग 1000 खिलाड़ियों ने तथा ज्वालापुर विधानसभा में लगभग 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया लक्सर विधानसभा क्षेत्र की प्रतियोगिता का शुभारंभ जगदमनि पब्लिक स्कूल में ज्वालापुर विधानसभा के डी.पी.एस दौलतपुर में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने किया इस अवसर पर त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सभी प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी खेल प्रतियोगिता में भारत का नाम रोशन करे युवा नशे से दूर रह कर शारीरिक रूप से मजबूत बने क्योंकि युवा शक्तिशाली होगा तो देश भी शक्तिशाली होगा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से जिस प्रकार खेल के क्षेत्र में भारत के युवा दुनिया में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं मोदी की प्रेरणा से ही देश के सभी संसदीय क्षेत्रों में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन किए जा रहे है हरिद्वार लोकसभा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सभी प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करी और जगदमनि पब्लिक स्कूल और डी.पी.एस दौलतपुर स्कूल के प्रबंधन टीम का भी आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी पूर्व राज्यमंत्री विमल कुमार, अमरीश गर्ग, ठाकुर सुशील चौहान, योगेश चौहान जयभगवान सैनी, अभिषेक जमदग्नि, पीयूष जैन, विकास गोयल, अजय जैन, सचिन अग्रवाल, नितिन चौहान जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, दीपांशु शर्मा, हितेश चौहान, उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, नवनीत परमार, मंडल अध्यक्ष चित्र सैनी, मंडल अध्यक्ष पवन कपूर, मोहित वर्मा, प्रताप प्रधान रीता सैनी, राजवीर शिवम् त्यागी सुबोध राकेश, सुधीर कुमार, भूप सिंह, समेत भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## शस्त्र व आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** एस.एस.पी द्वारा अवैध शस्त्रों का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बहादराबाद पुलिस द्वारा प्रभावी चेकिंग एवं गश्त निरंतर चल रही है। इसी क्रम में पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर पुराना पथरी पावर हाउस, बहादराबाद क्षेत्र में संगीन वारदात को अंजाम देने की नीयत से संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्ति सुनील उर्फ काकी पुत्र रणवीर सिंह, निवासी बहादराबाद, को बीती रात्रि अवैध चाकू के साथ दबोचा। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

थाना पथरी पुलिस द्वारा दिनांक 27 नवंबर को बंगला बस्ती पथरी को जाने वाले मार्ग से एक आरोपी आसिफ पुत्र तहसीन को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब की तस्करी करते हुए पकड़ा गया जबकी उसका साथी मौके से फरार हो गया। दोनों के खिलाफ थाना पथरी पर आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

दिनांक 27 नवंबर को कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने जगपाल नाम के संदिग्ध को होली गंगेज स्कूल सराय रोड के पास से 50 पव्वे देशी शराब के साथ दबोचा। आरोपी के खिलाफ कोतवाली ज्वालापुर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभीयोग पंजीकृत किया गया।

दिनांक 28 नवंबर को सिडकुल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत फ्रेंड्स कॉलोनी ट्रांसफार्मर के पास चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 48 पैकेट नाजायज देशी शराब किन्नू मार्का बरामद किए गया आरोपी प्रतिसरवन उर्फ छुट्टन पुत्र मदनपाल निवासी औरंगाबाद सिडकुल के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।



## गुरुकल के छात्र को कुश्ती प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गौरव चौधरी ने खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 के पाँचवे संस्करण में कुश्ती के फाईनल में सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों में सिल्वर मेडल के साथ दो दिन पहले यू.पी स्टेट ओपन कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित करके गुरुकुल कांगडी समविश्वविद्यालय का मान दोगुना कर दिया है। गौरव की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रोफेसर प्रतिभा एम लूथरा ने छात्र के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए अपने बधाई संदेश में कहाँ कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नही होती है। सम तथा विषय दोनो परिस्थितियों में खिलाड़ी अपने श्रम एवं तप से अपनी उपलब्धि अर्जित करता है जो छात्रों के लिए प्रेरणा का काम करती है। उन्होने युवाओं का आहवान किया है कि पढाई के साथ किसी खेला को भी अपने कैरियर का हिस्सा बनाना चाहिए। यह लक्ष्य प्राप्ति की कई कठिनाईयों में बेहतर तालमेल स्थापित करने में मददगार सिद्व होता है। विश्वविद्यालय कुलसचिव एवं क्रीडा परिषद के सचिव प्रो विपुल शर्मा ने कहा कि गुरुकुल के छात्रों में आज प्रतिभा की कोई कमी नही है बेहतर सुविधा एवं पर्याप्त संसाधन खिलाडी एवं छात्रों को प्राथमिकता है। जिसका पूरा प्रयास विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा। क्रीडा परिषद के संयोजक डॉ शिवकुमार चौहान ने बताया कि गौरव को 87 किलोग्राम भार वर्ग में ग्रीकों रोमन स्टाईल कुश्ती के फाईनल में सिल्वर मेडल प्रदान किया है। उनके प्रतिद्वंदी गुरू काशी विश्वविद्यालय,पंजाब के युद्धवीर सिंह ने 2-1 के अन्तर से गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। टीम कोच सुनील कुमार ने खिलाडी गौरव चौधरी के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की है। इस उपलब्धि पर छात्र गौरव चौधरी को डा. शिवकुमार चौहान, डॉ कपिल मिश्रा, शिक्षकेत्तर कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष रजनीश भारद्वाज, महामंत्री नरेन्द्र मलिक, डॉ अनुज कुमार सहित क्रीडा परिषद के सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उधर हॉकी में गुरुकुल की टीम अपना पहला मुकाबला जीतने के बाद दूसरे दिन का खेल महात्मा गांधी काशी विश्वविद्यालय, बनारस के साथ खेलने उतरेगी। कुलपति प्रोफेसर लूथरा ने हाकी टीम को रक्षात्मक एवं अनुशासित ढंग से खेलने की अग्रिम शुभकामनाएं दी वही मेडल के साथ गौरव चौधरी के परिसर पहुँचने पर उसे सम्मानित किया जायेगा।



## जागरूकता शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को दी कानूनी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से ज्वालापुर स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकार मित्र पंडित दिव्यांश शर्मा, अंशिका कुमारी तथा पैनल लॉयर काजल सैनी सहित पूरी टीम ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किए गए शिविर में पोक्सो, यातायात नियम, शिक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा, एनडीपीएस एक्ट, साइबर लॉ, जुवेनाइल बोर्ड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निशुल्क कानूनी सहायता एवं निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही स्कूल के बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर क्राइम शिकायत नंबर 1930, निशुल्क कानूनी सलाह टोल.फ्री नंबर 15100 तथा एम्बुलेंस सेवा 108 के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में बच्चों को मोबाइल में अत्यधिक गेम खेलने से बचने, नशा और जुए से दूर रहने की सलाह दी गई। उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि वे देश की भावी युवा पीढ़ी हैं और जागरूक, शिक्षित तथा नशा.मुक्त रहकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने शिविर के आयोजन के लिए सभी अधिकार मित्रों तथा पैनल लॉयर का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।



## हरकी पैड़ी पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सत्य सनातन नारी शक्ति लोक लखनऊ के तत्वाधान में धर्म जागरण अभियान के तहत शुक्रवार को हरकी पौड़ी पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने सुंदरकांड का पाठ कर भक्तों को सुंदरकांड पाठ की महिमा से अवगत कराया। सपना गोयल ने कहा कि सुंदरकांड पाठ से पवित्रता और भक्ति का वातावरण बनता है। जीवन की बाधाएं और संकट दूर होते हैं। मानसिक शांति मिलती है। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। धर्म रक्षा के लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने चाहिए और व्यस्तताओं के बीच भक्ति के लिए अवश्य ही दिन निश्चित करें। समाजसेवी डा. विशाल गर्ग ने कहा कि धर्म जागरण अभियान चला रही सपना गोयल द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ के आयोजन से श्रद्धालुभक्त सुंदरकांड पाठ के महत्व से अवगत होंगे। जिससे सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार को बल मिलेगा। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि युवा पीढ़ी को पाश्चात्य संस्कृति के बजाए सनातन संस्कृति को अपनाना चाहिए और हिंदू संस्कृति के प्रचार प्रसार में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर विश्वास सक्सेना, राम गुप्ता, दीपक पवार, प्रीति, एसी गोयल, प्रगति शुक्ला, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।



## नाबालिग आरोपी से सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने बहला फुसलाकर कर ले जायी गयी दो नाबालिग बहनों को सकुशल बरामद करने के साथ आरोपियो को भी गिरफ्तार कर लिया है। 17 नवम्बर को मूल रूप से यूपी के मुजफ्फरनगर जनपद निवासी तथा हाल मे थाना क्षेत्र की एक कालोनी में रह रहे परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर नाबालिग बेटियों को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद विवेचक एस.आई मीनाक्षी बिष्ट के नेतृत्व में जांच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम ने नाबालिगों को ले जाने वाले आरोपियों राजा सैनी पुत्र समै सिंह व संदीप कुमार पुत्र जगपाल निवासी ग्राम बादशाहपुर थाना मंडावर, जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर दोनों नाबालिगों को सकुशल बरामद कर लिया।

## भव्य कार्यक्रम में डीएलएसए हरिद्वार को द्वितीय पुरस्कार मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन नैनीताल में मुख्य न्यायमूर्ति गुहानाथन नरेंद्र की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ न्यायमूर्ति उत्तराखंड, उच्च न्यायालय /कार्यकारी अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल मनोज तिवारी, न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठानी व जनपद नैनीताल के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, नैनीताल बार एसोशिएसन के सम्मानित अधिवक्तागण व स्थानीय स्कूल कॉलेज से आए छात्र-छात्राएं सम्मिलित रहे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार को पूरे प्रदेश में द्वितीय बेस्ट परफॉर्मिंग डी.एल.एस.ए ऑफ स्टेट के लिए प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान डी.एल.एस.ए देहरादून व तृतीय स्थान डी.एल.एस.ए नैनीताल का रहा। सचिव डी.एल.एस.ए हरिद्वार द्वारा बताया गया कि डी.एल.एस.ए हरिद्वार के अंतर्गत पूरे वर्ष की गई कार्यशैली तथा समाज के वंचित वर्ग को सस्ता व शुलभ न्याय प्रदान करने के प्रतिबद्धता व पूरे जनपद में निःशुल्क विधिक सहायता कार्यक्रम वैकल्पिक समाधान मध्यस्थता लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, वृहद्धस्तरीय नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, बच्चों व महिलाओं, वरीष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों के अधिकारों, चन नागरिकों व वंचित समुदायों के विधिक अधिकारों के व्यापक प्रचार प्रसार इत्यादि कार्य हेतु यह सम्मान प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र दत्त के मार्गदर्शन के अनुसार समस्त गतिविधियां व पूरी डी.एल.एस.ए टीम के सहयोग से यह सफलता हासिल की गई है। न्यायाधीश द्वारा सचिव सिमरनजीत कौर व उनकी टीम को शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा वर्ष भर किये गये कार्यों की सराहना की गयी। वर्ष 2025 में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार द्वारा मुख्यत: जो कार्य किये गये जिनमें जागरूकता शिविर 6203, रैलियो 14, कार्यशाला/ट्रैनिंग 30, उतराखण्ड यौन अपराध एंव अन्य अपराधों से पीड़ित/उत्तरजीवी महिलाओं हेतु प्रतिकर योजनाओं के अन्तर्गत 58 को लाभान्वित किया गया, विधिक कानूनी सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत जरूरतमन्द व्यक्तियों को 8845 विधिक सहायता प्रदान की गई।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# उत्तराखंड में सामूहिक खेती से आबाद हो रहे बंजर खेत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सहकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित माधो सिंह भण्डारी सहकारी सामूहिक खेती योजना बंजर खेतों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस योजना से बंजर हो चुके खेत न सिर्फ सरसब्ज हो रहे हैं बल्कि किसानों की आजी. विका को भी सुदृढ़ कर रही है।

वर्तमान में इस योजना के तहत 1235 एकड़ भूमि पर सामूहिक खेती की जा रही है, और प्रदेशभर के 24 सहकारी समितियां से जुड़े लगभग 2400 किसान लाभान्वित हो रहे हैं।राज्य सरकार ने प्रदेश में सामूहिक सहकारी खेती का सशक्त मॉडल तैयार कर पलायन से बंजर पड़े खेतों को सरसब्ज किया है। सरकार ने माधो सिंह भण्डारी सहकारी समूहिक खेती योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक में बंजर खेतों की पहचान कर 4750 एकड़ अनुपयुक्त भूमि को आबाद करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत 70 क्लस्टरों का चयन किया गया, जिसमें से 24 क्लस्टरों में चयनित सहकारी समितियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सामूहिक खेती की जा रही है। जिसमें नैनीताल व पौड़ी जनपद में 4-4, अल्मोड़ा, रूद्रप्रयाग, हरिद्वार चमोली व देहरादून में 1-1 तथा चम्पावत जनपद में 2 सहकारी समितियां के माध्यम से सामूहिक खेती की जा रही है। इन कलस्टरों में मिलेट्स, बेमौसमी सब्जियां, दालें, फल, औषधीय और सुगंधित पौधों की फसल, चारा फलस के साथ ही व्यावसायिक खेती की जा रही है। इसके अतिरिक्त इस योजना के तहत कृषि पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इन समितियों के माध्यम से वर्तमान में 1235 एकड़ भूमि पर सामूहिक खेती की जा रही है, जिससे लगभग 2400 किसान सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं। माधो सिंह भण्डारी सहकारी समूहिक खेती योजना से न सिर्फ प्रदेश कीं अनुपयोगी भूमि पुन: उपजाऊ हो रही है, बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से समृद्धि कर रही है। इसके अलावा यह योजना लोगों को रिवर्स माइग्रेशन के लिये भी प्रोत्साहित कर रही है। सहकारिता विभाग का लक्ष्य है कि आगामी वर्षों में सामूहिक खेती के इस मॉडल को और अधिक विस्तार दिया जायेगा। जिससे पलायन प्रभावित क्षेत्रों में कृषि आधारित रोजगार को बढ़ावा मिल सके और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल सके।



**■ माधो सिंह भण्डारी सामूहिक खेती योजना बनी वरदान, 2400 किसानों के जरिये 1235 एकड़ पर हो रही खेती**



माधो सिंह भण्डारी सहकारी समूहिक खेती योजना प्रदेश के ग्रामीण विकास व कृषि पुनर्जागरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। यह योजना न केवल बंजर भूमि को उपजाऊ बना रही है बल्कि किसानों को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है। –

**डॉ. धन सिंह रावत, सहकारिता मंत्री, उत्तराखंड।**

## अभाविप की सदस्यता पहुंची लगभग 77 लाख

**पिछले वर्ष की तुलना में 18 लाख की ऐतिहासिक बढ़ोतरी**

**देहरादून।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में अपनी ही सदस्यता संख्या का रिकॉर्ड तोड़ इस वर्ष 76,98,448 सदस्यता की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने शुक्रवार को देवभूमि उत्तराखण्ड के देहरादून स्थित परेड ग्राउंड में बसाए गए भगवान बिरसा मुंडा नगर में चल रहे विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष 76,98,448 सदस्यता पूरे देशभर से हुई है। पिछले वर्ष की गई सदस्यता में अभाविप ने 59 लाख 36 हजार सदस्य बनाए थे, जो इस वर्ष 76,98,448 हो गई है।

## डीएम ने अग्निवीर बने युवाओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला खेल विभाग की ओर से अग्निवीर बने युवाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीएम अंशुल सिंह ने युवाओं को सम्मानित कर खेल विभाग के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने चयनित अभ्यर्थियों के साथ बैठक कर संवाद किया और उनके भविष्य के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने अन्य प्रशिक्षुओं को भी इससे प्रेरणा लेने और बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण के कोच सागर सिंह बिष्ट को भी सम्मानित किया और युवाओं के भविष्य को लेकर किए गए उनके प्रयासों की सराहना की। खेल कार्यालय की ओर से युवाओं को दी जा रही इस प्रशिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए डीएम ने कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर यहां सीडीओ रामजी शरण शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या, अरूण बग्याल, फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष हरीश कनवाल, भूपेंद्र कनवाल, मदन बिष्ट, नवीन बिष्ट, दीपक जीना, मनीष कनवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# देव भूमि में साकार हो रहा विकसित भारत का स्वप्न : चमोली

**कहा- धामी सरकार में दोगुनी रफ्तार से हो रहा देवभूमि का विकास, विकास केंद्रित पत्रकार वार्ता श्रंखला की शुरूआत में मीडिया से रूबरू हुए प्रदेश प्रवक्ता**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा विधायक और प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने कहा कि धामी सरकार ने ऐतिहा. सिक रूप से डबल इंजन की सरकार ने दो गुनी रफ्तार से कार्य किया है।

विकास केंद्रित पत्रकार वार्ता श्रंखला की शुरुआत में पत्रकारों से वार्ता करते हुए चमोली ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पीएम मोदी का "विकसित भारत स्वप्नष देवभूमि में साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य का विकास आज जनता अनुभव कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व मे राज्य विकसित उत्तराखंड बनाने जा रहा है। आज भरोसे के साथ कहा जा सकता है कि उत्तराखंड न सिर्फ धार्मिक पर्यटन का केंद्र बन रहा है, बल्कि आधुनिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, सिर्फ केंद्र सरकार की विकास परियोजनाओं की बात करें तो 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं आज राज्य में प्रगतिशील हैं। जिसमें केदारनाथ–बद्रीनाथ मास्टर प्लान और चार धाम यात्रा में विकास की बात करें तो केदारनाथ में आधुनिक तकनीक और पारंपरिक स्वरूप दोनों को ध्यान में रखकर किया गया का पुनर्निर्माण कार्य अदभुत है। वहीं बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत सड़क, पार्किंग, आवासीय सुविधाओं और तीर्थ यात्रियों के लिए सभी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे परियोजना से श्रद्धालुओं को यात्रा में समय की बचत होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन होने वाला है।

उन्होंने कहा कि पहाड़ पर रेल चढ़ाने का सपना शीघ्र ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक बनने वाली रेल लाइन पर दौड़ेगा। सीएम धामी के कार्यकाल मे कठोरतम नकल निरोधक कानून बनाकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित एवं उज्जवल करने का ऐतिहासिक कार्य किया गया। प्रदेश में जड़े जमा चुके नकल माफियाओं का समूल नाश करते हुए अब तक 200 से अधिक अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। अब तक 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी है। इसी तरह, मातृशक्ति एवं राज्य आंदोलनकारी को सम्मान एवं सशक्तिकरण देते हुए क्रमश 30 एवं 10 फीसदी का आरक्षण दिया गया।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि डबल इंजन में हुए विकास का लेखा जोखा प्रस्तुत करने के लिए सभी सांगठनिक जनपद केंद्रों में हमारे वक्ता मीडिया के माध्यम से संवाद कर रहे हैं। जिसमें केंद्र और राज्य की सरकार में देवभूमि का हम कितना विकास करने में सफल हुए हैं और आगे की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। साथ ही उन अनेकों ऐतिहासिक, साहसिक एवं नवाचार के निर्णयों पर भी प्रकाश डालेंगे, जिनसे सृजित नया इतिहास अन्य राज्यों के लिए नजीर बना है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी एवं प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक भी मौजूद रही।

# गुणवत्तापरक शिक्षा को शिक्षकों के प्रशिक्षण पर फोकसः डॉ. रावत

## एससीईआरटी के पृथक कैडर की नियमावली तैयार, शीघ्र होगी लागू

**कहा, समग्र शिक्षा के तहत उच्चीकृत स्कूलों में होगा पदों का सृजन**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) तथा जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) के लिये पृथक शिक्षक संवर्ग का गठन किया जायेगा। इसके लिये विभागीय स्तर पर नियमावली तैयार कर दी गई है, जिसे शीघ्र ही कैबिनेट में प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अलावा समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिन विद्यालयों का उच्चीकरण किया गया है उनमें नये पदों का सृजन किया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को यमुना कलोनी स्थित शासकीय आवास पर विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने एससीईआरटी व समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में पृथक शिक्षक संवर्ग के गठन को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार एससीईआरटी व डायटों के प्रशास. निक व अकादमिक ढांचे में बड़े स्तर पर सुधार कर इसके पुनर्गठन की पहल की जा रही है। जिससे शिक्षण व प्रशिक्षण की गुणवत्ता में व्यापक स्तर पर सुधार होगा और छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा।

डॉ. रावत ने बताया कि एससीईआरटी में कुल 121 पदों का पुनर्गठन किया गया है, जिनमें अकादमिक के 58 और पैरा अकादमिक के 63 पद शामिल है। इसी प्रकार डायटों के लिये भी नवीन संरचना तैयार की गई है। शासन स्तर परएससीईआरटी व डायटों के प्रशासनिक ढांचा के पुनर्गठन को तैयार नई नियमावली को शीघ्र ही कैबिनेट में लाया जायेगा, जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि नई नियमावली के तहत एससीईआरटी व डायटों में लम्बे समय से रिक्त पड़े अकादमिक व पैरा अकादमिक के पदों को शीघ्र भरा जायेगा।

इसके अलावा बैठक में डॉ. रावत ने समग्र शिक्षा के तहत प्रदेशभर में उच्चीकृत किये गये विद्यालयों में आवश्यकतानुसार नये पदो का सृजन किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने तथा विभाग में अधिकारियों की कमी को शीघ्र दूर करने के लिये भी अधिकारियों निर्देश दिये। बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा दीप्ति सिंह, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार अनिरूद्ध निझावन का निधन

**काशीपुर।** काशीपुर से प्रकाशित हिंदी सांध्य दैनिक 'दशानन' के सम्पादक अनिरूद्ध निझावन जी का आज आकस्मिक निधन हो गया। अलीगंज रोड स्थित नसियापुरा निवासी श्री निझावन लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

# जिलाधिकारी ने नालों के डिस्चार्ज चिन्हीकरण के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक जिला. धिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जनपद की नदियों को स्वच्छ रखने, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने तथा सीवरेज का वैज्ञानिक तकनीक से निस्तारण करने समेत विभिन्न विषयों को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक में जिलाधिकारी निर्देश दिए कि अल्मोड़ा नगर के सभी 38 नालों के डिस्चार्ज का चिन्हीकरण करते हुए उसके ट्रीटमेंट के लिए व्यापक सर्वे किया जाए। कहा कि सर्वे में सबसे पहले स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाए। इसके लिए अतिरिक्त धनराशि को व्यय न करें बल्कि सरकारी धन का सदुपयोग करते हुए अपने संसाधनों का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द यह सर्वे कर लिया जाए, जिससे इसका डीपीआर बनकर शासन को प्रेषित किया जा सके। जिलाधिकारी ने अल्मोड़ा नगर के विस्तृत सीवरेज नेटवर्क का भी पता लगाने तथा नगर के सीवरेज सिस्टम को सुव्यवस्थित करने संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।


**न्यायालय असिस्टेन्ट कलेक्टर कीर्तिनगर टिहरी गढ़वाल।**

रा०वा०सं०–65/2023

अन्तर्गत धारा–229 (बी) ज०वि० एवं भूमि व्य०अधि०

**वादी–** कुशमीलाल पुत्र बालखू निवासी ग्राम–नैथाणा पट्टी–चौरास जिला–टिहरी गढ़वाल।

**प्रतिवादीगण–** सुरेन्द्र सिंह पुत्र गुलाब सिंह आदि निवासी ग्राम–नैथाणा पट्टी–चौरास टि०ग०।

**समन बनाम– (1)–** उम्मेद सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह ग्राम–नैथाणा पट्टी–चौरास टिहरी गढ़वाल।

**(2)–** जसवन्त सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह ग्राम–नैथाणा पट्टी–चौरास टिहरी गढ़वाल।

**(3)–** राजेश्वरी देवी पत्नी रामचन्द्र सिंह ग्राम–नैथाणा पट्टी–चौरास टिहरी गढ़वाल।

वादीगण उपरोक्त द्वारा प्रतिवादीगण के विरूद्ध इस न्यायालय में वाद दायर किया है, जिसमें प्रतिवादी/प्रतिवादीगण विरूद्ध पक्षकार है। उक्त के सम्बन्ध में आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31–12–2025 को बवक्त प्रातः 10AM बजे दिन असालतन या वकालतन जो भी मुकदमें से मुताल्लिक करार वाकई किया हो, और कुल वाकेआत अहम, मुतालिक मुकद्मा जवाब दे सके, और जवाबदेही दावा की करे, उपरोक्त नियत तिथि व समय पर अदालत हाजा कीर्तिनगर में हाजिर होकर पैरवी करें। अगर बतारीख मंदरजा आप हाजिर न होगे तो मुकद्मा मजकूर में बगैर आपकी हाजिरी के एक तरफा सुनवाई की जाकर उचित निर्णय/आदेश पारित किया जायेगा।

**आज्ञा से**
**प्रबन्धक/पेशकार**
**न्यायालय असिस्टेन्ट कलेक्टर कीर्तिनगर।**


# 'सरकार जनता के द्वार' नाम का

## जवाहर नगर के कार्यक्रम में नहीं पहुंचे अधिकारी, ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी ग्राम जवाहरनगर में उधम सिंह नगर जिला प्रशासन द्वाराआयोजित सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में अधिकारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के सभी 27 विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों को एक ही मंच पर उपलब्ध कराना था, ताकि ग्रामीण अपनी समस्याएँ दर्ज कर सकें और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सकें। तय कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2.30 बजे शुरू हुए इस शिविर में मात्र जिला उद्योग केंद्र की प्रभारी महाप्र. बंधक योगिता जोशी, स्वास्थ्य विभाग और गन्ना विभाग के प्रति. निधि ही पहुंचे। जबकि शेष 24 विभागों के अधिकारी न तो स्वयं कार्यक्रम में उपस्थित हुए और न ही अपने किसी प्रतिनिधि को भेजना जरूरी समझा। अधिकारियों की इस लापरवाही के कारण लोक निर्माण, विद्युत, पेयजल, श्रम, शिक्षा, कृषि, दुग्ध विकास, समाज कल्याण, पूर्ति तथा पंचायती राज जैसे महत्वपूर्ण विभागों से संबंधित समस्याएं लेकर पहुँचे ग्रामीण निराश होकर खाली हाथ लौट गए। ग्रामीणों ने इसे प्रशासन की उदासीनता बताते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही करने की मांग की। काफी इंतजार के बाद कार्यक्रम की औपचारिक अध्यक्षता ग्राम प्रधान तारा पांडे और जिला उद्योग केंद्र की प्रभारी महाप्रबंधक योगिता जोशी ने की। महज 20 मिनट की औपचारिक कार्यवाही में योगिता जोशी ने उद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और कार्यक्रम समाप्त कर दिया। ग्राम प्रधान तारा पाण्डे ने कहा कि गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चकराता, देहरादून।**

पत्रांक 2813/लेखा/पी0ए0ए0जी0वाए0/अल्प कालीन निविदा/25–26 दिनांक 28/11/25

**अल्पकालीन निविदा**

जिला समाज कल्याण अधिकारी, देहरादून के कार्यालय पत्र संख्या3252/स0क0/पी0एम0ए0जी0वाए/योजना भुगतान/2025–26 दिनांक 17–10–2025 के क्रम में निम्न कार्य की सील बन्द निविदाये दिनांक 13–12–2025 को पंजीकृत ठेकेदार से अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 3.00 बजे अपरान्ह कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चकराता में अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि की तिथि से दिनांक 11–12–2025 को सांय 4.00 बजे तक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चकराता में विक्रय की जायेगी। कार्यो से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं विभागीय शर्ते आदि किसी भी कार्यदिवस में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0स0 0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत की 2 % धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18% जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि माह में | निविदा की वैधता माह में | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष सी0एस0सी0 हेतु | 12000 | 1000+ जी0एस0टी0 | 04 माह | 45 दिन | ई एवं उच्चतर |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**चकराता**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बेरीनाग**

निविदा सूचना सं0 1855/3A — दिनांक– 27.11.2025

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग, बेरीनाग द्वारा निम्नलिखित कार्यो की सील्ड निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.11.2025 से दिनांक 08.12.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती हैं तथा दिनांक 09.12. 2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों में डाले जा सकती है।

निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन0एस0सी0 अथवा डाकघर, बचत पासबुक शैड्यूल आफ बैंक की एफ0डी0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, बेरीनाग के पद नाम से बन्धक हो लगाना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 (रू0 एक सौ मात्र) का नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।

1–कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 बेरीनाग।
2–कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, पिथौरागढ़।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | दैवीय आपदा वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट के अन्तर्गत अल्मोड़ा–अबेरीनाग अस्कोट गोटर मार्ग (एस0एच0–03) उडियारी बैण्ड से थल प्रभाग में किमी0 124.00 व 125.00 में इण्टरलॉकिंग टाइल द्वारा सुधारीकरण का कार्य। | 8100.00 | 500.00+ (18%GST) | 01 माह | 01 माह | मार्ग कार्य में डी अथवा उच्चतर |
| 2. | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट में डंगोली–दाडिमखेत – धरमघर–कोटमन्या– पांखू– मोटर मार्ग (एस0एच0–60) में सुधारीकरण हॉटमिक्स का कार्य के अन्तर्गत मोटर मार्ग का 3 वर्षीय रख–रखाव का कार्य (तृतीय वर्ष हेतु) (कोटमन्या– बरड़ बैण्ड तक का प्रभाग) किमी0 115.00 से किमी0 117.00। | 10000.00 | 500.00+ (18%GST) | 45 दिन | 06 माह | –तदैव– |
| 3. | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट में डंगोली–दाड़िमखेत – धरमघर–कोटगन्या– पांखू– मोटर मार्ग (एस0एच0–60) में सुधारीकरण हॉटमिक्स का कार्य के अन्तर्गत मोटर मार्ग का 3 वर्षीय रख–रखाव का कार्य (तृतीय वर्ष हेतु) (कोटमन्या–बरड़ बैण्ड तक का प्रभाग) किमी0 112.00 से किमी0 114.00। | 10000.00 | 500.00+ (18%GST) | 45 दिन | 06 माह | –तदैव– |

निविदा दिनांक 09.12.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार रामक्ष अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

(इं0 एम0 के0 भट्ट)
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, बेरीनाग

# जिपं चुनाव प्रकरण: हाईकोर्ट ने दिए एसएसपी व पांचों सदस्यों को पेश होने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 14 अगस्त 2025 को हुए नैनीताल जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में हुए बवाल व 5 बीडीसी सदस्यों के अपहरण व चुनाव में डाले गए एक मतपत्र में ओवरराइटिंग की शिकायत व जिला पंचायत चुनाव में रि-पो. लिंग तथा निष्पक्ष चनाव कराने को लेकर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को गंभीर मानते हुए मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने एसएसपी नैनीताल को निर्देश दिए हैं कि आगामी तिथि तक की गई जांच की प्रगति रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें साथ में कोर्ट मे पेश हों। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 3 दिसंबर बुधवार की तिथि नियत की है और कोर्ट ने पांचों अपहरित किए गए जिला पंचायत सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने को कहा है। मामले की अब 3 दिसंबर की तिथि नियत की है। शुक्रवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ में हुई।

## डीएलएड कर रहे उम्मीदवारों को राहत देने से इन्कार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक पदों के लिए आवेदन करने वाले उन उम्मीदवारों को राहत देने से इनकार कर दिया है, जो अभी भी दो वर्षीय डीएलएड कोर्स कर रहे हैं और जिनका परिणाम दिसंबर 2025 में आने की संभावना है। हाईकोर्ट ने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि तक सभी पात्रता मानदंडों का पालन होना चाहिए और न्यायालय का हस्तक्षेप चयन प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। उम्मीदवारों ने आवेदन जमा करने के लिए अतिरिक्त 15 दिन का समय देने की मांग की थी, लेकिन न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने इस अनुरोध को खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि के बाद पात्रता का आकलन नहीं किया जा सकता, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में तय किया गया था। इस आधार पर याचिकाओं को खारिज कर दिया गया।

## कार्बेट नेशनल पार्क में जिप्सी संचालन पर सुनवाई अब 5 दिसंबर को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कार्बेट नेशनल पार्क में जिप्सी संचालन को लेकर नए पंजीकृत स्थानीय वाहन स्वामियों को पार्क के द्वारा जारी लिस्ट में शामिल नहीं करने के मामले में दायर कई याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने डायरेटर कार्बेट पार्क को टाईगर कंजर्वेशन प्लान की प्रति कोर्ट में पेश करने को कहा है ताकि कार्बेट नेशनल पार्क में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके ताकि इसपर निर्णय लिया जा सके और जंगल से जुड़े लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। बता दें मामले की सुनवाई शुक्रवार को मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ में हुई। अगली सुनवाई 5 दिसंबर तिथि नियत की है।

# चिकित्सा शिक्षा निदेशक ने किया कैंसर अस्पताल का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** चिकित्सा शिक्षा निदेशक डा. अजय आर्य ने शुक्रवार को स्वामी राम कैंसर संस्थान और टीबी चेस्ट विभाग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निदेशक कैंसर संस्थान डा. केसी पांडे से स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट और विभागाध्यक्ष टीबी चेस्ट विभाग डा. आरजी नौटियाल से टीबी चेस्ट विभाग के संबंध में विस्तृत जानक. ारी ली। निदेशक डा. आर्या ने विभाग में उपलब्ध उपकरणों, कैंसर वार्ड व टीबी वार्ड की व्यवस्थाओं तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही उपचार सुविधाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने प्रस्तावित निर्माणाधीन कार्यों के संबंध में निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कैंसर संस्थान में आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर के निर्माण में तेजी लाने तथा कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी विभागाध्यक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करे। साथ ही उन्होंने डा. केसी पांडे को हर 15 दिन में निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। डा. आर्या ने कहा कि हल्द्वानी का कैंसर हॉस्पिटल कुमाऊं के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मरीजों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही स्पेशलिटी एवं सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों की कमी को भी दूर किया जाएगा, जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डा. जीएस तितियाल, डा. निर्दोष पंत, डा. जलज गौड़, डा. ललित, डा. नलिन गोयल, पंकज बोरा, हिमांशु वार्ष्णेय मौजूद रहे।

## एक नजर

### जनहित संस्था के वरिष्ठ सदस्य को पितृ शोक

**नैनीताल।** नगर की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था के वरिष्ठ सदस्य अमित रस्तोगी के पिता दिनेश रस्तोगी (76) के निधन पर संस्था के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने गहरा दुख जताया है। इसी सिलसिले में संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों की शुक्रवार को शोक सभा संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में हुई जिसमें दिवगंत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष अशोक साह, महासचिव महेश चंद्र आर्य, उपाध्यक्ष भुवन कुमार समेत वकीलुद्दीन, सिद्धार्थ बिष्ट आदि सदस्य मौजूद थे।

### गज़ाला ने वार्ड के लिए सीएम से मांगे 15 लाख

**नैनीताल।** नगर के सूखाताल वार्ड की पालिका सभासद गजाला कमाल ने सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी से वार्ड के विभिन्न विकास कार्यो के लिए अल्पसंख्यक कल्याण मद से 15 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत करने की गुजारिश की है। सभासद ने मामले को लेकर नैनीताल प्रवास के दौरान उन्हें ज्ञापन भी सौपा। उन्होंने कहा कि सूखाताल वार्ड में वर्तमान में सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता व सामुदायिक सुविधाओं व अन्य मूलभूत विकास कार्यो की तुरंत जरूरत है जिसका क्रियान्वयन वर्तमान में सीमित संसाधनों की वजह से संभव नहीं हो पा रहा है। कहा कि धनराशि के स्वीकृत होने से वार्ड के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी।

### कामरेड राजा बहुगुणा ने निधन पर जताया शोक

**नैनीताल।** पूर्व विधायक डा.नारायण सिंह जंतवाल ने कामरेड राजा बहुगुणा के निधन पर गहरा दुख जताया है। प्रेस को जारी बयान में डा. जंतवाल ने कहा है कि कामरेड राजा बहुगुणा जिन्हें हम लोग राजा भाई के नाम से शुरूआती दौर से संबोधित करते रहे उनके दिवंगत होने की खबर से मन बहुत उदास है। कहा कि बीमारी के बाद उनका इलाज ठीक ठाक चल रहा था उन दिनों उनसे बातचीत होती रही।

### आरएसएस ने चलाया वृहद जनसंपर्क अभियान

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताबदी वर्ष पूर्ण होने पर भवाली नगर के पंत स्टेट तथा रानीखेत रोड क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रत्येक हिन्दू परिवारों में जाकर संघ स्थापना एवं राष्ट्र निर्माण के कार्य में संघ की भूमिका तथा पंच परिवर्तन जैसे सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन तथा नागरिक कर्तव्यबोध के संबंध में अवगत कराया गया। इस अवसर पर नगर संघ चालक कैलाश चंद्र सुयाल समेत प्रमोद सिंह बिष्ट, अंशुमान सिंह दफौटी, मन मोहन निगलटिया, भरत भट तथा नवीन सिंह उपस्थित रहे।

### राजनीति विज्ञान विभाग में व्याखयानमाला

नैनीताल। कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के राजनीति विज्ञान विभाग में संविधान दिवस के अवसर पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता उच्च न्यायालय के सीएससी एडवोकेट चंद्र शेखर सिंह रावत रहे। रावत ने संविधानिक मूल्यों तथा संविधान के अंतर्गत हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्णयों का जिक्र किया, जिन्होंने लकीर का काम किया। कहा कि संविधान हमारी पहचान है। संचालन डा. पंकज नेगी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कहा कि कोई भी संविधान स्वयं में संपूर्ण या महान नहीं होता संविधान को महान बनाता है वहां की जनता। विभाग के अध्यक्ष प्रो. कल्पना अग्रहरि ने संविधान के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी साझा करी साथ ही मुख्य वक्ता चीफ स्टैंडिंग काउंसिल एडवोकेट चंद्रशेखर सिंह रावत को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। एडवोकेट रावत ने अपने व्याखयान में संवैधानिक मूल्य, सामा. जिक न्याय तथा समानता और राष्ट्रीय अखंडता एवं मौलिक अधिकारों, राज्य के नीति निर्देशक तत्व व मूल कर्तव्यों पर सार गर्वित व्याख्यान दिया।

### 'पैडमैन' डा. वीरेन दवे का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एनसीडब्ल्यूडीसी टीम ने राजपुरा क्षेत्र में पहुंचे इंटरनेशनल पैडमैन और संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डा. वीरेन दवे का गर्मजोशी से




स्वागत किया। इसके उपरांत निक. ाली गई पैड यात्रा में महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वास्थ्य, स्वच्छता और सैनिटरी नैपकिन के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। प्रो. दवे ने बताया कि संगठन राष्ट्रीय स्तर पर ग्रामीण महिलाओं तक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन मेघा त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय संयुक्त सचिव चंपा चिलवाल, राष्ट्रीय सचिव उषा नरेंद्र जैन, दीप्ति चुफाल, रूपम खन्ना, लीना शर्मा, जया कर्नाटक, नलिनी त्रिपाठी, शशि सिंह, राधा आर्या, मंजू बिष्ट, समाजसेवी डिंपल पांडे, लक्ष्मी नारायण, सुरेश कपिल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुविधा पाने को तरसे ग्रामीणों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** राज्य गठन के 25 साल बाद भी कई गांवों में विकास की किरण नहीं पहुंची जिले के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गलनी भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क सुविधा के नाम पर वर्ष 2023 में राज्य योजना के अंतर्गत राज्य मार्ग संखया 64 मोटर मार्ग के किमी 81 से ग्राम पंचायत गलनी जामनी की ओर ढाई किलोमीटर मोटर मार्ग निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग अस्थाई खण्ड भवाली द्वारा आगणन तैयार किया गया मुखय अभियंता हल्द्वानी द्वारा प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण को स्वीख्रति के लिए सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड शासन देहराडून को भेजा गया जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों द्वारा लोक निर्माण विभाग के सचिव को भी ज्ञापन भेजा जा चुका है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत गलनी पंकज बर्गली ने कहा कि सड़क सुविधा न होने से सबसे ज्यादा बीमार और गर्भवती महिलाओं को परेशानियां झेलनी पड़ती हैं डंडी कंडी के सहारे मुख्य मोटर मार्ग तक ले जाया जाता है और क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा भी नहीं होने के कारण वहा से सौ किलोमीटर दूर हल्द्वानी अन्य अस्पतालों का रुख किया जाता है।

# पुलिस लाइन में भव्य परेड

## एसएसपी डा. मंजूनाथ ने शस्त्राभ्यास कराया



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाईन नैनीताल में भव्य परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान जवानों की ड्रिल तथा शारीरिक दक्षता और हथियार हैंडलिंग का बारीकी से आंकलन किया गया। परेड के दौरान महिला तथा पुरूषों तथा यातायात की अलग अलग टोली बनाकर शस्त्राभ्यास तथा हथियार हैंडलिंग का अभ्यास कराया गया।

हथियार हैंडलिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर महिला आरक्षी कौशल्या त्रिकोटी को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस फोर्स में महिलाएं पुरूष से कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। कहा कि हर मोर्चे पर महिलाओं को आगे रहना चाहिए। महिलाओं को किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने तथा शस्त्रों के बारे में पूर्ण जानकारी रखने के निर्देश दिए गए।

परेड के दौरान सभी को आवंटित सरकारी वाहनों के लॉग बुक तथा फिटनेस एवं मेंटीनेंस का भी गहनता से आंकलन किया गया। वाहन चालकों से वाहनों की कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। परेड में एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्र, पुलिस उपाधीक्षक हल्द्वानी नितिन लोहनी, पुलिस उपाधीक्षक रामनगर सुमित पांडे, पुलिस उपाधीक्षक नैनीताल अमित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रविकांत सेमवाल समेत प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हरकेश सिंह सहित सभी थाना चौकी एवं शाखा प्रभारी वह अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग टीम की छापेमारी

**नैनीताल।** मल्लीताल स्थित गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। अचानक हुई इस छापेमारी से होटल, रेस्टोरेंट संचालकों में हड़कंप मच गया। टीम ने दर्जनभर से अधिक रेस्टोरेंट व खाद्य दुकानों की जांच कर स्वच्छता मानकों का आकलन किया। बता दें एसडीएम नैनीताल नवाजिश खालिक के निर्देश पर चली इस कार्रवाई में अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, किचन की सफाई तथा स्टोरेज व्यवस्था और कर्मचारियों के हाइजीन से जुड़े मानकों की जांच की। कई स्थानों पर अव्यवस्थाएं मिलने पर संचालकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। टीम ने खाद्य व्यवसायियों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी भी दी।

# नैनीताल में 480 लोगों को जान का खतरा

## हर माह 30 से अधिक लोग कर रहे बंदूक लाइसेंस के लिए आवेदन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल में इन दिनों बंदूक लाइसेंस को लेकर असामान्य बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बीते कुछ महीनों में ऐसे 480 लोग सामने आए हैं जिन्होंने प्रशासन को बताया है कि उन्हें जान का खतरा है और इसी कारण वे हथियार का लाइसेंस प्राप्त करना चाहते हैं। यही वजह है कि जिले में हर माह औसतन 30 से अधिक नए आवेदन जमा हो रहे हैं। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया बन्दुक के लाइसेंस के आवे. दकों खुद को असुरक्षित बताते हुए जान माल का खतरा बताया है और अधिकांश लोग अपनी सुरक्षा के लिए हथियार की मांग कर रहे हैं। कई आवेदक प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। फार्म भर रहे हैं और अपनी स्थिति को खतरे में बताकर खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

### तीन स्तर की जांच के बाद ही मंजूरी

**नैनीताल।** अपर जिलाधिकारी विवेक राय के अनुसार लाइसेंस प्रक्रिया अब पहले से कहीं अधिक कठोर है। उन्होंने बताया तीन स्तर की गहन जांच के बाद ही किसी भी आवेदक को लाइसेंस दिया जाता है। जांच में पुलिस रिपोर्ट, फील्ड वेरिफिकेशन और चरित्र परीक्षण शामिल हैं। केवल वे ही लोग लाइसेंस पा सकेंगे जिनकी आवश्यकता पूरी तरह साबित होती है।

### तीन हथियार वाले 34 लाइसेंस होंगे निरस्त

**नैनीताल।** जिले में जहां नई मांग बढ़ रही है वहीं प्रशासन ने ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है जिन्होंने नियमों का उल्लंघन किया है या जिनके पास हथियार रखने की आवश्यकता अब साबित नहीं होती। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि तीन असलहाधारकों के लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही अपर जिलाधिक. ारी ने कहा 2016 के बाद से जिन लाइसेंस धारकों ने अपने शस्त्र ऑनलाइन नहीं किए हैं वह जल्द से जल्द अपने शस्त्र ऑनलाइन कर दें अन्यथा उनकी भी निरस्तीकरण की कार्रवाई अमल मिलाई जाएगी।

### लोगों का कहना-हमारी जान को खतरा

**नैनीताल।** लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले लगभग सभी व्यक्तियों ने प्रशासन को एक ही तर्क दिया है उन्हें अपनी जान का डर है। कई लोगों ने पुरानी रंजिशों, धमकियों तथा जमीनी विवाद और पेशागत जोखिम को कारण बताया है। हालांकि प्रशासन ऐसे दावों की सत्यता पर विशेष नजर रखे हुए है और हर मामले की जांच खुद कर रहा है।

# नैनीताल में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल और सचिव पारुल थपलियाल द्वारा शुक्रवार को जी.बी.पंत उच्च



स्थलीय प्राणी उद्यान में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (पॉश एक्ट) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पॉश अधिनियम 2013 के तहत महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने और यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कानूनी जानकारी दी गई। इस अधिनियम के तहत नियोक्ता पर कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने और शिकायत समिति बनाने की जिम्मेदारी होती है। सचिव पारुल थपलियाल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और पौश एक्ट के अनुपालन के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में वन विभाग के अधिकारी, वन दरोगा, वन आरक्षी और फॉरेस्ट गार्ड ने भाग लिया।

# मातृशक्ति को सशक्त बनाना समाज के आधारभूत ढांचे के लिए जरूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** समाजशास्त्र विभाग एवं आंतरिक शिकायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में आईसीसी पर संगोष्ठी का आयोजन डिग्री कालेज बेतालघाट में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार ने विद्यालंकार द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि समाज को सुचारु रूप से चलाने के लिए दो व्यवस्थाएं आवश्यक हैं पहली संस्कार और दूसरी शासन व्यवस्था। समाज में कई बार संस्कार व्यवस्था प्रभावी न हो पाने के कारण शासन व्यवस्था को सुदृढ़ होना पड़ता है। उन्होंने आगे बताया कि सुरक्षित कार्यस्थल हर महिला का अधिक. ार है और साथ ही प्रत्येक संस्था कि यह जिम्मेदारी है कि उनको ये अधिकार प्रदान किया जाए। कहा कि मातृशक्ति को सशक्त बनाना समाज के आधारभूत ढांचे के लिए आवश्यक है।

इसके साथ ही उन्होंने महाविद्यालय में गठित आंतरिक शिकायत समिति के बारे में बताया। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में इस तरह की किसी भी घटना की जानकारी को आंतरिक शिकायत समिति सदस्यों के समक्ष रखने रखने को छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डा. इप्सिता सिंह ने पीओएसएच एक्ट 2013 एवं विशाखा गाइडलाइन के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही उन्होंने पीपीटी के माध्यम से सुरक्षित कार्यस्थल थीम पर एक संक्षिप्त वीडियो दिखाई। आईसीसी सेल के संयोजक डा. जयती दीक्षित ने महाविद्यालय में गठित आईसीसी सेल उनके सदस्य, दायित्व एवं यौन उत्पीड़न की परिभाषा आदि पर छात्र छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. दीपक ने किया और साथ ही उन्होंने पंचशील सिद्धांत पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक गण शिक्षणेतर कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नितिन लोहनी को विदाई

**हल्द्वानी।** सीओ हल्द्वानी नितिन लो. हनी का सीबीसीआईडी सेक्टर हल्द्वानी स्थानान्तरण होने पर शुक्रवार को एक समारोह में भावभीनी विदाई दी गयी। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सीओ नितिन लोहनी के कार्य के प्रति समर्पण तथा बेहतर कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हुए अग्रिम तैनाती की शुभकामनाएं दी। सीओ नितिन लो. हनी वर्ष 2021 से जनपद में नियुक्ति के दौरान सीओ रामनगर, भवाली, सीओ ऑपरेशन तथा इसके बाद सीओ हल्द्वानी के पद पर तैनात रहे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक डा. जगदीश चंद्रा, सीओ रामनगर सुमित पांडे, नैनीताल अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हरकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# आज रिटायर्ड होंगे एनसीसी के कमांडर राजेश कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** 79 यूके बटालियन एनसीसी के कमाडिंग अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक शनिवार (आज) सेवानिवृत होंगे। कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के एनसीसी अधिकारी मेजर प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट के मुताबिक सीओ कर्नल राजेश कौशिक ने तीन साल पूर्व बटालियन में 78 बटालियन हल्द्वानी से नैनीताल बटालियन में 9 नवबंर 2023 को पदभार ग्रहण किया था। वह एएससी रेजिमेन्ट के अधिकारी रहे हैं। कर्नल राजेश कौशिक 79 बटालियन एनसीसी नैनीताल ग्रुप के लिए ऐतिहासिक समय रहा। इन्होंने एकता और अनुशासन को कैडेटों के अन्दर से उजागर किया। राष्ट्रीय कैडेट कोर



को नैनीताल आर्मी विंग के सफर में कर्नल कौशिक ने 18 जूनियर विंग तथा 5 सिनियर विंग के कुल 23 विद्यायलों में एनसीसी खोली तथा 5 विद्यालयों में अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए बन्द भी की है। कर्नल कौशिक अनुशासन प्रिय अधिकारी रहे शिविरों के दौरान एएनओ तथा कैडेटो को अनेक प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों से साक्षात्कार किया गया। उनके कार्यकाल में डीएसबी परिसर नैनीताल के अनेक कैडेटों का आर्मी आफिसर के लिए भारतीय सेना में चयन हुआ। डीएसबी में इन्डोर सूटिंग रेंज को स्थापना करने का श्रेय आपको तथा कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल प्रो. दीवान सिंह रावत को जाता है। विभिन्न संस्थाओं में आपने आबस्टेकल कोर्स का निर्माण करवाया है। जो एनसीसी कैडेटों के भविष्य को संवारेगा। उनके कार्यकाल में बटालियन के अनेक कैडेट्स को गणतंत्र दिवस परेड, थल सेना कैंप, मिलल्ट्री अस्पताल (एमएच) एचैचमेन्ट, एडवान्स्ड लीडरशिप कोर्सए पर्वतारोही साहसिक पर्वतारोही जैसे शिविरों में प्रतिभाग तथा अपना जोश दिखाने का मौका मिला। प्रो.बिष्ट के मुताबिक शनिवार (आज) कर्नल कौशिक अपने कार्यभार से सेवामुक्त होंगे और 79 बटालियन का पदभार कर्नल अविजित मेहता को देंगे।

# सपनें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर दें

## डीएसबी परिसर में रसायन विज्ञान विभाग में साइंटिस्ट डा. रूप सिंह भाकुनी का व्याख्यान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी कैंपस नैनीताल में शुक्रवार को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान में प्रख्यात वैज्ञानिक, उद्यमी और लेखक तथा कैंपस के पूर्व छात्र डा. रूप सिंह भाकुनी ने फोंड मेमोरीज फ्राम द कॉरिडोर ऑफ डीएसबी कैंपस शीर्षक से अपने जीवन के अनमोल पलों और शोध यात्रा की कहानी सुनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने की। अपने भावुक संबोधन में डा. भाकुनी ने बताया कि डीएसबी कैंपस नैनीताल की कक्षाएं, प्रयोगशाला और हॉस्टल की वो शामें ही थीं जिन्होंने उन्हें एक साधारण पहाड़ी छात्र से विश्व




स्तर के वैज्ञानिक और उद्योगपति बनाया। बीएससी और एमएससी की पढ़ाई यहीं से पूरी करने वाले डा. भाकुनी ने बताया कि कैसे कैंपस के प्रोफेसरों की प्रेरणा और साथियों की मित्रता ने उनकी जिज्ञासा को वैज्ञानिक दिशा दी। पॉलीमर साइंस और टायर टेक्नोलॉजी में विश्व प्रसिद्धि प्राप्त डा. भाकुनी ने अपने 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पेटेंट, हुंडई स्टील (दक्षिण कोरिया) में उच्च पद पर कार्यकाल और भारत में कई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की सफलता गाथा सुनाई। उन्होंने विशेष रूप से उत्तराखंड के युवाओं को रोजगार और अवसर मुहैया कराने तथा उत्तराखंड की प्रतिभाएं पुस्तक के माध्यम से राज्य की जीवित हस्तियों को सम्मान देने के अपने प्रयासों का जिक्र किया। पहाड़ फाउंडेशन के माध्यम से समाजसेवा में उनकी सक्रिय भागीदारी भी सराही गई। युवा शोधार्थियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि सपने देखिए लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी से काम कीजिए। पहाड़ का पानी और डीएसबी कैंपस की मिट्टी में वह ताकत है जो आपको दुनिया में कहीं भी ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। इस मौके पर रसायन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे ने डा. भाकुनी का स्वागत करते हुए उन्हें विभाग का गौरव बताया। कुल. पति प्रो. दीवान सिंह रावत ने उनके योगदान की प्रशंसा की और भविष्य में ऐसे अलुम्नाई संवाद कार्यक्रमों को नियमित करने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। इस अवसर पर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. रितेश शाह, प्रो. एनजी साहू, डा. सुहेल जावेद, प्रो. महेश चंद्र आर्या, डा. मनोज धौनी, डा. पैनी जोशी, डा. ललित मोहन, डा. गिरीश खर्कवाल, डा. दीपशिखा जोशी, डा. आंचल अनेजा, डा. आकांक्षा रानी, डा. भावना पंत तथा चंदन डांगी सहित सैकड़ों शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।अंत में कुलपति प्रो. रावत ने डा. भाकुनी को शॉल, स्मृति चिह्न एवं पौधा भेंट कर सममानित किया।

# कुविवि के न्यूजलेटर का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की छात्र पत्रिका न्यूजलेटर विमर्श के तृतीय संस्करण का लोकार्पण शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि यह पत्रिका विश्वविद्यालय की शैक्षणिक सृजनशीलता, अनुसंधान चेतना और सांस्कृतिक समृद्धि का जीवंत दस्तावेज है जो परिसर के शैक्षणिक परिवेश को नई दिशा प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि विमर्श के



प्रथम अंक का विमोचन जून माह में कुलाधिपति एवं उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) द्वारा औपचारिक रूप से किया गया था। कुल. पति प्रो. रावत ने कहा कि विमर्श न केवल विश्वविद्यालय की उपलबधियों का संकलन है बल्कि छात्रों की अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और विचार.समृद्धि को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाला एक सशक्त मंच भी है। बता दें कि विमर्श के शिक्षक संपादक प्रो. रीतेश साह हैं जबकि छात्र संपादक मंडल में नंदिनी जोशी, आस्था और पद्मा ने सामग्री संग्रह डिजााइन तथा रिपोर्टिंग तथा साक्षात्कार सहित संपूर्ण संपादन प्रक्रिया में योगदान दिया। शिक्षक संपादक प्रो. रीतेश साह ने बताया कि विमर्श के हर संस्करण में एक उत्ख्रष्ट पूर्व छात्र और एक विशिष्ट शिक्षक का साक्षात्कार शामिल किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को प्रेरणा व मार्गदर्शन और बहुआयामी अनुभूतियों का अवसर मिल सके। बताया कि विमर्श के हर संस्करण में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, समाचारों तथा छात्रों के विचारों के साथ भूतपूर्व विद्यार्थी और एक शिक्षक का साक्षात्कार शामिल किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को प्रेरणा व मार्गदर्शन और बहुआयामी अनुभूतियों का अवसर मिल सके। इस संस्करण के प्रमुख आकर्षण के रूप में दो महत्वपूर्ण साक्षात्कार शामिल किए गए हैं। पहला साक्षात्कार विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र कर्नल डा. गिरिजा शंकर मुनगली का है जिसमें उनके शैक्षणिक और सैन्य जीवन, खेल प्रशासन तथा सामाजिक योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई है जबकि दूसरा साक्षात्कार डीएसबी परिसर नैनीताल की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा का है।

# मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने नई दिल्ली में हुई डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी में अपनी 2025 की विजेता टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों को सफलतापूर्वक वापस पा लिया। टीम की मालिक नीता एम. अंबानी ने कहा कि उनकी रणनीति पुराने चैंपियन खिलाड़ियों को फिर से साथ लाने की थी। उन्होंने अमेलिया केर, शबनिम इस्माइल, साईका इशाक, सजाना और संस्कृति गुप्ता की वापसी को लेकर खुशी जताई। कप्तान हरमनप्रीत कौर, नैट शिवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज़, अमनजोत कौर और जी. कमलिनी पहले से ही रिटेन थीं। नीता अंबानी ने इस मौके पर कहा कि नीलामी का दिन हमेशा रोमांचक होता है।

हमारी रणनीति यह थी कि जीत दिलाने वाली टीम को जितना हो सके वापस लाया जाए। मुझे अमेलिया केर की वापसी को लेकर बेहद खुशी है और हमारी चार 'एस' यानी शबनिम, साईका, सजाना और संस्कृति का फिर से टीम के साथ शामिल होना शानदार है।

साथ ही हम तीन युवा खिलाड़ियों-रहीला फिरदौस, नल्ला क्रांति रेड्डी और त्रिवेणी वशिष्ठ का भी टीम में स्वागत करते हैं। पूनम खेमनार, मिली इलिगवर्थ और निकोला केरी को मुंबई-इंडियंस परिवार में शामिल करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

नीलामी में मौजूद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि शुरू में थोड़ा नर्वस थी, लेकिन जिस तरह से हमने प्लानिग की और हर किसी की भागीदारी रही। खासकर नीता मैम की, वह शानदार थी। उन्होंने हमेशा हमें सपोर्ट किया है। टीम के पुराने चेहरे फिर हमारे साथ हैं, जो बताता है कि टीम मैनेजमेंट को हम पर कितना भरोसा है।

# पूरी तरह फिट हुए रजत पाटीदार




● **रजत बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके है और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रजत पाटीदार बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके हैं और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है। वह शुक्रवार को कोलकाता में मध्य प्रदेश की टीम से दोबारा जुड़ेंगे और रविवार को होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के तीसरे राउंड के लिए उपलब्ध रहेंगे। पाटीदार एमपी के कप्तान हैं। पिछले चार हफ्तों से वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए थे। दक्षिण अफ्रीका ए के खलिाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए खेलने के बाद उन्हें लगातार घुटने में दर्द हो रहा था। इसके कारण वह रणजी ट्रॉफी के कुछ मैच से भी दूर रहे। यह दर्द उन्हें 15 अक्तूबर को पंजाब के खिलाफ एमपी के पहले रणजी मैच के दौरान महसूस हुआ था। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार पाटीदार ने 10 दिन का रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और सीओई की मेडिकल टीम ने उन्हें फिर से खेलने की अनुमति दे दी है। वह नेट में दोबारा बल्लेबाज़ी शुरू कर चुके हैं। चोट से पहले पाटीदार बेहतरीन लय में थे। उन्होंने रणजी सीजन की शुरुआत पंजाब के खलिाफ दोहरा शतक लगाकर की थी। इस दौरान दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल ज़ोन के कप्तान के तौर पर वह खतिाबी सफर में दो शतक और दो अर्धशतक भी लगा चुके थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 उनके लिए आईपीएल 2025 के बाद पहला सफेद गेंद का टूर्नामेंट होगा, जहां वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को उनका पहला खतिाब दिलाने वाले कप्तान थे। इसके बाद पाटीदार को राज्य टीम की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंप दी गई, जहां उन्होंने शुभम शर्मा की जगह ली। पिछले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सीजन में एमपी उपविजेता रही थी और पाटीदार का योगदान अहम था। वह 428 रन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज थे। उन्होंने नौ पारियों में 186.08 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत दिसम्बर में पांच महिला टी-20 मैचों के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**मुम्बई, वार्ता।** अगले वर्ष जनवरी में शुरु होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 से पहले भारत दिसम्बर में पांच महिला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की मेजबानी करेगा। यह सीरीज 21 से 30 दिसम्बर तक खेली जाएगी, इसके पहले दो मैच विशाखापत्तनम में और आखिरी तीन तिरुवनंतपुरम में होंगे। इसके बाद डब्ल्यूपीएल नौ जनवरी से नवी मुंबई में शुरू होगा और फिर दूसरे हाफ के लिए वडोदरा जाएगा, भले ही श्रीलंका का कोई भी खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल की पांचों टीमों में से किसी में भी नहीं है। भारत और बंगलादेश के बीच दिसम्बर में भारत में होने वाली सफेद गेंद सीरीज के इस महीने की शुरुआत में स्थगित होने के बाद इस श्रीलंका के साथ टी-20 सीरीज के कार्यक्रम का निर्धारित किया। भारत और श्रीलंका के बीच पांच टी-20 अगले साल इंग्लैंड में 12 जून से खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के तौर पर काम करेंगे।

### नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी जताई

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने भी भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी ज़ाहिर की है। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि भारत को 2030 में शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का सम्मान मिला है, जो एक सच्चे खेल राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा में एक सशक्त कदम है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी, खेल प्रशंसक और नागरिक को अपार गर्व से भर देता है।

# श्रीलंका ने पाक को हराया

● **कामिल मिशारा ने 76 और कुसल ने 40 रनों की पारी खेली दुश्मांता ने चार विकेट लिए**

**रावलपिडी, वार्ता।** कामिल मिशारा (76) और कुसल मेंडिस (40) के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने त्रिकोणीय छठे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को छह रनों से हरा दिया।

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के बल्लेबाजों को दुष्मंथा चमीरा के घातक गेंदबाजी के आक्रमण का सामना करना पड़ा और उसने 43 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। साहिबजादा फरहान (नौ), बाबर आजम (शून्य), फखर जमान (एक) तथा सैम अयुब 27 रन बनाकर आउट हुए। ऐसे सकंट के समय कप्तान आगा सलमान ने उस्मान खान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 56 रन जोड़े। 13वें ओवर में वानिदु हसरंगा ने उस्मान खान 23 गेंदों में 33 रन को आउटकर तोड़ा। मोहम्मद नवाज 16 गेंदों में 27 और फहीम अशरफ सात रन बनाकर आउट हुए। दुश्मांता चमीरा ने शुरुआती शानदार स्पेल के बाद आखिरी ओवर में हिम्मत बनाए रखी।

उन्होंने आखिरी ओवर में तीन रन दिए और पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला छह रनों से मुकाबला अपने नाम किया। कप्तान आगा सलमान ने 44 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 63 रनों की पारी खेली। श्रीलंका के लिए दुश्मांता चमीरा ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। इशान मलिगा को दो विकेट मिले। वानिदु हसरंगा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने गुरुवार रात खेले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड की सदस्यों को 1-1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि

● **भारत की टीम ने नेपाल पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूएस वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पहले टी 20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड को आज चिटेल्स सीएसआर विग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन ने गर्मजोशी से सम्मानित किया। अपराजित रहते हुए, इस इवेंट में टीम के शानदार धैर्य, टीमवर्क और लचीलेपन को दिखाया गया। स्पोर्ट्स के ज़रिए सबको साथ लेकर चलने के अपने कमिटमेंट को दोहराते हुए, चिटेल्स ग्रुप ने पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया को अपना सपोर्ट दिया और इंडियन टीम के हर सदस्य को 1-00 लाख रुपये की प्राइज मनी दी। ग्रुप की सीएसआर विग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन एजुकेशन, हेल्थकेयर और सोशल वेलफेयर में पहल करना जारी रखे हुए है। कैप्टन दीपिका टीसी की लीडरशिप में भारत की टीम ने नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूनाइटेड स्टेट्स वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया, जिसका फाइनल 23 नवम्बर 2025 को कोलंबो में खेला गया। सेरेमनी में , चिटेल्स ग्रुप के डायरेक्टर और नोरा सोलोमन फाउंडेशन के ट्रस्टी, प्रशांत सोलोमन ने कहा: ष्टीम की जीत भारत के लिए गर्व का पल है। इन शानदार एथलीटों ने बेमिसाल जोश और पक्का इरादा दिखाया है, जिससे दिव्यांग लोगों को आगे बढ़ने और अपने सपने और उम्मीदें पूरी करने की हिम्मत मिली है। उनकी वर्ल्ड कप जीत न सिर्फ भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल है। हमें इस कामयाबी का जश्न मनाने में उनके साथ खड़े होने का मौका मिला है। टीम के शानदार सफर के बारे में बताते हुए, कैप्टन दीपिका टीसी ने कहा कि इस जीत में हमारे सामने आए हर संघर्ष का वजन है( कम रिसोर्स, कड़ी ट्रेनिग की चुनौतियां, और ऐसे पल जब हालात नामुमकिन लग रहे थे। लेकिन हमने हार नहीं मानी। वर्ल्ड कप चैंपियन के तौर पर यहां खड़े होना इस बात का सबूत है कि पक्का इरादा सबसे मुश्किल सफर को भी यादगार जीत में बदल सकता है। हमें उम्मीद है कि हमारी जीत हम जैसे और भी कई लोगों को हिम्मत के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करेगी। चिटेल्स ग्रुप ने टूर्नामेंट को को-होस्ट करने के लिए भारत और श्रीलंका की सरकारों की दिल से तारीफ की और सपोर्टम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के फाउंडर-मैनेजिग ट्रस्टी डा. महंतेश को बधाई दी, जिन्होंने टीम को उसकी इस शानदार सफलता को सराहा।

# हरियाणा एक गेंद में 4/0 से जीता

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता में खेले गए हैदराबाद बनाम महाराष्ट्र के एक अन्य मुकाबले में अर्शिन कुलकर्णी के 54 बॉल में नाबाद 89 और पृथ्वी शॉ के 36 बॉल में 66 रन की जबरदस्त पारियों के दम पर महाराष्ट्र ने हैदराबाद को आठ गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें चामा मिलिद (नाबाद 35), तनय त्यागराजन (32), राहुल बुि( (31), प्रग्नय रेड्डी (26) और अरफाज अहमद ने (23) रनों का योगदान दिया। महाराष्ट्र के लिए जलज सक्सेना ने दो विकेट लिए। राजवर्धन हंगारगेकर, विक्की ओत्सवाल और रामकृष्ण घोष ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र के लिए अर्शिन कुलकर्णी 54 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। कप्तान पृथ्वी शॉ ने नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। इसके बाद राहुल त्रिपाठी ने 11 गेंदों में 26 रन बनाकर महराष्ट्र को 18-4 ओव. रों में जीत दिला दी। कुलकर्णी और शॉ ने मात्र 12-1 ओवर में 117 रन की साझेदारी कर महाराष्ट्र को अच्छी शुरुआत दी।

संक्षिप्त स्कोर: हैदराबाद 20 ओवर में 191/8 (चामा मिलिद नाबाद 35, तनय त्यागराजन 32, जलज सक्सेना 2-25) महाराष्ट्र से 18-4 ओवर में 192/2 (अर्शिन कुलकर्णी नाबाद 89, पृथ्वी शॉ 66( अजय देव गौड़ 1-34)

# अंशुल ने हरियाणा जीत में अहम भूमिका निभाई



● **सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलिट ग्रुप सी में हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हराया**

**हैदराबाद, वार्ता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी में पंजाब बनाम हरियाणा के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हरा दिया। निर्धारित ओवरों में दोनों टीमों का स्कोर बाद 207- 207 बराबर रहने के बाद हुए सुपर ओवर में अंशुल कंबोज ने अभिषेक शर्मा और सनवीर सिंह को पहली ही गेंद पर डक पर आउट कर दिया, इसके बाद हरियाणा को जीत के लिए केवल दो रन बनाने थे। निशांत सिधु ने चौका मारकर हरियाणा को जीत दिला दी। इससे पहले, कप्तान अंकित कुमार (26 गेंदों पर 51) और निशांत सिधु (31 गेंदों पर 61) ने हरियाणा के लिए नौ विकेट पर 207 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, सुमित कुमार ने 14 गेंदों में 28 रन का योगदान दिया। यशवर्धन दलाल (27) और सामंत जाखड़ 19 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के लिए अश्विनी कुमार ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए। अभिषेक शर्मा और रमनदीप सिंह, हरप्रीत बरार और मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में पंजाब ने अभिषेक शर्मा को छह रन पर जल्दी खो दिया, जबकि प्रभसिमरन सिंह 20 रन पर आउट हो गए, दोनों को अंशुल कंबोज ने आउट किया। लेकिन, अनमोलप्रीत सिंह की 37 गेंदों पर 81 रन की तेज पारी ने पंजाब को फिर से लक्ष्य के पीछे जाने में मदद की, जबकि सनवीर सिंह की 16 गेंदों पर 30 रन की पारी ने सुनिश्चित किया कि पंजाब ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 207 रन बनाकर स्कोर बराबर कर दिया। संक्षिप्त स्कोर: 20 ओवर में हरियाणा 207/9 (निशांत सिधु 61, अंकित कुमार 51, अश्विनी कुमार 3-31) और पंजाब 20 ओवर में 207/7 (अनमोलप्रीत सिंह 81, सनवीर सिंह नाबाद 30, अंशुल कंबोज 2-26) के साथ टाई रहा। सुपर ओवर: पंजाब तीन गेंद में 1/2 (रमनदीप सिंह नाबाद एक रन बनाया।

# भारत सऊदी अरब से पहला मैच हारा

**रियाद, वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम गुरुवार को रियाद ग्रीन हॉल में फीबा वर्ल्ड कप 2027 क्वालिफायर के अपने पहले मैच में सऊदी अरब से 75-51 से हार गई।

सऊदी अरब के लिए मुहम्मद-अली अब्दुर-रहमान ने गेम में सबसे ज्यादा 23 पॉइंट्स बनाए, जबकि हर्ष डागर 10 पॉइंट्स के साथ भारत के टॉप-स्कोरर रहे। मेजबान सऊदी अरब ने मार्ज़ौक अलमुवालाद के टू-पॉइंटर से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, इससे पहले अरविद मुथु कृष्णन ने थ्री-पॉइंटर से भारत को आगे बढ़ाया। इसके बाद अरविद मुथु कृष्णन ने टू-पॉइंटर से भारत को 5-4 की बढ़त दिलाई, लेकिन सऊदी अरब ने जल्द ही लगातार पॉइंट्स लेकर मैच पर कंट्रोल कर लिया और पहला क्वार्टर 28-16 की बढ़त के साथ खत्म किया। दूसरे क्वार्टर में सऊदी अरब ने अपनी बढ़त बनाए रखी, जिसमें मुहम्मद-अली अब्दुर-रहकमान ने गेम को भारतीय डिफेंस के पास ले जाकर अपनी मर्ज़ी से स्कोर किया, जिससे पीरियड के आखिर में उनकी टीम को 45-32 की बढ़त मिल गई। तीसरे क्वार्टर में भी मैच का यही पैटर्न रहा, क्योंकि भारत का डिफेंस सऊदी अरब को रोकने में नाकाम रहा। मर्जौक अलम. ुवालाद, मोहम्मद अलसुवा. इलम, खालिद एम अब्देल गबर, अली शुबैली और मुसाब तारिक एम कादी, सभी ने सऊदी अरब के लिए पॉइंट्स बनाए।

### यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम भारत में बच्चों से मिले

**मुंबई, वार्ता।** यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम इस सप्ताह भारत की यात्रा के दौरान बच्चों और युवाओं से मिले और हर बच्चे के लिए समान अवसर, समावेशन और सशक्तिकरण की अपील की। सर डेविड बेकहम ने कहा कि मैं आज मैं जिन बच्चों और युवाओं से मिला, उनके जोश, हिम्मत और जुनून को देखकर मैं बहुत खुश हूं। वे कम उम्र में ही बदलाव के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अपने भविष्य पर अपनी बात रख रहे हैं। वे वास्तव में प्रेरणादायक हैं और कई चुनौतियों को पार कर यहां तक पहुंचे हैं। उनका सफर हमें यह याद दिलाता है कि हमें बच्चों और युवाओं में इन्वेस्ट करते रहना चाहिए।

# जापान में रिकॉर्ड प्रदर्शन करने वाले डेफ्रलंपिक्स निशानेबाजों की सराहना

● **माहित संधु ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया जबकि प्रांजलि और अभिनव ने 3-3 पदक जीते**

**जयपुर, वार्ता।** पैरालंपियन अवनि लेखारा और ओलंपियन मनु भाकर ने हाल ही में जापान के टोक्यो में संपन्न 25वें ग्रीष्मकालीन डेफ्रलंपिक गेम्स में भारतीय दल के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (जयपुर) में पदक समारोह में शामिल हुई अवनि ने कहा, ष्भारत का इतना शानदार प्रदर्शन देखना अद्भुत है। विशेषकर निशानेबाजी में लगातार पदक आते देख मैं बहुत खुश और गर्व महसूस करती हूं। मैं चाहती हूं कि खिलाड़ी ऐसे ही आगे बढ़ते रहें और हम दर्शक भी उनका समर्थन करते रहें ताकि आने वाले वर्षों में वे और भी बेहतर करें। कई भारतीय निशानेबाज़ों ने डेफ्रलंपिक्स में एक से अधिक पदक जीते। माहित संधू ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया जबकि प्रांजली और अभिनव देशवाल ने तीन-तीन पदक अपने नाम किए। इसी तरह धनुष श्रीकांत ने दो पदक जीते। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने कहा कि विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों का संघर्ष उन्हें भी प्रेरित करता है। मनु ने कहा, ष्हम खुद प्रेरित होते हैं जब विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इतना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उनका जुनून और जज्बा हम सबके लिए प्रेरणा है। मैं हर खिलाड़ी को बधाई देना चाहती हूं। हम सभी आपकी ओर देखते हैं और यदि हमें कभी आपकी मदद करने का मौका मिले तो हमें खुशी होगी। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण जीत चुकी अवनि ने कहा कि भारत सरकार की पहल से जमीनी स्तर पर खेलों का इकोसिस्टम बेहद मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, ष भारत सरकार और खासकर साई बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जैसी प्रतियोगिताएं जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को बड़ा मंच देती हैं और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के लिए लॉन्चिग पैड का काम करते हैं। अगर ऐसी प्रतियोगिताएं बढ़ती रहे, तो भारत से आने वाले वर्षों में और भी अधिक एलीट खिलाड़ी निकलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को डेफ्रलंपिक में शामिल एथलीटों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा थी

# अंडर-19 एशिया कप में भारत की अगुवाई करेंगे आयुष

● **बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की , जिसमें वैभव सूर्यवंशी भी शामिल है**

**मुंबई, वार्ता।** के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 12 दिसम्बर से दुबई में होने वाले एसीसी अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की, जिसमें आक्रामक ओपनर वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। म्हात्रे का हालिया फॉर्म कुछ खास नंहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के लिए अच्छा प्रदर्शन कर प्रभावित किया था, जहां उन्हें चोटिल )तुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने सात मैचों में लगभग 189 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाए। लेकिन उसके बाद से उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही। म्हात्रे ने इंग्लैंड दौरे पर चार एकदिवसीय मैचों में सिर्फ 27 रन बनाए, लेकिन दो यूथ टेस्ट में 340 रन बनाकर टॉप-स्कोरर रहे। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने तीन एकदिवसीय मैचों में केवल 10 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खलिाफ यूथ टेस्ट में उनके नाम सिर्फ 38 रन रहे। भारत के घरेलू सीजन में खेले गए चार प्रथम श्रेणी मैचों में, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ए के खलिाफ भारत ए का एक मैच शामिल था, म्हात्रे केवल 26 की औसत से सिर्फ 156 रन बना पाए। इसके बाद हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबले में उन्होंने रेलवे के खलिाफ केवल 18 रन बनाए। अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें भारत ग्रुप ए में




पाकिस्तान और दो अन्य क्वालिफाइंग टीमों के साथ है। वहीं बंगलादेश, श्रीलंका, अफग़ानिस्तान, एक अन्य क्वालिफायर के साथ ग्रुप बी में है। भारत अपना अभियान 12 दिसम्बर को किसी एक क्वालिफायर के खिलाफ शुरू करेगा।

पुरुषों के अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत की टीम : आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, नमन पुष्पक, डी-दीपेश, हेनील पटेल, किशन कुमार सिंह[ , उ(व मोहन, ऐरन जॉर्ज। क्लीयरेंस पर निर्भर

स्टैंडबाय खिलाड़ी: राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बी-के-किशोर, आदित्य रावत

### हाईकोर्ट नैनीताल से स्टेटस-को ( यथा स्थिति ) आदेश के बावजूद

# लक्सर क्षेत्र के रामपुर रायघटी में जमकर हो रहा अवैध खनन!

## एसडीएम व तहसीलदार को कई बार लिखित शिकायत के बाद भी नहीं हो पा रही खनन माफियाओं पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील क्षेत्र में अवैध खनन का खेल जमकर हो रहा है। और खनन माफिया इस कदर हावी हैं कि पुलिस प्रशासन भी उन पर हाथ डालने से कतराता है। अब इस खनन के खेल में प्रशासन भी शामिल है यह तो कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन रामपुर रायघटी में एक कंपनी की जमीन पर हाईकोर्ट का स्टे होने के बावजूद भी जमकर खनन किया जा रहा है जबकि पीडित ने एसडीएम से लेकर डीएम व उच्च अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायत हाईकोर्ट के आदेश के साथ की हुई है लेकिन फिर भी लक्सर तहसील प्रशासन इन खनन माफियाओं पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम है।



अवगत करा दें कि क्षेत्र के रामपुर रायघटी में खसरा नं0 78/2 75/3 यूपी बोन कंपनी की सैकडों बीघे जमीन है जिस पर सरकार व कंपनी के बीच विवाद चल रहा है लेकिन हाईकोर्ट नैनीताल ने 18 मई 2022 को कंपनी के हित में ही स्टेटस-को (यानि यथास्थिति) का आदेश कर दिया था। उसके बाद कंपनी ने कई बार डीएम व जिला खनन अधिकारी तथा लक्सर तहसील प्रशासन को हाईकोर्ट के आदेश की कापी साथ लगाकर उक्त जमीन पर यथा स्थिति बनाये रखने की मांग की गयी है क्योंकि उक्त जमीन पर क्षेत्र के खनन माफिया लगातार खनन कर रहे हैं जिस बाबत 15 अप्रैल 2025 को लक्सर एसडीएम को बाकायदा उक्त जमीन में खनन करते हुए फोटोग्राफस, वीडियो आदि भी उपलब्ध करायी थी लेकिन फिर भी तहसील प्रशासन खनन माफियों पर अंकुश नहीं लगा पाया। अब 29 अक्टूबर 2025 को फिर से हाईकोर्ट से अवेध खनन को लेकर स्थिति बतयी गयी तो 29 अक्टूबर 25 को फिर से उच्च न्यायालय नैनीताल ने 18 मई 2022 के आदेश को आगे बढा दिया है।

फिलहाल पीडित ने बताया



कि राजकुमार व धर्म सिंह पुत्राण झबरे मास्टर व विकास पुत्र सलीख चंद, सोनू पुत्र कश्मीरा व राहुल पुत्र नरेंद्र आदि ने मिलकर उक्त जमीन को जोत रखा है वहीं पीडित का यह भी कहा है कि किसी राकेश नामक व्यक्ति ने उक्त जमीन के पास किसी और खसरा नं0 में खनन का स्टाक लिया है वह भी उस स्टाक की आड में उक्त जमीन से खनन

> ❖ हाईकोर्ट नैनीताल ने 18 मई 2022 को कंपनी के हित में ही स्टेटस-को (यानि यथास्थिति) का आदेश कर दिया था। अब 29 अक्टूबर 2025 को पूर्व आदेश को हाईकोर्ट ने बढ़ा दिया है

कर रहा है। लक्सर तहसील प्रशासन को कई बार हाईकोर्ट के आदेश की कंपलाइंस करने के लिए लिखित शिकायत की गयी हैं अब फिर से 29 अक्टूबर 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश की भी कापी लक्सर तहसील प्रशासन को दी गयी है लेकिन तहसील प्रशासन खनन माफियाओं पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम दिख रहा है जिससे पता लगता हे कि रामपुर रायघटी की हाईकोर्ट से यथा स्थिति के आदेश के बाद खसरा नं0 78/2 व 75/3 में प्रशासन की मिलीभगत से ही खनन का खेल चल रहा है जिस पर हाईकोर्ट के आदेशों की कंपलाइंस करना तहसील प्रशासन यानि एसडीएम के लिए जरूरी है। तहसील प्रशासन की इस लचर कार्यशैली से तो यही कह सकते है कि अधिकारी जानबूझ कर हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं।

### यातायात पुलिस रुड़की की बड़ी पहल

## गलत दिशा में चलने वालों पर अब होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बढ़ते ट्रैफिक दबाव और आए दिन गलत दिशा में चलने वाले वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए हरिद्वार पुलिस ने प्रभावी कदम उठाया है। एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर यातायात पुलिस रुड़की द्वारा शहर के प्रेम मंदिर तिराहा और नया पुल पश्चिम चौराहा पर वाटर टैंक बैरियर की मदद से डिवाइडर निर्माण किया गया है।

इस नई व्यवस्था के बाद इन महत्वपूर्ण मार्गों पर यातायात अब अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगा। डिवाइडर निर्माण से जहां गलत दिशा में चलने वाले वाहनों पर रोक लगेगी, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है। यातायात निरीक्षक ने मौके पर मौजूद लोगों से नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा, बल्कि दूसरों की जान की भी रक्षा करता है। शहर को जाम-मुक्त और दुर्घटना-रहित बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इसके साथ ही पुलिस टीम ने स्थानीय जनता को सुरक्षा संदेश भी दिया। सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी! नियमों के साथ चलें और पाएँ हर सफर में सुगमता। यातायात पुलिस की इस पहल को स्थानीय लोगों द्वारा सराहना मिल रही है, और यह कदम रुड़की में बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

## सहकारी समिति के नवनिर्वाचित चेयरमैन अवनीश को दी बधाई

**शाह टाइम सांवददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर की पूर्वी बहुउद्देश्यीय सहकारी सिमिति के नवनिर्वाचित चेयरमैन अवनीश चौधरी को सभी डेलिकेट और ग्राम प्रधानों ने बधई दी इस मौके पर समिति की सभी डायरेक्टरो सहित आसपास के क्षेत्रों के ग्राम प्रधानों ने बुके देकर व माला पहना कर उनका सवागत किया

इस मौके पर नवनिर्वाचित चेयरमैन अवनीश चौधरी ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त करते है कि उन्हें चेयरमैन बनाने का अवसर प्रदान किया और वह सभी किसानों के हित मे कार्य करते हुए सिमिति को आगे बढ़ाने का काम करेंगे वही ए डी ओ मुकर्रम अली ने भी बताया कि सभी समितियों के चेयरमैनो से उचित कार्य कराया जाएगा जो किसानों के हित मे होगा। कार्यक्रम में समिति डेलीगेट उप प्रमुख सनी, ओमवीर प्रधान शबनम पूनम कौसर शमा परवीन सुरेश पाल अवनीश संजय कुमार नेत्रपाल बिनेश कुमार कालूराम सहित क्षेत्र से हरेंद्र चौधरी अध्यक्ष पश्चिमी सहकारी समिति मंगलौर विनोद कुमार उपाध्यक्ष गन्ना समिति कंवरपाल प्रधान मुंडलाना सचिन प्रधान सिकंदरपुर प्रमोद कुमार पूर्व प्रधान मुंडलाना सत्येंद्र सिंह पूर्व अध्यक्ष मुंडलाना आदि लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

## 55 लाख की स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** 55 लाख से अधिक बाजार कीमत की स्मैक के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कप्तान डोबाल के निर्देश पर समूचे जनपद में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। तस्कर के कब्जे से 186 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जनपद को नशा मुक्त करने व नशा सामग्री की तस्करी पर सार्थक लगाम लगाने के संबंध में एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रम में कोतवाली मंगलौर पुलिस ने चौकिंग के दौरान 01 संदिग्ध को रोककर उसके कब्जे से 186 ग्राम स्मैक बरामद की। बरामदगी



के मुताबिक पकड़े गए तस्कर के खिलाफ कोतवाली मंगलौर में एनडीपीएस अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी का नाम नावेद पुत्र असगर निवासी ग्राम पाडली गुर्जर कोत0 गंगनहर हरिद्वार बताया गया है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली,उप निरीक्षक बलवीर सिह,अपर उप निरीक्षक गजपाल राम,हैड कांस्टेबल अशोक मलिक, श्यामबाबू, रविन्द्र और मनीष शामिल रहे।

## एनसीसी दिवस पर कर्मचारियों व कैडेट्स का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड, देहरादून में 78वे एनसीसी दिवस समारोह के आयोजन के अवसर पर विभागाध्यक्ष मेजर जनरल रोहन आनंद, अपर महानिदेशक एनसीसी द्वारा 84 उत्तराखंड बटालियन, एनसीसी रुड़की के एक मिलिट्री इंस्ट्रक्टर, डाटा एंट्री ऑपरेटर व दो अन्य कैडेट्स को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो हेतु सम्मानित किया गया । इस अवसर पर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, रुड़की के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर प्रभात भंडारी भी उपस्थित रहे । पुरस्कृत होने वालों में हवलदार राजेंद्र सिंह, डाटा एंट्री ऑपरेटर संदीप बुड़ाकोटी, यूओ रजत रावत व यूओ अनंत चौहान रहे । अंडर ऑफिसर रजत रावत द्वारा अपने पिछले दो वर्षो की एनसीसी ट्रेनिंग में बेसिक माउंटेनिंग कोर्स, एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स व माउंटेनियरिंग व रेस्क्यू कोर्स में अल्फा ग्रेड लाकर बटालियन का नाम रोशन किया है । इसी क्रम में अनंत चौहान द्वारा विगत वर्ष इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग चौंपियनशिप में तिरुचिरापल्ली में प्रतिभाग किया गया था व एकमात्र



ऐसे खिलाड़ी थे जिसका चयन उत्तराखंड राज्य से जीवी मावलंकर शूटिंग स्पर्धा, भोपाल हेतु हुआ था । वाहिनी से इन सभी का चयन होने पर कार्यवाहक कमान अधिकारी कर्नल अमन कुमार सिंह द्वारा सभी को दूरभाष पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई व उज्जवल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया गया। इनके पुरस्कृत होने से संपूर्ण वाहिनी में खुशी की लहर दौड़ गई । शुभकामनाएं देने वालों में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार भट्ट, प्रशिक्षण प्रभारी रवि कपूर, वरिष्ठ सहायक सुरेश अवस्थी, सूबेदार मेजर अमर सिंह रावत, सूबेदार पंकज पाल, सूबेदार सुरेश कुमार, बीएचएम केशवानंद, हवलदार पूरन सिंह, हवलदार अजय वीर, नायक अभिषेक, डाटा एंट्री ऑपरेटर धर्म सिंह, सुनील भाई, राजवीर, सुभाष आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार ने गरीब बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इस कड़ाके की ठंड मे रुड़की के एक पत्रकार सलमान मलिक ने समाज के सबसे कमजोर तबके के लिए एक मिसाल पेश की है उन्होंने गरीब असहाय बच्चों और जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर गर्म कपड़ों का वितरण किया, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई। रुड़की शहर में बढ़ती ठंड के बीच वरिष्ठ पत्रकार सलमान मलिक ने मानवता की बेहतरीन तस्वीर पेश की है वह गरीब और असहाय लोगों की बस्तियों के बीच पहुँचे और छोटे बच्चों, महिलाओं तथा पुरुषों को गर्म कपड़े भेंट किए।घ्गर्म कपड़ों का यह तोहफा पाकर बच्चों के चेहरे पर जो मुस्कान आई वह



दिल को छू लेने वाली थी इस मदद से उन्हें न सिर्फ ठंड से राहत मिली है, बल्कि उन्हें यह एहसास भी हुआ है कि समाज में कोई उनकी परवाह करता है। सलमान मलिक ने बताया कि हमारा यह प्रयास सिर्फ वार्षिक नहीं है हम हर महीने इन जरूरतमंद लोगों की जरूरतों के अनुसार इनकी मदद करते रहते हैं मेरा मानना है कि यह हम सबका सामाजिक दायित्व है। इस सर्दी में अगर हम किसी बच्चे को गर्म कपड़ा पहना सकें, तो इससे बड़ी सेवा और कोई नहीं हो सकती।

## सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने किया होनहार बच्चों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के जमदग्नि स्कूल में आज हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत पहुंचे खेल महोत्सव के मौके पर उन्होंने होनहार बच्चों को सम्मानित भी किया पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पूरे भारत में खेल महोत्सव का प्रोग्राम चल रहा है उन्होंने यह भी कहा कि 5 या6 अन्य खेलों को भी खेल महोत्सव में शामिल किया जाएगा उन्होंने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हर तरह से बच्चों में नई ऊर्जा भरने के लिए पूरे भारत में खेल महोत्सव किया जा रहा है उन्होंने कहा आज जमदग्नि पब्लिक स्कूल में जो खेल किए जा रहे हैं



उनमें वॉलीबॉल कबड्डी दौड़ आदि खेल किया जा रहे हैं उन्होंने सभी संबंधित बच्चे जो भी अपने खेल में फस्ट द्वितीय तृतीय आए हैं उनको हरिद्वार सांसद के द्वारा सम्मानित किया जा रहा है उन्होंने कहा जिस तरह से यह बच्चे खेल महोत्सव में अपने हुनर का जलवा दिखा रहे हैं यह बहुत ही काबिले तारीफ है क्योंकि खेल खेलने से बच्चों में नई ऊर्जा पैदा होती है।

## विद्युत विभाग ने लगाया स्मार्ट मीटर जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित सब विद्युत स्टेशन पर शुक्रवार को ऊर्जा विभाग द्वारा लगाए गए शिविर में उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मीटर की गुणवत्ता के बारे में बताया गया। शिविर में दो लोगों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने से विद्युत बिल अधिक आने की शिकायत दर्ज कराई गई। ऊर्जा विभाग द्वारा सब विद्युत स्टेशन पर लगाए गए शिविर में स्मार्ट मीटर की जानकारी देते हुए ए ई विद्युत मीटर रजनीश सैनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से कोई नुकसान उपभोक्ताओं को नहीं है। इसकी रीडिंग भी पूर्व के विद्युत मीटर की तरह ही ठीक से आती है। स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को इससे कई लाभ होने वाले हैं ।सरकार की ओर से किसानों के नलकूपों पर ही स्मार्ट मीटर नहीं लगाने की छूट दी गई है। घर दुकान व अन्य प्रतिष्ठानों पर विद्युत स्मार्ट मीटर ही लगाए जाएंगे ।इसमें उपभोक्ताओं को सरकार की ओर से दो दिन का समय दिया जा रहा है। इसके बाद स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया विभाग द्वारा शुरू कर दी जाएगी।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मुदस्सिर का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने मुदस्सिर को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद मुदस्सिर के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**नसीम पुत्र शेर मौहम्मद नि. म.न. 56 ग्राम टांडा बन्हेडा, कोतवाली मंगलौर तह. रूडकी, जिला हरिद्वार।**

## वाहन चोरों पर पुलिस का चला चाबुक चार बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रूडकी पुलिस ने मोटरसाइकल चोरों पर नकेल कसते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि उसके साथी फरार हो गए। आरोपी की निशानदेही पर चार मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई। सिविल लाइंस पुलिस को गोतम सिह पुत्र चन्द्रपाल निवासी शिवपुरम गली न0 8 गोपाल गार्डन थाना गंगनहर ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी स्कूटी हिमालयन पैलेस बैंकट हाल ढण्डेरा से चोरी हो गई। चोरी की घटना का संज्ञान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वंय लिया गया और घटना के अनावरण के लिए को सीओ रुड़की के दिशा निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूडकी द्वारा अलग अलग पुलिस टीमो का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये टीम को रवाना किया गया। घटना का अनावरण हेतु पुलिस टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिरान को सतर्क किया गया जिसके क्रम मे आरोपी मोनू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम टोडा कल्याणपुर रूडकी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 04 मोटर साईकिल बरामद हुयी। आरोपी का नाम मोनू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम टोडा कल्याणपुर कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार जबकि उसके फरार साथियों के नाम समीर पुत्र बुन्दु निवासी किर्तिनगर ढण्डेरा, सन्दीप पुत्र तहेन्द्र निवासी निजामपुर मंगलौर और अंशुल पुत्र प्रवीन निवासी हरचन्दपुर कोतवाली मंगलौर हरिद्वार बताए गए हैं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक चन्द्र मोहन सिह,कांस्टेबल निरीक्षक अमित रावत,गुलबहार, राजेश देवरानी, प्रदीप डंगवाल और पीआरडी खुशनूद शामिल रहे।

### निगम व प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

## जेसीबी ने कई अस्थाई दुकानें की ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम और प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई अतिक्रमणकारियों पर कारवाई की। इस दौरान कई लोगों का सामान जप्त किया गया तो कई पर चलानी कारवाई हुई।

नायब तहसीलदार युसूफ अली,सहायक नगर आयुक्त एसपी गुप्ता और शिवानी सालार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत मलकपुर चुंगी से हुई। जोकि हरिद्वार रोड पर होते हुए रुड़की टाकीज चौक तक पहुंचा। टीम ने जेसीबी के माध्यम से कई अस्थाई रेहड़ी,खोखे आदि को ध्वस्त किया। इसके साथ ही कई लोगों का सामान जप्त करते हुए अपने कब्जे में लिया। टीम द्वारा दुकानों की जद्द से बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों की चलानी कारवाई की गई। कारवाई के दौरान कई अतिक्रमणकारी अपना सामान लेकर दौड़ते नजर आए। नायब तहसीलदार युसूफ अली



ने कहा कि इस प्रकार की कारवाई पूरे शहर में की जाएगी। इस दौरान शहर लेखपाल संजय चौहान आदि शामिल रहे।

## कलियर से अजमेर को छड़ी मुबारक जत्था रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हजरत ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफ के सालाना उर्स में शामिल होने के लिए शुक्रवार को पिरान कलियर से अजमेर शरीफ के लिए छड़ी मुबारक का जत्था रवाना हुआ।

लोगों का यह जत्था 24 दिन तक पैदल यात्रा करने के बाद अजमेर शरीफ पहुंचेगा। खादिमो की मौजूदगी में छड़ी और झंडे को बुलन्द दरवाजे पर फहराकर उर्स की रस्म अदा की जाएगी। हजरत ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफ के 814 वें सालाना उर्स में शिरकत करने के लिए हर साल की तरह इस साल भी दरगाह बाबा गरीब शाह ,दरगाह साबिर पाक के रफाई चौक ,लंगर खाना,आदि जगहों से छड़ी मुबारक लेकर 150 अकीदतमंदों का जत्था पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक से रवाना हो गया है। छड़ी मुबारक का यह जत्था पिरान कलियर से दिल्ली हजरत ख्वाजा कुतुबुद्दीन की दरगाह पर पहुंचेगा। जहां देश के अन्य स्थानों से आई छड़ी मुबारक के सभी जत्थे संयुक्त रूप से अजमेर शरीफ के लिए रवाना होंगे।24 दिन की पैदल यात्रा के बाद सभी लोगों का अजमेर शरीफ पहुंचने पर दरगाह ख्वाजा गरीब नवाज के गद्दी नशीन सय्यद खुशतर चिश्ती स्वागत करते है। उसके बाद इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार माह रजब की पहली तारीख



को दरगाह ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफ के खादिमो की सपरस्ती में हजारों लोगों अकीदतमन्दों के साथ छड़ी मुबारक को दरगाह शरीफ के मुख्य दरवाजे पर फहराकर उर्स की पहली रस्म अदा की जाती है। और ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स का आगाज हो जाता है। साहिबजादा शाह यावर अली ऐजाज साबरी, सरवर बाबा,फरीद,रमजान साबरी, तसलीम साबरी, सहित अन्य लोगों ने बड़ी अकीदत और मुहब्बत के साथ छड़ी मुबारक को रवाना किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 29 नवम्बर 2025

# सांसों पर संकट

देश की राजधानी में सांसों पर संकट आ रहा है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। वे डाक्टरों के पास जाकर अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर रहे हैं, जिससे उनके पास रोटी तक के पैसे नहीं बचे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेता और सांसद भाग लेंगे। इससे पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर संसद में तुरंत और विस्तार से बहस कराने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, मोदी जी आप चुप कैसे रह सकते हैं। देश की हजारों माताएं अपने बच्चों की सेहत को लेकर डरी और परेशान हैं, क्योंकि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर न तो कोई जल्दी दिखाई जा रही है, न कोई ठोस प्लान और न ही जवाबदेही। दिल्ली-एनसीआर में सर्वे किए गए कुल लोगों में से 80 परसेंट से अधिक लोगों ने बताया कि उन्हें लगातार हेल्थ प्रॉब्लम हो रही हैं, जिसमें पुरानी खांसी, बहुत ज्यादा थकान और प्रदूषित हवा की वजह से सांस लेने में जलन शामिल है। सर्वे से पता चला है कि पिछले साल 68.3 परसेंट लोगों ने प्रदूषण से जुड़ी खास बीमारियों के लिए मेडिकल मदद ली थी। बता दें कि यह एक हेल्थकेयर संकट है जो बढ़ रहा है। इस समय दिल्ली की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित है, जिसे रोकने के लिए सरकार की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए गए है। पिछले दिनों दिल्ली सरकार ने कृत्रिम वर्षा कराने का फैसला लिया था, जो पूरी तरह फेल हो गया। अब सर्दी के यौवन पर आते ही धुंध ने दिल्ली को चारों तरफ से घेर रखा है, जिसका असर सीधा फेफड़ों पर पड़ रहा है। इस बात को लेकर दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी आपत्ति जताई थी, फिर भी इसकी रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं। वायु प्रदूषण से गंभीर बीमारियां हो जाती हैं, जिनमें फेफड़ों और हृदय संबंधी बीमारियां प्रमुख हैं, जैसे अस्थमा, सीओपीडी, फेफड़ों का कैंसर, दिल का दौरा, और स्ट्रोक। इसके अलावा, वायु प्रदूषण निचले श्वसन तंत्र के संक्रमण (जैसे निमोनिया), टाइप 2 मधुमेह, और गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का भी जोखिम बढ़ाता है। इसलिए इस पर रोक लगाना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि यह समस्या आज की नहीं है, हर साल इसी समस्या से जूझना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वह इसके लिए सार्थक कदम उठाए, ताकि लोग साफ हवा में सांस लेकर गंभीर बीमा. रियों से बच सकें। भारत को हवा के प्रदूषण पर तुरंत, विस्तृत संसद बहस की जरूरत है और इस स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए एक सख्त, लागू की जा सकने वाली कार्य योजना चाहिए। साफ हवा और साफ पानी हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है। दिल्ली सहित उत्तर भारत में हवा जानलेवा हो चुकी है और समाधान देने की बजाय सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है। लोग अपने परिवार को प्रदूषण से बचाने के लिए एयर प्यूरीफायर लेने जाते हैं, और वहां पता चलता है कि सरकार उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूल रही है। ये सरासर अन्याय है।

## व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल



व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है, पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है, हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं, भारत अब विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर काम कर रहा है, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं।

**-पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

# भयावह होता जा रहा है दिल्ली का प्रदूषण

दिल्ली का वायु प्रदूषण आज केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवीय संकट बन चुका है। राजधानी की हवा में घुला जहर हर सांस में महसूस किया जा सकता है। नवंबर और दिसंबर के महीनों में स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि दिल्ली का आसमान धुंध से ढका रहता है और सूरज की रोशनी तक पूरी तरह से धरती पर नहीं पहुंच पाती। बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अस्थमा व हृदय रोग से पीड़ित लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। हवा में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 से भी ऊपर पहुंच जाता है, जो कि गंभीर स्तर से भी आगे की स्थिति है। इस जहरीली हवा का असर आंखों में जलन, गले में खराश, सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द और थकान जैसे लक्षणों के रूप में दिखाई देता है। दिल्ली के अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या हर साल सर्दियों में कई गुना बढ़ जाती है। दिल्ली में प्रदूषण के मुख्य कारणों की बात की जाए तो अनेक कारक इसके लिए जिम्मेदार हैं। पूरे वर्ष प्रदूषण बना रहता है, लेकिन सर्दियों में यह खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है। दिल्ली के आसपास के राज्यों पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है। किसान धान की फसल कटने के बाद उसके अवशेषों को खेतों में ही आग लगा कर खत्म करते हैं। इससे निकलने वाला धुआं हवा के साथ दिल्ली पहुंचता है और शहर को एक बड़े गैस चौंबर में बदल देता है। दूसरी तरफ दिल्ली में वाहनों की संख्या करोड़ों में पहुंच चुकी है और निजी वाहनों के बढ़ते उपयोग से निकलने वाली गैसें प्रदूषण को और खतरनाक बनाती हैं। डीजल और पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य विषैले कण फेफड़ों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाते हैं।

दिल्ली में औद्योगिक गतिविधियां भी प्रदूषण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कई औद्योगिक क्षेत्र ऐसे हैं जहां धुआं उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं किया जाता। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं हवा को जहरीला बना देता है और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा करता है। निर्माण स्थलों पर चलने वाली गतिविधियां भी धूल के बड़े स्रोत हैं। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के दौरान उड़ने वाली धूल महीन कणों के रूप में हवा में फैल जाती है, जो शरीर में प्रवेश कर कई बीमारियों को जन्म देती है। कूड़ा-कचरा जलाना, सड़क की धूल, थर्मल पावर प्लांट्स से निकलने वाला धुआं, और मौसम संबंधी स्थितियां यह सभी प्रदूषण को बढ़ाने में योगदान देते हैं। सर्दियों में तापमान गिरने के कारण हवा का दबाव बदल जाता है और प्रदूषक तत्व हवा में ऊपर नहीं उठते, बल्कि जमीन के करीब ही फंसे रहते हैं। हवा की गति कम हो जाने पर यह जहरीली परत दिल्ली की हवा को और ज्यादा दमघोंटू बना देती है। वैज्ञानिक इसे इन्वर्शन स्थिति कहते हैं जिसमें प्रदूषण इतना अधिक बढ़ जाता है कि स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार हो सकता है। इस मौसम में घरों के अंदर मौजूद लोग भी प्रदूषण से पूरी तरह सुरक्षित नहीं होते। छोटे बच्चों के फेफड़े अभी विकसित हो रहे होते हैं और इस जहरीली हवा के कारण उनमें आजीवन स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। दिल्ली के स्कूलों में प्रदूषण बढ़ने पर छुट्टियां घोषित की जाती हैं, लेकिन यह समाधान नहीं है, बल्कि एक मजबूरी है। बच्चों को बाहर खेलने की अनुमति नहीं मिलती, खेल मैदान खाली दिखाई देते हैं। कुछ स्कूल एयर प्यूरीफायर का उपयोग करते हैं, लेकिन यह समाधान केवल कुछ ही लोगों तक सीमित है। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य जैसा हो जाता है। प्रदूषण का असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। लगातार तनाव, चिंता और कमजोरी लोगों के सामान्य जीवन को प्रभावित करती है।



जिन लोगों की रोजी-रोटी सड़क पर चलने या मेहनत के कामों पर निर्भर है, जैसे रिक्शा चालक, मजदूर, डिलीवरी कर्मचारी और सफाई कर्मी, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी होती है क्योंकि वे पूरे दिन खुले वातावरण में रहते हैं। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं। निर्माण गति. विधियों पर रोक, डीजल जेनरेटर पर प्रतिबंध, पानी का छिड़काव, स्मॉग टावर, ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान), औद्योगिक क्षेत्रों की निगरानी और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे उपाय किए जाते हैं। ऑड-ईवन योजना भी कुछ समय के लिए लागू की गई थी जिससे सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हुई। इसके बावजूद स्थाई समाधान अब तक नहीं मिल पाया है। मुख्य चुनौती यह है कि प्रदूषण अनेक स्रोतों से पैदा होता है और प्रत्एक क्षेत्र में समान रूप से नियंत्रण लागू नहीं हो पाता। भारत में प्रदूषण का संकट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी है। किसानों के सामने पराली जलाने के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन मशीनों की कीमत और अतिरिक्त खर्च के कारण वे अपने खेतों में आग लगाना ही आसान समझते हैं। सरकार मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध कराती है, लेकिन उन्हें पर्याप्त रूप से फैलाने और उपयोग को सुगम बनाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन के विस्तार की आवश्यकता है ताकि लोग निजी वाहनों पर निर्भर न रहें। मेट्रो ने बड़ी भूमिका निभाई है, लेकिन यह अभी भी अधिक भीड़ और सीमित पहुंच के कारण पूरी तरह पर्याप्त नहीं है। प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव गहरा और दीर्घकालिक होता है। लगातार प्रदूषित हवा में सांस लेने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों में संक्रमण, निमोनिया, हृदय रोग और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि दिल्ली में रहने वाले लोगों की उम्र अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम हो सकती है क्योंकि प्रदूषण शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है। गर्भवती महिलाओं और अजन्मे शिशुओं पर इसका असर अधिक गंभीर हो सकता है। दिल्ली का वायु प्रदूषण केवल सरकारी या औद्योगिक स्तर का मुद्दा नहीं, बल्कि हर नागरिक से जुड़ा हुआ है। समाज के सभी हिस्सों को मिलकर काम करना होगा। व्यक्तिगत स्तर पर भी कुछ सावधानियां अपनाना जरूरी है जैसे मास्क पहनना, घर में पौधे लगाना, गाड़ियों का कम उपयोग करना, बाइक या कार शेयरिंग करना, बिजली की बचत करना और कूड़ा जलाने जैसी गतिविधियों से बचना। लोग यह मानकर चलते हैं कि अकेले व्यक्ति के बदलाव से कुछ नहीं होगा, लेकिन यही सोच समस्या को बढ़ाती है। यदि हर नागरिक अपने स्तर पर जागरूक हो जाए तो प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि प्रदूषण नियंत्रण पर केवल मौसमी कदम न उठाए जाएं बल्कि पूरे साल दीर्घकालिक योजनाएं लागू की जाएं। स्कूलों में पर्यावरण शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए। नई तकनीक को उद्योगों और कृषि क्षेत्रों में अनिवार्य किया जाना चाहिए। सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को पारदर्शी एवं कठोर बनाना आवश्यक है।

साथ ही हवा को स्वच्छ करने के लिए अधिक से अधिक पौधे और वृक्ष लगाने होंगे क्योंकि हरित क्षेत्र प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हवा मनुष्य का पहला अधिकार है। जिस शहर की हवा ही सांस लेने योग्य न हो, वह शहर कितना भी विकसित क्यों न दिखाई दे, जीवन के मूल आधार पर असफल माना जाएगा। दिल्ली भारत की राजधानी है और देश की पहचान। यहां स्वच्छ हवा सुनिश्चित करना केवल पर्यावरणीय लक्ष्य नहीं, बल्कि लोगों के स्वस्थ और सुरक्षित जीवन का आधार है। इसका समाधान कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। सरकार, समाज और नागरिक मिलकर यदि ईमानदारी से प्रयास करें तो एक ऐसा दिन जरूर आएगा जब दिल्ली फिर से नीला आसमान देखेगी और बच्चे बाहर खेलते हुए बिना मास्क के सांस ले सकेंगे। जब लोग सुबह की ठंडी हवा को महसूस कर सकेंगे और प्रदूषण का डर केवल इतिहास की बात बनकर रह जाएगा।

# संग्रहण भी करते थे प्राचीन शिकारी

**मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानव. रों (जैसे हिरण या मवेशियों) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।**

उत्तरी यूरेशिया में मिले लगभग 8000 साल पुराने टूटे और जले हुए भोजन अवशेष लगे मिट्टी के बर्तन चीनी मिट्टी के बर्तनों जैसे तो नहीं लगते लेकिन मांस और तरकारी रखने और पकाने की यह टिकाऊ तकनीक इस क्षेत्र में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के लिए एक बड़ा कदम था और हालिया शोध बताता है कि यह तकनीक उन्होंने खुद विकसित की थी।

दरअसल वैज्ञानिक मानते आए थे कि यूरोप में मिट्टी के बर्तनों का आगमन लगभग 9000 साल पहले कृषि और जानव. रों के पालतूकरण के प्रसार के साथ हुआ था। उत्तरी युरोप में मिले लगभग इसी काल के बर्तनों के आधार पर माना जाता था कि यह तकनीक शिकारी-संग्रहकर्ताओं ने अपने अधिाक प्रगतिशील किसान पड़ोसियों से सीखी था, लेकिन नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित एक अध्ययन बिल्कुल अलग कहानी कहता है। लगभग 20,000 साल पहले, सुदूर पूर्वी इलाकों में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के समूहों के बीच मिट्टी के बर्तन बनाने और उपयोग करने के ज्ञान का प्रसार हो चुका था। ये बर्तन तब उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले चमड़े के बर्तनों से अधिक टिकाऊ थे और पकाने में उपयोग किए जाने वाले लकड़ी के बर्तनों की तरह आग में जलते नहीं थे। लगभग 7900 साल पहले तक यूराल पर्वत से लेकर दक्षिणी स्कैंडिनेविया तक मिट्टी के बर्तनों का उपयोग आम हो चुका था। मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल-निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानवरों (जैसे हिरण या मवेशियों) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।

इसके अलावा, बर्तनों पर की गई कलाकारी और बर्तनों के आकार की तुलना करके शोधकर्ता पता लगा सके कि मिट्टी के बर्तनों का प्रसार एक से दूसरे समुदाय में कैसे हुआ। वैसे तो मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए कच्चा माल हर जगह उपलब्ध था, लेकिन उन्हें आकार देने और पकाने जैसा तकनीकी ज्ञान एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित हुआ होगा और साथ ही खाना पकाने की नई तकनीक भी सीखी गई होगी। सारे डैटा को एक साथ रखने पर टीम ने पाया कि उत्तरी यूरेशिया के कुछ हिस्सों में मिट्टी के बर्तन तेजी से फैले थे। कुछ ही शताब्दियों में यह तकनीक कैस्पियन सागर से उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में फैल गई थी। जिस तेजी से इस क्षेत्र में मिट्टी के बर्तन बनाने का ज्ञान फैला, उससे लगता है कि यह ज्ञान लोगों के प्रवास के साथ आगे नहीं बढ़ा बल्कि एक समूह से दूसरे समूह में हस्तांतरित हुआ। ऐसा लगता है एक जगह से दूसरी जगह तक सफर ज्ञान ने किया, लोगों ने नहीं। यदि ऐसा है, तो ये नतीजे हाल ही में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन से विपरीत हैं जो बताता है कि एनातोलिया में यह तकनीक किस तरह से फैली। हालिया जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं कि लगभग इसी समय एनातो. लिया से दक्षिणी यूरोप आए किसान अपने साथ मिट्टी के बर्तन बनाने के तरीके और परंपराएं लाए थे। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस पर अधिक शोध यह जानने में मदद कर सकता है कि वास्तव में यह ज्ञान कैसे फैला। जैसे यदि शिकारी-संग्रहकर्ता समाज पितृस्थानिक थे (जहां महिलाएं शादी के बाद ससुराल चली जाती हैं) तो मिट्टी के बर्तन बनाना महिलाओं द्वारा किया जाने वाला कार्य हो सकता है जो विवाह सम्बंधों के माध्यम से एक गांव से दूसरे गांव तक फैला होगा। बहरहाल, अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि हम जितना समझते थे शिकारी-संग्रहकर्ता उससे कहीं अधिक नवाचारी थे। प्रागैतिहासिक जापान से बाल्टिक सागर के किनारों तक घूमने वाले शिकारी-संग्रहकर्ता लोगों ने अपनी घुमंतु जीवन शैली को छोड़े बिना नई तकनीकों को गढ़ा और अपनाया था वे किसानों का अनुसरण नहीं कर रहे थे बल्कि सर्वथा अलग रास्ते पर आगे बढ़ रहे थे। इस मायने में देखा जाए तो शिकारी-संग्रहकर्ता समाज आविष्कारी समाज था। हालांकि रूस के वैज्ञानिक इस बारे में पहले से जानते थे और इसके अधिकतर साक्ष्य रूसी भाषा में प्रकाशित हुए थे, लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप में खिंच गई अदृश्य दीवार के चलते इस जानकारी से बाकी लोग अनभिज्ञ रहे और बर्तनों का उपयोग किसानों और पशुपालकों की तकनीक माना जाता रहा। 1990 से यह अदृश्य दीवार ढहने लगी थी, पश्चिमी यूरोप और रूस, यूक्रेन व बाल्टिक क्षेत्र के शोधकर्ता संयुक्त अध्ययनों में शामिल होने लगे थे। हालिया अध्ययन भी इसी सहयोग की मिसाल है। यूक्रेन-रूस युद्ध ने इस दीवार को फिर ऊंचा कर दिया है।

**(स्रोत फीचर्स)**

# जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम

कुछ दशकों पहले तक वन्यजीवों पर किया जाने वाला अधिकांश वैज्ञानिक अध्ययन प्राणी संग्रहालयों के कृत्रिम वातावरण में होता था। शोधकर्ता पिंजरों के भीतर पले-बढ़े जानवरो को देखकर जंगली जानवरों के व्यवहार पर निष्कर्ष निकालते। ऐसे समय में, 1960 में मात्र 26 वर्ष की एक युवा महिला अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर तंजानिया के गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व पहुंची। उन्होंने वहां रहकर कठिन परिस्थितियों में जंगल में पले-बढ़े चिम्पैंजियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण शुरू किया। किसी औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के बिना, वे एक ऐसे नए अध्याय की शुरुआत कर रही थीं जिसने आगे चलकर पूरी दुनिया को प्रेरित किया। वह युवती थी जेन गुडॉल, जिनका इस साल दुखद निधन हो गया।

बचपन से ही टारजन और डॉक्टर डूलिटल जैसी किताबें पढ़ने वाली जेन का सपना था अफ्रीका जाना और किताबों के जरिए परिचित हुए अपने पसंदीदा जानवरों के साथ काम करना। उन्हें जानवरों के जीवन को गहराई से समझने और उनके बारे में लिखने की तीव्र इच्छा थी। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए, पैसे बचाए और अथक मेहनत की जो उनके दृढ़ निश्चई होने का प्रमाण है।

**शोध और अध्ययन**

जेन के दीर्घकालीन निरीक्षणों से चिम्पैंजियों के जीवन, सामाजिक संरचना और व्यवहार के बारे में नई जानक. ारी मिली। गुडॉल ने यह सिद्ध किया कि चिम्पैंजियों में भावनाएं होती हैं, वे संवेदनशील होते हैं, जीवनभर टिकने वाले रिश्ते बनाते हैं, समूह में योजनाएं बनाते हैं और जो कुछ सीखते हैं, उसे अगली पीढ़ी को सिखाते हैं। उन्होंने देखा कि चिम्पैंजी केवल शाकाहारी नहीं हैं वे कभी-कभी छोटे बंदरों का शिकार कर मांस भी खाते हैं। उन्होंने यह भी देखा कि चिम्पैंजी औजार बनाकर उनका उपयोग करते हैं। यह मानव विकास को समझने में क्रांतिकारी खोज थी। उनके शोध से यह सिद्ध हुआ कि चिम्पैंजियों के भी मनुष्य की तरह व्यक्तित्व होते हैं। इससे यह धारणा गलत साबित हुई कि जानवर केवल आदत के अनुसार व्यवहार करते हैं। उस समय कई वैज्ञानिक उनके निष्कर्षों से असहमत थे, क्योंकि तब यह विश्वास दृढ़ था कि मनुष्य अन्य प्रजातियों से बिल्कुल अलग है। जेन ने जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया, उन्हें पहचान के लिए संख्या नहीं बल्कि नाम दिए। उस समय यह अवैज्ञानिक माना जाता था, लेकिन शायद इससे उनके निरीक्षण में भावनात्मक गहराई आई। उनमें से एक चिम्पैंजी, डेविड ग्रेबियर्ड, ने सबसे पहले जेन पर भरोसा किया और पास आने दिया। वह अपने समूह का प्रमुख था, जिससे अन्य चिम्पैंजियों ने भी जेन को स्वीकार किया। उसी डेविड ग्रेबियर्ड को जेन ने घास की डंडी की मदद से दीमक निकालते हुए देखा पहली बार यह साबित हुआ कि मनुष्य के अलावा अन्य प्रजातियां भी औजार का उपयोग करती हैं। इस खोज ने मनुष्य और जानवरों के बीच की सीमा रेखा धुंधली कर दी। नेशनल जियॉग्राफिक में प्रकाशित इस खोज ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाई। जेन के अध्ययन ने चिकित्सा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। गॉम्बे के कुछ चिम्पैंजियों में एक खास वायरस



पाया गया, जो मनुष्यों में एड्स उत्पन्न करने वाले वायरस HIV-1 का निकट सम्बंधी है। अध्ययनों में यह भी पाया गया कि SIVcpz से संक्रमित चिम्पैंजियों में CD4+ टी कोशिकाओं की संख्या घटती है, एड्स जैसे लक्षण दिखाई देते हैं और मृत्यु का खतरा 10 से 16 गुना बढ़ जाता है। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि एड्स का उद्भव संभवतः चिम्पैंजी या गोरिल्ला जैसे ऐप में होकर मानव में हस्तातंरण हुआ संभवतः शिकार या मांस काटने के दौरान। इन खोजों की वजह से जेन को आगे के अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता मिली, जिससे उनका प्रारंभिक पांच महीने का प्रोजेक्ट आगे बढ़कर दुनिया का सबसे लंबा वन्यजीव अध्ययन बन गया जो आज भी 60 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है। चिम्पैंजियों के दीर्घ जीवनकाल को देखते हुए, उनका दीर्घकालीन अध्ययन आवश्यक भी था। अब तक इस पर लगभग 300 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। जेन की यात्रा में डॉ. लुईस लीकी का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने जेन की जिज्ञासा और प्रकृति-प्रेम को पहचाना और उन्हें तंजानिया में शोध का अवसर दिया। आगे चलकर, उन्होंने ही जेन को कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी करने का अवसर दिलाया, भले ही उनके पास स्नातक की डिग्री नहीं थी। 1966 में जेन ने गॉम्बे नदी के किनारे संरक्षित क्षेत्र में मुक्त रूप से रहने वाले चिम्पैंजियों के व्यवहार विषय पर पीएचडी पूरी की। उनकी शोध पद्धति, नैतिकता और अनुशासन आज भी आदर्श माने जाते हैं।

पीएचडी के बाद भी जेन का कार्य रुका नहीं। वे गॉम्बे वापस आ गई लेकिन अब उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण था। दुनिया भर में वनों की कटाई और वन्यजीवों के आवासों का विनाश तेजी से बढ़ रहा था। गॉम्बे नेशनल पार्क भी इन चुनौतियों से अछूता नहीं था। मानव हस्तक्षेप और चराई के कारण जानवरों में रोगों का संक्रमण बढ़ रहा था। विशेष रूप से चिम्पैंजियों में, जो अलग-थलग समूहों में रहते हैं और समूह के बाहर जाकर बिरले ही प्रजनन करते हैं। ऐसी स्थिति में जेन के संरक्षण कार्यों का महत्व और बढ़ गया। जेन के इस कार्य व प्रयासों के चलते 1968 में गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया। 1977 में उन्होंने जेन गुडॉल इंस्टिट्यूट की स्थापना की। प्रारंभ में इसका उद्देश्य गॉम्बे प्रोजेक्ट को सहायता देना था, लेकिन आगे चलकर यह संस्था वन्यजीव संरक्षण हेतु 25 देशों में सक्रिय हो गई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इमरान जिंदा हैं या नहीं, बेटे ने सबूत मांगा

## पाकिस्तान में चार दिन से प्रदर्शन, पुलिस ने खैबर सीएम को पीटा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे कासिम खान ने गुरुवार को जेल में बंद अपने पिता के जिंदा होने का सबूत मांगा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नहीं पता है कि इमरान जिंदा हैं या नहीं। कासिम ने एक्स पर लिखा कि उनके पिता को 845 दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पिछले 6 हफ्तों से उन्हें अकेले एक 'डेथ सेल' में रखा गया है।

न तो किसी को उनसे मिलने दिया गया है, न ही कोई फोन काल या मैसेज दिया गया। कासिम ने कहा कि उनकी बुआओं को भी अपने भाई से मिलने नहीं दिया जा रहा है। यह सब किसी सुरक्षा नियम की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर की जा रही कार्रवाई है। सरकार उनके पिता की असली हालत छिपा रही है। वहीं, इमरान खान का समर्थन करने रावलपिंडी की अडियाला जेल पहुंचे खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) राज्य के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को पुलिस ने गुरुवार को सड़क पर गिराकर पीटा। कासिम



■ दावा: सेना के आदेश पर किया गया हमला

ने अपने पिता की रिहाई को लेकर यह पोस्टर गुरुवार को एक्स पर शेयर किया, जिसमें कहा गया है कि इमरान खान को 845 दिन से अवैध हिरासत में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम सोहेल अफरीदी पर हमले की कार्रवाई सेना के आदेश पर की गई। अफरीदी गुरुवार को जिस समय जेल पहुंचे थे वहां भारी सुरक्षा तैनात थी और पीटीआई समर्थकों की भीड़ लगातार बढ़ रही थी। उनके पहुंचने से हालात और बिगड़ गए। पुलिस ने उन्हें और उनके साथ आए नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। धक्का-मुक्की के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीएम को लात-घूंसे भी मारे और जमीन पर गिरा दिया। पीटीआई ने इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया है। सुहैल अफरीदी का कहना है कि सरकार को इमरान खान की सेहत और सुरक्षा को लेकर उठे सभी सवालों के सही जवाब देने होंगे। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे जनता के साथ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अफरीदी ने आरोप लगाया कि सरकार इमरान खान की हालत की सही जानकारी नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इमरान खान को कुछ हुआ तो इसके नतीजे की जिम्मेदारी पूरी तरह मौजूदा सरकार पर होगी। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर तंज कसते हुए कहा कि देश के बिगड़ते हालात के लिए वही जिम्मेदार हैं।

### इमरान की बहन ने किया अदालत का रुख

**लाहौर।** इमरान खान की बहन अलीमा खान ने शुक्रवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) में अडियाला जेल सुपरिटेंडेंट और अन्य के खिलाफ कोर्ट की अवमानना की याचिका दायर की है। अलीमा का कहना है कि उन्हें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलने की इजाजत नहीं दी गई। अलीमा खान ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दूसरे नेताओं की मौजूदगी में याचिका दायर की। याचिका में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के 24 मार्च के आदेश का जिक्र किया गया है, जिसमें कोर्ट ने 73 साल के अलीमा को हफ्ते में दो बार जेल में बंद इमरान खान से मिलने का शेड्यूल शुरू किया था। याचिका में अलीमा ने कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की मांग की है।



नई दिल्ली। महिलाओं से बातचीत के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

### अमेरिका के शांति प्रयासों को लेकर आशावान हूं: पॉल कागामे

**किगाली।** रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे ने गुरुवार को कहा कि वह अफ्रीकी महाद्वीप के मध्य स्थित कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका की ओर से कराए जा रहे शांति समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर आशान्वित हैं। डीआरसी के राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्टों में संकेत दिया गया है कि कागामे और उनके कांगो के समकक्ष फेलिक्स त्सेसीकेदी के बीच यह शांति समझौता दिसम्बर की शुरुआत में वाशिंगटन में हस्ताक्षरित हो सकता है। कागामे ने रवांडा की राजधानी किगाली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते में देरी के लिए रवांडा जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम तो यहां इंतज़ार कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने श्रीलंका के लिए मदद की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका में जान-माल के नुकसान की भरपाई के लिए ऑपरेशन 'सागर बन्धु शुरू' कर तत्काल राहत सामग्री की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका को मदद की पहली खेप भेजी है। डॉ. जयशंकर ने श्रीलंका को राहत सामग्री सौंपे जाने की तस्वीरें साझा करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सागर बन्धु शुरू। आईएनएस विक्रांत और आईएनएस उदयगिरि ने कोलंबो में राहत सामग्री सौंपी।

### बेड़ा निरीक्षण में विक्रांत कर रहा भारत का प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत देश में ही निर्मित फ्रिगेट आईएनएस उदयगिरि के साथ अपनीपहली विदेश यात्रा पर श्रीलंका नौसना द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा निरीक्षण में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा है। श्रीलंका नौसेना ने अपनी 75 वीं वर्षगांठ पर 27 से 29 नवम्बर तक इस समुद्री समारोह का आयोजन किया है। इसमें कई देशों के नौसैनिक पोत, प्रतिनिधिमंडल और पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं।

### रूस-वेनेज़ुएला ने 19 समझौतों पर किए हस्ताक्षर


**मॉस्को।** रूस और वेनेजुएला के प्रतिनिधिमंडलों ने शिक्षा, अनुसंधान, युवा नीति, तेल उत्पादन, शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों को कवर करने वाले तीन समझौतों सहित कुल 19 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक खबर के अनुसार, दोनों देशों ने उच्च स्तरीय अंतर-सरकारी रूसी-वेनेजुएला आयोग की बैठक के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं।

# अमेरिका में अब इंडियन शब्द इस्तेमाल पर रोक!

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दिया फिर विवादित बयान, नेटिव अमेरिकन समूहों ने जताया कड़ा विरोध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ऐसा बयान दे दिया है जिसने नेटिव अमेरिकन समुदायों में नई बहस शुरू कर दी है। ट्रम्प ने दावा किया कि अब इंडियन शब्द का इस्तेमाल करना मानो प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसे इस्तेमाल नहीं कर सकते। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। ट्रम्प ने बातचीत में कहा कि आप 'इंडियन' शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकते। सिर्फ इंडियंस ही चाहते हैं कि आप इसका इस्तेमाल करें।

मैं कभी आपको इसे बदलने के लिए नहीं कहूंगा। यह शब्द ऐतिहासिक गलती से जुड़ा है, जब क्रिस्टोफर कोलं. बस ने सोचा था कि वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा। कुछ जनजातीय सदस्य आज भी इसे अपनाए रखते हैं, जबकि कई इसे नस्लीय और गलत मानकर छोड़ देना चाहते हैं। ट्रम्प पहले भी नेटिव अमेरि. कन समुदायों से जुड़े मुद्दों पर विवादों में रहे हैं। वाशिंगटन की एनएफएल टीम के पुराने नाम रेडस्किन्स को लेकर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया था। 2020 में विरोध और आलोचनाओं के चलते यह नाम हटाकर वाशिंगटन कमांडर्स कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि वह नए स्टेडियम की मंजूरी तभी देंगे जब टीम अपना पुराना नाम वापस ले।



■ ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं
■ जब क्रिस्टोफर कोलंबस ने सोचा था, वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा: डोनाल्ड ट्रम्प

उन्होंने यह भी कहा था कि पुराना नाम टीम के लिए ज्यादा मूल्यवान और ज्यादा रोमांचक होगा। अमेरिकन इंडियन अफेयर्स एसोसिएशन सहित कई समूहों ने ट्रम्प के दावों को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसी टीम मास्काट परंपराओं से नेटिव संस्कृतियों को कार्टून की तरह पेश किया जाता है। समूह का कहना है कि ये नाम और मास्काट हमें सम्मान नहीं देते, बल्कि हमें मजाक बना देते हैं। हम जीवित संस्कृतियाँ हैं, मनोरंजन के साधन नहीं।

कई जनजातीय सदस्यों ने कहा कि ट्रम्प नेटिव पहचान को अपनी राजनी. तिक भाषा में मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जहां अधिकतर समूह उनके बयान का विरोध कर रहे हैं, वहीं नेटिव अमेरि. कन गार्जियन्स एसोसिएशन ने ट्रम्प का समर्थन किया है। इस संगठन ने कहा कि राष्ट्रपति की बात में कामन सेंस है और कुछ नाम व शब्द वापस लाने चाहिए। यह समूह पहले भी टीम नामों को वापस लाने या उसके उपयोग जारी रखने की मांग करता रहा है। ट्रम्प का नेटिव अमे. रिकन समुदायों के साथ विवाद नया नहीं है। 1993 में कांग्रेस के सामने दिए एक बयान में उन्होंने कहा था कि कुछ जनजातियां उन्हें इंडियन जैसी नहीं दिखतीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दावा किया था कि उनके अंदर कई कथित इंडियंस से ज्यादा इंडियन ब्लड हो सकता है। यह बयान तब आया था जब वे नेटिव अमेरिकन गेमिंग लाइसेंस को लेकर चल रही सुनवाई में शामिल थे।

### गरीब देशों के शरणार्थियों को घुसने नहीं दूंगा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, ताकि अमेरिका फिर से मजबूत हो सके। थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज का कोई कानूनी मतलब नहीं है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट के उन देशों के लिए होता है जो लो इनकम या फिर लोअर मिडिल इनकम कैटेगरी में आते हैं। ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में 2 नेशनल गार्ड्स की मौत के बाद गुरुवार को यह ऐलान किया। उन्होंने इस हमले को शरणार्थियों से जोड़कर बताया। ट्रम्प ने कहा कि इमिग्रेशन पालिसी की वजह से देश के लोगों की जिंदगी बदतर हो चुकी है। ट्रम्प ने कहा: जो लोग अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं हैं या जो हमारे देश से सच्चा प्यार नहीं करते, उन्हें भी हटाया जाएगा। ट्रम्प ने इमिग्रेशन पालिसी को और सख्त करने का वादा किया। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने गुरुवार को ऐलान किया था कि अब 19 देशों से आए प्रवासियों की सख्त जांच की जाएगी। ट्रम्प के थर्ड वर्ल्ड देशों के शरणार्थियों को देश में एंट्री बंद करने का ऐलान यूएससीआईएस से भी बड़ा है। यह एजेंसी अमेरिका में प्रवासियों से जुड़े काम देखती है। यूएससीआईएस के डायरेक्टर जोसेफ एडलो ने गुरुवार को कहा था कि यूएससीआईएस अब अफगानिस्तान समेत 19 देशों के उन लोगों की जांच करने जा रही है जिन्हें पहले अमेरिका में परमानेंट रेजिडेंसी (ग्रीन कार्ड) मिल चुकी है। एडलो ने बताया कि इन 19 देशों की सूची ट्रम्प के जून 2025 के एक आदेश में जारी की गई थी, जिसमें इन्हें 'चिंता वाले देश' कहा गया था। यह नई गाइडलाइन 27 नवम्बर से लागू हो गई है।

### यूक्रेन के दूसरे सबसे ताकतवर शख्स के घर छापेमारी

**कीव।** यूक्रेन की एंटी-करप्शन एजेंसियों ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के चीफ आफ स्टाफ एंड्री यरमाक के घर की तलाशी की है। 2025 की शुरुआत में यूक्रेन में जांच एजेंसियों ने 800 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा किया था, जिसमें जेलेंस्की के कई करीबी घिर गए हैं। जेलेंस्की पहले ही दो मंत्रियों को बर्खास्त कर चुके हैं। कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रपति के एक पुराने बिजनेस पार्टनर तिमूर मिनडिच देश छोड़कर भाग चुके हैं। येरमाक को जेलेंस्की का सबसे करीबी सलाहकार हैं। इसलिए उन्हें देश का दूसरा सबसे ताकतवर शख्स कहा जाता है। वे अमेरिका और रूस के बीच पीस डील में यूक्रेन की तरह से बात. चीत कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामले में घिरने के बाद येरमाक पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ता जा रहा है। हालांकि आज तलाशी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि उनकी तरफ से पूरी मदद की जा रही है और वे किसी केस में आरोपी नहीं हैं। जांच एजेंसियों ने देश की परमाणु ऊर्जा फर्म एनर्जोएटम में टेंडर देने के बदले रिश्वत लेने और सरकारी पैसे की हेराफेरी करने के नेटवर्क को पकड़ा है।

# नेपाल ने भारत के 3 इलाकों को अपना बताया

**काठमांडू।** नेपाल ने भारत के साथ पहले से चल रहे सीमा विवाद को और बढ़ा दिया है। उसने अपने नए 100-रुपये के नोट पर जो नक्शा छापा है, उसमें लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है, जबकि ये तीनों इलाके भारत की सीमा के भीतर आते हैं।

भारत ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है और इसे एकतरफा कार्रवाई बताया, जिसमें ऐतिहासिक तथ्यों को नजरअंदाज किया गया है। विद. `श मंत्रालय ने कहा कि ऐसे दावों से सच्चाई नहीं बदलती है। नेपाल को भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। ऐसे दावे

■ 100 रुपये के नोट पर विवादित मैप छापा, भारत बोला: ऐसे दावों से सच्चाई नहीं बदलती

द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करते हैं। ये नोट पर नेपाल राष्ट्र बैंक के पूर्व गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी के साइन हैं और नोट जारी करने का साल 2081 बीएस (2024) लिखा गया है। यह नक्शा नोट के बीच में हल्के हरे रंग में बना है। यह नक्शा सिर्फ 100 के नोट पर है। 10, 50, 500 और 1000 के नोटों पर नहीं। बैंक का कहना है कि पुराने 100 के नोट पर भी नक्शा था, अब उसे सिर्फ सरकारी फैसले के मुताबिक संशोधित किया गया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत गंभीर

## सीने में इन्फेक्शन से जूझ रहीं, बांग्लादेश के पीएम यूनुस बोले: सलामती के लिए लोग प्रार्थना करें

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद गंभीर है। यह जानकारी उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा इस्लाम आलमगीर ने शुक्रवार को दी। 80 साल की खालिदा जिया बीएनपी की अध्यक्ष हैं। वे पिछले कई साल से लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रही हैं।

आलमगीर ने कहा कि कल रात डाक्टरों ने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति बेहद गंभीर है। 23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सीने में इन्फेक्शन हो गया था, जिसका असर उनके दिल और फेफड़ों पर पड़ा। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने खालिदा जिया की बिगड़ती सेहत पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने लोगों से जिया के जल्द ठीक होने के लिए दुआ करने की अपील भी की है।



■ 23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था
■ खालिदा के बेटे तारिक और अन्य पांच आरोपियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी

फिलहाल वे ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती हैं, जहां स्थानीय और विदेशी डाक्टरों की एक टीम उनकी देखरेख कर रही है। खालिदा जिया को लिवर सिरोसिस, हार्ट डिजीज और किडनी की बीमारी है। खालिदा जिया को 8 फरवरी 2018 को ढाका की स्पेशल कोर्ट ने जिया अनाथालय ट्रस्ट के नाम पर सरकारी पैसे का गबन करने के आरोप में 5 साल की सजा सुनाई थी। खालिदा के बेटे तारिक और अन्य 5 आरो. पियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी। इन पर 2.1 करोड़ बांग्लादेशी टका का जुर्माना भी लगा था। तारिक और अन्य 2 आरोपी फरार हो गए थे। जिया ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। इस पर कोर्ट ने 30 अक्टूबर 2018 को सुनवाई करते हुए सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया था। इसके बाद खालिदा ने सजा के खिलाफ लीव-टू-अपील यानी सीधे सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने की अपील की थी। 5 साल तक कानूनी प्रक्रियाओं के चलते इसमें देरी होती रही। शेख हसीना के तख्तापलट के 1 दिन बाद खालिदा जिया को 6 अगस्त 2024 को रिहा किया गया था। इसके बाद वह बेहतर इलाज के लिए लंदन चली गई थीं। 4 महीने वहां रहने के बाद वे 6 मई को देश लौटीं। खालिदा जिया दो बार 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। वह पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान की पत्नी हैं। उनके बड़े बेटे और बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान 2008 से लंदन में रह रहे हैं। वहीं, उनके छोटे बेटे अराफात रहमान का 2025 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

# यूएई ने पाकिस्तानियों को वीजा देना बंद किया

## 70-80 प्रतिशत आवेदन रिजेक्ट हो रहे, अपराध और भीख मांगने की घटनाओं के चलते सख्ती

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया है। यह जानकारी पाक गृह मंत्रालय के अधिकारी सलमान चौधरी ने दी है।

हालांकि जिन लोगों के पास ब्लू और डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है, उन्हें अभी वीजा जारी किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डीएडब्ल्यूएन ने ट्रैवल एजेंटों के हवाले से बताया है कि पहली बार और सिंगल-एंट्री वीजा के 70-80 प्रतिशत आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। हालांकि जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है। डीएडब्ल्यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक लाहौर के रहने वाले 28 साल के नदीम पहली बार घूमने के लिए दुबई जाना चाहते थे, लेकिन उनका वीजा दो बार रिजेक्ट हो गया। ट्रैवल एजेंसी ने वजह बताई कि 40 साल से कम उम्र वाले लोगों की जांच ज्यादा हो रही है। फुल-टाइम नौकरी और बैंक स्टेटमेंट देने के बावजूद वीजा मंजूर नहीं हो रहा। इसके कई युवा परेशान हैं। यूएई और पाकिस्तान के बीच मजबूत राजनीतिक और आर्थिक संबंध हैं, फिर भी वीजा रिजेक्शन का मुद्दा महीनों से चल रहा है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक यूएई ने आधिकारिक तौर पर कोई बैन नहीं लगाया है।



■ जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है

लेकिन पिछले कुछ वक्त से यूएई में अपराध और भीख मांगने की घटनाओं में पाकिस्तानी लोगों का नाम सामने आया है। इसके चलते नए लोगों को वीजा मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यूएई अधिक. ारियों को कई आवेदकों के दस्तावेज संदिग्ध मिले। एआई आधारित सिस्टम में गड़बड़ी पकड़ में आती है तो वीजा तुरंत रिजेक्ट हो जाता है। पाकिस्तानी पासपोर्ट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट में गिना जाता है। अब कई देशों की सख्त वीजा नीतियों और एंट्री बैन ने पाकिस्तानी यात्रियों की दिक्कतें और बढ़ा दी हैं।

# श्रीलंका में दितवा का कहर 56 लोगों की मौत, 21 लापता

**कोलंबो।** चक्रवाती तूफान 'दितवा' ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई है तथा अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 21 लोग लापता और 14 घायल हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार चक्रवाती तूफान से करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए हैं।

श्रीलंका के स्थानीय मीडिया 'डेली मिरर' की रिपोर्ट के मुताबिक लगातार भारी बारिश और तेज हवाओं से कई जिलों में नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने केलानी नदी घाटी के सभी निचले इलाकों में अगले 48 घंटे के भीतर बाढ़ की आशंका जताते हुए राजधानी कोलंबो सहित कई क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा है। देश के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में अत्यधिक बारिश हुई है। कई इलाकों में बारिश की मात्रा 200 से 300 मिलीमीटर दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान का केंद्र त्रिकोमाली से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है और इसके उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की आशंका है। तेज मौसम के चलते रेल विभाग ने शुक्रवार सुबह सभी रेल सेवाएं निलंबित कर दीं। कई क्षेत्रों में सड़कें पेड़ गिरने और जलभराव के कारण अवरुद्ध हैं। तेज बारिश और पेड़ों के गिरने से बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई इलाके पूरे तरह अंधेरे में डूबे हुए हैं। कोलंबो के कई मुख्य मार्गों में आवागमन बाधित है। सेना की 20,500 से अधिक टुकड़ियां राहत और बचाव कार्यों में लगा दी गई हैं।

■ चक्रवाती तूफान ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई, करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108